जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 20 सितम्बर, 2026

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड, जयपुर

RERA No. RAJ/P/2023/2387

# केडिया का कमिटमेंट

FIXED PRICE

## दिसंबर तक 2 करोड़ की होगी कोठी

NO MIDDLE MEN



₹4400/- Sq ft में फ्लैट ! दिसंबर तक 20 लाख रेट बढ़ेगी ₹5600/- Sq ft में कोठी !

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | PRESENT RATE | 30 SEPT. 2026 | 31 OCT. 2026 | 30 NOV. 2026 | 30 DEC. 2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 72 Lacs | 74 Lacs | 76 Lacs | 78 Lacs | 80 Lacs |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 82 Lacs | 84 Lacs | 86 Lacs | 88 Lacs | 90 Lacs |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 90 Lacs | 92.5 Lacs | 95 Lacs | 97.5 Lacs | 1 Cr |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.15 Cr | 1.175 Cr | 1.20 Cr | 1.225 Cr | 1.25 Cr |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.38 Cr | 1.41 Cr | 1.44 Cr | 1.47 Cr | 1.50 Cr |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.80 Cr | 1.85 Cr | 1.90 Cr | 1.95 Cr | 2 Cr |

KEDIA®
1800-120-2323
info@kedia.com
www.kedia.com
78770-72737

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## देश की उपज से बिना केमिकल रिफाइनिंग से बने




दुकान हो या सुपरमार्केट कॉल लगाओ, गाड़ी बुलाओ 1800-120-2727

आटा | दलिया | सूजी | बेसन | सत्तू | दाल | चावल | खड़े, पीसे एवं ब्लेंडेड मसाले | हींग | कुकिंग ऑयल | ड्राई फ्रूट्स | फ्लेवर्ड मखाना | गुड़ | मिश्री | सेंधा नमक | पोहा और चाय सहित कम्प्लीट किचन बास्केट

नजदीकी रिटेलर, सुपरमार्केट और Zepto पर उपलब्ध !

*Conditions Apply* *Visuals for illustration purpose only*

## विचार बिन्दु

**मानव की बहुमुखी भावनाओं का प्रबल प्रवाह जब रोके नहीं रुकता, तभी वह कला के रूप में फूट पड़ता है। –रस्किन**

# आयुर्वेदोक्त भोजन से जरा-व्याधि-मुक्त भारत की परिकल्पना साकार हो सकती है

आयुर्वेद में आहार का विज्ञान बहुत विशाल है जो, रसायन और औषधियों के साथ मिलकर, हमें स्वस्थ रखने और रोगों को दूर करने में मदद करता है। आधुनिक वैज्ञानिक शोध से अब यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि शरीर में फ्री-रेडिकल्स के बढ़ने से होने वाला ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द, यह दो बाते हैं जो अंततः मानव शरीर के नाश का कारण बनती हैं। अतः यदि इन दोनों को नियंत्रित कर लें तो जरा व्याधि से मुक्ति मिल सकती है। शोध से यह भी सिद्ध हो चुका है कि आयुर्वेद-सम्मत भोजन और रसायन यही दोनों काम-एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटीइन्फ्लेमेटोरी कार्य-बेहद मज़बूत तरीके से करते हैं।

वर्ष 2016 का चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जापानी जीवविज्ञानी योशीनोरी ओहसुमी को जिस शोध के लिये मिला है उससे एक संभावना और उभरी है कि आयुर्वेदोक्त भोजन और रसायन, ऑटोफैगी नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देने का कार्य भी करते हैं। ऑटोफैगी एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हमारे शरीर की कोशिकायें स्वयं को खाकर द्रव्यों का पुनर्चक्रण कर लेती हैं। इस प्रक्रिया के बाधित होने पर पार्किनसन और मधुमेह जैसी बीमारियां हो सकती हैं। ऑटोफैगी एक मौलिक प्रक्रिया है जिसका हमारे स्वास्थ्य एवं बीमारियों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण स्थान है।

महर्षि चरक के अनुसार आयुर्वेद के दो मूल उद्देश्य हैं (च.सं., सू.स्था., 30.26): स्वस्थस्य स्वास्थ्यरक्षणम् आतुरस्य विकारप्रशमनम्। अर्थात, स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और पीड़ित व्यक्ति के विकार का शमन। आचार्य सुश्रुत द्वारा दी गयी स्वास्थ्य की परिभाषा के अनुरूप उपयुक्त आहार हमारे शरीर के दोष, अग्नि, धातु, व मलक्रिया को सम करता है एवं प्रसन्नता प्रदान करता है: समदोषः समाग्निश्च समधातु मलक्रियः। प्रसन्नात्मेन्द्रियमनाः स्वस्थइत्यभिधीयते।। (सु.सं.,सू.स्था.,15.41)।जिस व्यक्ति के दोष, अग्नि, धातु, और मल-त्याग सन्तुलित हों, इन्द्रिय, आत्मा एवं मन प्रसन्न हो, वही स्वस्थ कहलाता है। आहार से संतुष्टि, तत्क्षण शक्ति, और संबल मिलता है, तथा आयु, तेज, उत्साह, याददाश्त, ओज, एवं पाचन में वृद्धि होती है: आहारः प्रीणनः सद्योबलकृद्देहधारकः। आयुस्तेजःसमुत्साहस्मृत्योजोऽग्निविवर्द्धनः।। (सु.सं., चि.स्था. 24.68)।

यहाँ भोजन से प्राप्त होने वाला ओज जीने के लिये बहुत महत्वपूर्ण है, जैसा कि आचार्य चरक ने लिखा है-(च.सं., सू.स्था., 17.73-74):बिभेति दुर्बलोऽभीक्ष्णं ध्यायति व्यथितेन्द्रियः। दुश्छायो दुर्मना रूक्षः क्षामश्चैवोजसः क्षये।। हृदि तिष्ठित यच्छुद्धं रक्तमीषत्सपीतकम्। ओजः शरीरे संख्यातं तन्नाशान्ना विनश्यति।।सार यह है कि ओजस के क्षय हो जाने से भय, दुर्बलता, चिंता, अकर्मण्यता, पीड़ा, निरुत्साह, निस्तेज इन्द्रियाँ, शरीर की चमक में फीकापन, मन में दुःख, चेहरे में शुष्कता, और दमदार आवाज में कमी आ जाती है। ओजस हृदय में पाया जाता है और ओजस का नाश होने से शरीर विनष्ट हो जाता है। तथाकथित-व्यंजनों के नाम पर बाज़ार में उपलब्ध कचरा-भोजन या जंक-फूडके भरोसे ओजस का सत्यानाश हो रहा है। साफ़ बात यह है कि यदि हम आयुर्वेद में दी गयी सलाह के अनुसारअपना भोजन लें तो ओजस को नष्ट होने और अंततः शरीर को नष्ट होने से बचा सकते हैं। इस दिशा में सात बातें महत्वपूर्ण हैं।

सबसे पहली बात यह है कि भोजन करने के पूर्व शरीर के समस्त आवेग शान्त हों। मन प्रसन्न व निर्मल हो। अपने स्वाभाविक भोजन-समय से बहुत पहले या बाद में भोजन करना अनुचित रहता है। रात में भोजन नहीं करना चाहिये। आधुनिक विज्ञान में हुये शोध, अनुभवजन्य ज्ञान एवं शास्त्रोक्त विचारों को एकीकृत करते हुये वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह मान लेना उचित होगा कि ग्रीष्मकाल में रात्रि 8.00 बजे, शरदऋतु में 7.00 बजे एवं वर्षा ऋतु में सूर्यास्त के पूर्व ही भोजन करना हितकारी होगा। यथासंभव जमीन पर सुखासन या पालथी लगा कर, अपनों के साथ, प्रसन्न मन से संतुलित, पोषक और स्वादिष्ट भोजन करनेका अपना आनंद है।

दूसरी बात यह है कि भोजन हितकारी, पोषक और संतुलित हो तथा अपनी पाचन शक्ति को देखते हुये ही ग्रहण किया जाये। भोजन में छः रसों-मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त, व कसाय-का होना आवश्यक है। आहार की मात्रा व प्रकार, और इन दोनों के संदर्भ में शरीर की क्षमता, ये तीनों बहुत महत्वपूर्ण संकेतक हैं। उदाहरण के लिये, शालि व साठी चावल, मूंग आदि भले ही शीघ्र पचने वाले होते हैं परंतु इन्हें भी ठूँस-ठूँस कर खा लिया जाये तो पाचन में कठिनाई होती है। इसके विपरीत रोटी, पूड़ी, हलवा, गुड़, चीनी, दूध से बनी रबड़ी, खोवा, तिल, उड़द आदि स्वभाव से गरिष्ठ होते हैं, किन्तु समुचित या अल्प मात्रा में ग्रहण करने पर यह भी पच जाते हैं। लघु या हलके तथा सुपाच्य खाद्य पदार्थ वायु व अग्नि गुण प्रधान होने के कारण पाचकाग्नि को प्रदीप्त करने वाले स्वभाव के होते हैं और इन्हें तृप्तिपूर्वक खा लेने पर भी बहुत अधिक दोष उत्पन्न नहीं होते। किंतु गुरू या गरिष्ठ द्रव्य पृथ्वी तथा सोम गुण की अधिकता होने के कारण अग्नि को उदीप्त नहीं कर पाते, अतः जब तक कठोर व्यायाम से अग्नि-बल बढ़ा न लिया गया हो, तब तक इन्हें तृप्तिपूर्वक खाते ही दोष खड़े होने लगते हैं। अतः गरिष्ठ भोजन खाने से पूर्व अपने अग्नि-बल की हैसियत का खयाल रख लेना चाहिये। आचार्य चरक ने कहा है कि गरिष्ठ भोजन को पेट के आधे भाग की तृप्ति तक ही लेना चाहिये। लघु पदार्थों को भी उचित मात्रा में ही खाना चाहिये, क्योंकि समुचित मात्रा में किया गया भोजन ही हमें बल, वर्ण, सुख तथा आयु प्रदान करता है। पीठी की तरह गूंथे गये आटे व उड़द आदि की पीठी से बना हुआ भोजन भी गरिष्ठ होता है। अतः भोजन करने के पश्चात् पीठी से निर्मित व्यंजन, चावल या चेवड़ा आदि को अत्यल्प मात्रा में ही खाना चाहिये। असल में बहुत तेज भूखे होने पर ही इस प्रकार के खाद्य पदार्थों का लेना उचित रहता है। सुखाई हुई सब्जियाँ, कमल की जड़, कमल की नाल आदि भी गुरू द्रव्य हैं,अतः इनका सेवन भी निरंतर नहीं करना चाहिये। दही या छाछ के साथ दूध को पका कर या फटे हुये दूध से बनाये गये व्यंजन, एवं छैना, दही, उड़द, ज़ई आदि को भी लगातार प्रतिदिन नहीं खाना चाहिये।

**सबसे पहली बात यह है कि भोजन करने के पूर्व शरीर के समस्त आवेग शान्त हों। मन प्रसन्न व निर्मल हो। अपने स्वाभाविक भोजन-समय से बहुत पहले या बाद में भोजन करना अनुचित रहता है। रात में भोजन नहीं करना चाहिये। आधुनिक विज्ञान में हुये शोध, अनुभवजन्य ज्ञान एवं शास्त्रोक्त विचारों को एकीकृत करते हुये वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह मान लेना उचित होगा कि ग्रीष्मकाल में रात्रि 8.00 बजे, शरदऋतु में 7.00 बजे एवं वर्षा ऋतु में सूर्यास्त के पूर्व ही भोजन करना हितकारी होगा। यथासंभव जमीन पर सुखासन या पालथी लगा कर, अपनों के साथ, प्रसन्न मन से संतुलित, पोषक और स्वादिष्ट भोजन करने का अपना आनंद है।**

तीसरी बात यह है कि आयुर्वेद में भोजन व्यक्ति-व्यक्ति की स्थिति, प्रकृति, एवं ऋतुओं के आधार पर तय होता है। उदाहरण के लिये, सूखे मेवे, आलू, टमाटर, सेब, मटर, चना आदि वात को कुपित करते हैं, इसलिये वात प्रकृति के लोगों को इन पदार्थों को कभी-कभार ही लेना चाहये। जबकि मीठे फल, जैसे अंगूर, केला, संतरा, नारियल, व लाल चावल वात प्रकृति के लोगों के लिये लाभकारी हैं। इसी प्रकार अधिक मसालेदार भोजन, मूंगफली का तेल, खट्टे फल, केला, पपीता, टमाटर, लहसुन आदि पित्त दोष को कुपित करते हैं। जबकि, आम, संतरा, नाशपाती, हरी सलाद आदि पित्त दोष को शान्त करते हैं। इसी प्रकार केला, नारियल, खजूर, पपीता, अनन्नास व विभिन्न दुग्ध-उत्पाद कफ को कुपित करते हैं, जबकि सूखे मेवे, अनार, सफ़ेद चावल, अंकुरित अनाज आदि कफ प्रकृति के लोगों के लिये उपयोगी रहते हैं।

चौथी बात, शालिधान्य, गेहूं, जौ, साठी चावल, वनों में मिलने वाले खाद्य, हरड़, आमला, दाख-मुनक्का, परवल, मूंग, खांड, घी, वर्षा का स्वच्छ जल, दूध, मधु, अनार, सैन्धव लवण, और आँखों की ताक़त बढ़ाने के लिये रात में मधु और घी के साथ त्रिफला का सेवन किया जाना चाहिये। इसके साथ ही स्वास्थ्य की रक्षा के लिये या रोगों से मुक्ति के लिये जो भी उपयोगी आहार हो उसे लिया जा सकता है। अनुभव के अनुसार जिन पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य ना बिगड़े या कोई नया रोग उत्पन्न नहीं हो, उन्हें खाया जा सकता है। नियमित भोजन में ऐसे द्रव्यों को भी थोड़ी मात्रा में शामिल किया जा सकता है जो आहार, रसायन और औषधि, तीनों ही प्रकारों में वर्गीकृत हैं। विविध प्रकार व विविध रंगों के स्थानीय मौसमी फल, खजूर, द्राक्षा, मुनक्का, बादाम, तिल, आँवला, लहसुन, सोंठ, कालीमिर्च, पिपली, हल्दी, केसर, जीरा, धनिया, शहद, गुड़, एवं त्रिफला आदि ऐसे द्रव्य हैं जिनका थोड़ा सेवन उपयोगी रहता है। वर्षा से संग्रहित किया हुआ साफ जल ही सबसे उत्तम माना जाता है। भोजन के अंत में पानी पीना हानिकारक है। जरूरी हो तो अत्यल्प मात्रा में ही लेना चाहिये।

पांचवीं बात यह है कि कुछ खाद्य पदार्थ पकाने के बाद देर तक रख देने पर, बासी हो जाने पर या स्वरुप बदल जाने के बाद नहीं खाए जाने चाहिये। सूची तो बड़ी लम्बी है, पर सारांश में देखें तो ठंडा होने पर पुनः गर्म किया हुआ भोजन, सूख जाने के बाद पानी मिलाकर पुनः गीला किया हुआ भोजन व कांसे के पात्र में कई दिनों तक रखा हुआ घी नहीं खाना चाहिये। अधपका, दुर्गन्धयुक्त, जला हुआ, स्वाभाविक रंग से भिन्नया रंग बदला हुये, पानी छोड़ चुके, बहुत नमक-युक्त, या बार बार गरम किया हुआ बासी भोजन खाना हानिकारक है। गरम की हुई शहद, या शहद लेने के बाद गरम पानी पीना, रात्रि में दही या अधिक मिठाई, भोजन के अंत में मीठा और शुरुआत में तिक्त और कटु पदार्थ, गर्म पेय के तुरंत बाद ठंडा जल वर्जित हैं।

छठी बात यह है कि कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे भी हैं जो प्रायः एक दूसरे के साथ नहीं चलते। दही व छाछ के साथ केला; नमक के साथ दूध; गुड, पिप्पली, शहद व कालीमिर्च के साथ पूड़ी; उड़द की दाल के साथ मूली; दही व दूध के साथ मूली; बासी या सूखी मूली; खट्टे फलों के साथ दूध; खीर, खोया, मलाई, व दूध के साथ खिचड़ी और अल्कोहल; खीर के साथ छाछ; दही के साथ खजूर; कमल-ककड़ी के साथ अंकुरित अनाज; शहद के साथ खजूर और दारू; और बराबर मात्रा में घी को शहद के साथ, या शहद, घी, वसा, तेल और जल को एक साथ मिलाकर नहीं खाना चाहिये। शोध में पाया गया है कि ग्रीन चाय के साथ दूध, चाय के साथ लहसुन, अनार-रस के साथ अंगूर-रस, हरे टमाटर और आलू के साथ अल्कोहल नहीं लेना चाहिये।

और अंत में, आयुर्वेद के इतिहास में 5000 वर्षों के दौरान लिखे किये गये अनेकानेक ग्रंथों को खंगाल डालने पर कहीं भी पिज़्ज़ादिवर्ग, बर्गरादिवर्ग, कुर्कुरादिवर्ग, फिंगरचिप्सादिवर्ग, या मैग्यादिवर्ग जैसे आहार द्रव्यों का वर्णन नहीं प्राप्त होता। अतः आयुर्वेद के जन्मदाता समाज के मध्य इनका उपयोग वर्ष में एकाध दो बार स्वाद बदलने के लिये ही किया जाना हितकारी हो सकता है !

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंगप्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# भारतीय स्कूली शिक्षा में एआई: एक नीतिगत, व्यावहारिक और सहयोगात्मक विश्लेषण



प्रोफेसर अशोक कुमार

21वीं सदी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केवल एक तकनीकी प्रगति नहीं, बल्कि एक नए वैश्विक युग की नींव बन चुका है। स्वास्थ्य, कृषि, रक्षा और प्रशासन से लेकर दैनिक जीवन तक में एआई की भूमिका निर्णायक होती जा रही है। ऐसी स्थिति में, भावी पीढ़ी को इस तकनीक से परिचित कराना किसी भी देश के लिए एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य आवश्यकता है। चीन जैसे देशों ने इस दिशा में आक्रामक रुख अपनाते हुए प्राथमिक स्तर से ही एआई और कोडिंग को अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में भी इस प्रकार के सुधारों की महती आवश्यकता है। हालांकि, भारतीय परिदृश्य में इस महत्वाकांक्षी योजना को सीधे लागू करने के बजाय एक संतुलित, चरणबद्ध और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना होगा। यह आलेख तीन मुख्य स्तंभों के इर्द-गिर्द इस विषय का विस्तृत विश्लेषण करता है: स्कूली स्तर पर एआई पाठ्यक्रम की आवश्यकता, इसे शुरुआत में वैकल्पिक बनाने की व्यवहारिकता, और इसके सफल क्रियान्वयन में विश्वविद्यालयों तथा तकनीकी उद्योग की अपरिहार्य भूमिका होनी चाहिए।

जब हम चीन या अन्य विकसित देशों के तकनीकी विकास को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि उनकी सफलता का रहस्य उनके स्कूली पाठ्यक्रम में है। स्कूली स्तर पर एआई मॉड्यूल संचालित करने के तीन प्रमुख दूरगामी लाभ हैं:भविष्य के रोजगार के लिए योग्यता, वर्तमान में पारंपरिक नौकरियों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। आने वाले दशक में डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग और एआई प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसी विधाएं रोजगार के मुख्य केंद्र होंगी। यदि छात्र स्कूली स्तर पर ही इसके बुनियादी सिद्धांतों को सीख लेंगे, तो उच्च शिक्षा में कदम रखते ही वे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने के योग्य हो जाएंगे।

संज्ञानात्मक और तार्किक विकास मे एआई और कोडिंग का शिक्षण केवल कंप्यूटर चलाना सीखने तक सीमित नहीं है। यह छात्रों को समस्याओं को छोटे-छोटे हिस्सों में तोड़ने , पैटर्न की पहचान करने और तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचने की कला सिखाता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में कंप्यूटेशनल थिंकिंग कहा जाता है। नवाचार की संस्कृति प्रारंभिक अवस्था में तकनीक का प्रदर्शन छात्रों के भीतर जिज्ञासा को जन्म देता है। जब बच्चे यह समझ जाते हैं कि तकनीक कैसे काम करती है, तो वे केवल उपभोक्ता न रहकर नए विचारों और समाधानों के निर्माता बनने की ओर अग्रसर होते हैं। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने भी इस आवश्यकता को पहचाना है और कक्षा 6 से कोडिंग व वोकेशनल कोर्सेज की वकालत की है। यह सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन इसे धरातल पर उतारने के लिए गंभीर रणनीतिक योजना की आवश्यकता है।

शुरुआत में वैकल्पिक विषय की व्यवहारिकता एक संतुलित रणनीतिक कदम है !किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था में रातों-रात बड़ा बदलाव लाना आत्मघाती साबित हो सकता है, विशेषकर भारत जैसे देश में जहाँ संसाधनों का भारी अंतर है। इसलिए, शुरुआत में एआई को एक वैकल्पिक या कौशल विषय के रूप में रखना ही सबसे तार्किक और व्यावहारिक मार्ग है। इसके पीछे निम्नलिखित महत्वपूर्ण कारण हैं:–

**बुनियादी ढांचे की असमानता:** भारत के महानगरीय निजी स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में एक बड़ी खाई है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी निर्बाध बिजली, कंप्यूटर लैब्स और हाई-स्पीड इंटरनेट की उपलब्धता एक चुनौती है। यदि एआई को अनिवार्य कर दिया जाए, तो यह ग्रामीण छात्रों पर एक अतिरिक्त और अनुचित दबाव बन जाएगा। वैकल्पिक रखने से स्कूलों को अपने संसाधनों को अपग्रेड करने के लिए आवश्यक समय मिल जाएगा।

प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए एआई जैसे उन्नत विषय को पढ़ाने के लिए सामान्य कंप्यूटर शिक्षकों से आगे सोचना होगा। शिक्षकों को इसके सिद्धांतों, नैतिक पक्षों और व्यावहारिक प्रयोगों का गहन ज्ञान होना चाहिए। यदि इसे तुरंत अनिवार्य किया गया, तो गुणवत्ताहीन शिक्षण का खतरा बढ़ जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत, शुरुआत में कम लेकिन अत्यधिक प्रशिक्षित शिक्षकों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाला शिक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।

**पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मूल्यांकन:** किसी भी नीति को बड़े पैमाने पर लागू करने से पहले उसके पायलट रन की आवश्यकता होती है। जब यह विषय वैकल्पिक होगा, तो शिक्षा विभाग इसके प्रति छात्रों के रुझान, आने वाली व्यावहारिक बाधाओं और परीक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन का सूक्ष्मता से मूल्यांकन कर सकेगा। इस डेटा के आधार पर पाठ्यक्रम में सुधार किया जा सकता है।

मानसिक बोझ से मुक्ति: भारतीय छात्रों पर पहले से ही पारंपरिक विषयों का काफी दबाव रहता है। एआई को स्वैच्छिक या क्रेडिट-आधारित कौशल विषय बनाकर, हम केवल उन छात्रों को आकर्षित कर सकते हैं जिनकी इसमें वास्तविक रुचि है, जिससे यह विषय बोझ न बनकर एक रचनात्मक माध्यम बनेगा। स्कूली स्तर पर एआई जैसे गतिशील विषय को केवल स्कूल के शिक्षकों या पारंपरिक बोर्डों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। इसमें विश्वविद्यालयों और तकनीकी कंपनियों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। इन दोनों क्षेत्रों का समन्वय स्कूली शिक्षा में एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है:– तकनीकी क्षेत्र में बदलाव की गति अत्यधिक तीव्र है। जो तकनीक आज प्रासंगिक है, वह तीन साल बाद अप्रचलित हो सकती है। उद्योग जगत की भागीदारी से पाठ्यक्रम हमेशा आधुनिक और प्रासंगिक बना रहेगा।

संसाधन और सीएसआर जैसी बड़ी टेक कंपनियाँ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ग्रामीण स्कूलों में कंप्यूटर लैब स्थापित करने, मुफ्त एआई सॉफ्टवेयर और कोडिंग टूल्स प्रदान करने में मदद कर सकती हैं।

उद्योग के विशेषज्ञ छात्रों को यह दिखा सकते हैं कि एआई का वास्तविक दुनिया में (जैसे- ट्रैफिक मैनेजमेंट, कृषि पूर्वानुमान या स्वास्थ्य देखभाल में) कैसे उपयोग होता है। इससे छात्रों का दृष्टिकोण व्यापक होगा। उच्च शिक्षा संस्थानों के पास अनुसंधान और शिक्षाशास्त्रका समृद्ध अनुभव होता है। विश्वविद्यालय के प्रोफेसर यह तय करने में मदद कर सकते हैं कि किस आयु वर्ग के बच्चे को कितना ज्ञान दिया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, कक्षा 6 से 8 के बच्चों के लिए खेल-आधारित कोडिंग और एआई के नैतिक पक्षों पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए, जबकि कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए पायथन , डेटा स्क्रैपिंग और बुनियादी मशीन लर्निंग मॉडल का समावेश होना चाहिए। इससे स्कूली शिक्षा और विश्वविद्यालयी शिक्षा के बीच एक सहज संबंध स्थापित होगा। स्कूल से निकलने के बाद छात्र उच्च शिक्षा के उन्नत एआई पाठ्यक्रमों के लिए पूरी तरह तैयार और मानसिक रूप से परिपक्व होंगे।


इस त्रि-आयामी मॉडल का सबसे बड़ा लाभ शिक्षकों को मिलेगा। विश्वविद्यालयों के शोधकर्ता और कंपनियों के इंजीनियर मिलकर स्कूली शिक्षकों के लिए निरंतर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम संचालित कर सकते हैं। इसके अलावा, एक मेंटरशिप कार्यक्रम के तहत, आईटी क्षेत्र के पेशेवर सप्ताह में एक बार स्कूलों में जाकर छात्रों के प्रोजेक्ट्स का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

भारत में एआई मॉड्यूल पर आधारित पाठ्यक्रम की शुरुआत करना देश को ज्ञान-आधारित महाशक्ति बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा। चीन के मॉडल से प्रेरणा लेना सही है, लेकिन उसका अंधानुकरण करने के बजाय हमें अपनी जमीनी हकीकतों को स्वीकार करना होगा।

शुरुआत में इसे वैकल्पिक विषय के रूप में रखना, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, और शिक्षा में उद्योग व उच्च शिक्षा के विशेषज्ञों को शामिल करना ही सबसे सुरक्षित और प्रभावी मार्ग है। इस व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार को एक राष्ट्रीय स्तर की एआई इन स्कूल एजुकेशन टास्क फोर्स का गठन करना चाहिए, जो पाठ्यक्रम निर्माण से लेकर शिक्षक प्रशिक्षण तक की निगरानी करे। जब देश का प्रत्येक छात्र, चाहे वह शहर का हो या गाँव का, समान रूप से और बिना किसी दबाव के इस तकनीक को सीखेगा, तभी डिजिटल इंडिया और विकसित भारत का सपना वास्तव में साकार हो सकेगा।

**–प्रोफेसर अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# लंदन डायरी : विरोध प्रदर्शनों का वैश्विक मंच है लंदन का ट्राफलगर स्क्वायर



लंदन कई बार जाना हुआ। हर बार ट्राफलगर स्क्वायर का भ्रमण करना नहीं भुला। सिद्धार्थ के साथ 10 सितम्बर को एक बार फिर इस ऐतिहासिक स्थान पर पहुंचे। दिल्ली का जंतर-मंतर और लंदन का ट्राफलगर स्क्वायर दोनों ही अपने-अपने देशों में विरोध-प्रदर्शनों, जन-आंदोलनों और नागरिक चेतना के सबसे बड़े प्रतीक हैं। जिस तरह भारत में अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए लोग जंतर-मंतर पर जुटते हैं, उसी तरह ब्रिटेन में नागरिक अपनी बात रखने और वैश्विक मुद्दों पर विरोध जताने के लिए लंदन के ट्राफलगर स्क्वायर को चुनते हैं। दुनिया के कई देशों में दिल्ली के जंतर मंतर की तरह आवाज बुलंद करने वाली जगह हैं। इन स्थानों पर लोग सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने और उसका विरोध जताने के लिए एकत्रित होते है। जैसे ट्राफलगर स्क्वायर लंदन, यूनियन स्क्वायर न्यूयॉर्क, तहरीर स्क्वायर काहिरा। जहां कोई न कोई क्रांति या बदलाव हुआ है। इनमें लंदन का ट्राफलगर स्क्वायर प्रमुख है जो विरोध प्रदर्शनों का एक वैश्विक मंच है। ट्राफलगर स्क्वायर अपनी ऐतिहासिक विरासत लिए धरने,सभा ,रैली और प्रदर्शन के लिए फेमस हैं।

आंदोलनकारियों को लगता है कि सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए यह जगह बेस्ट है। यह जगह 13वीं शताब्दी से ही फेमस है। वैसे यहां लोग घूमने फिरने भी खूब आते हैं। यह चौक दर्शनार्थियों और लंदनवासियों दोनों के लिए ही समान रूप से एक सामाजिक और राजनीतिक स्थल बन चुका है। विश्व में घटित होने वाली विभिन्न,राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों पर यहाँ प्रतिक्रिया स्वरुप लोग पक्ष और विपक्ष में प्रदर्शन और रैली कर अपना समर्थन और विरोध व्यक्त करते है। लंदन में एक तिहाई लोग अन्य देशों के है। इस कारण भी यहाँ प्रदर्शनों की झड़ी लगी रहती है। लंदन में उठने वाली आवाज की गूंज वैश्विक स्तर पर बुलंद होती है। इसका लाभ विरोध प्रदर्शन करने वाले समुदाय को मिलता है। लन्दन का दृश्य प्रस्तुत करने वाले स्थान के रूप में ट्राफलगर स्क्वायर का प्रयोग फिल्मों में अधिकांशतः किया जाता है। इसके आलावा विभिन्न देशों के लोग यहाँ गीत संगीत और नृत्य के कार्यक्रम भी आयोजित करते रहते है।

ट्राफलगर स्क्वायर लंदन का एक चौक है। लन्दन के बीचोंबीच होने के कारण, यह सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र है। यह ब्रिटेन तथा विश्व के प्रसिद्ध चौक स्थलों में से एक है। इसके केंद्र में नेल्सन स्तम्भ है, जो अपने आधार पर स्थित चार शेरों द्वारा सुरक्षित रहता है। इस चौक में प्रतिमाएं और नक्काशीदार मूर्तियां प्रदर्शन के लिए लगी रहती हैं , जिसमे एक चौथा स्तम्भ भी सम्मिलित है जो कि समकालीन कला की कृतियों को प्रदर्शित करता है और उन्हें समय-समय पर बदला भी जाता है। इस चौक का प्रयोग राजनीतिक प्रदर्शनों और सामुदायिक सभाओं के लिए एक स्थल के रूप में भी किया जाता है।

ट्राफलगर स्क्वायर का नाम बैटल ऑफ ट्राफलगर (1805) की स्मृति में रखा गया है जिसमें नेपोलियन के साथ हुए युद्ध में ब्रिटिश नौसेना ने विजय प्राप्त की थी। वास्तव में इसका नाम किंग विलियम द फोर्थ्स स्क्वायर रखा जाना था, लेकिन जॉर्ज लेडवेल टेलर के सुझाव पर इसका नाम ट्राफलगर स्क्वायर रखा गया। ट्राफलगर स्क्वायर का स्वामित्व राजपद के अधिकार के अंतर्गत महारानी को प्राप्त है और इसका प्रबंधन ग्रेटर लन्दन अथॉरिटी द्वारा किया जाता है।

**–बाल मुकुन्द ओझा,**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# भीलवाड़ा के गुंडली गांव में तेंदुए का सुरक्षित रेस्क्यू

**■ उपचार के बाद तेंदुए की स्थिति स्थिर, वन विभाग की निगरानी में उपचार जारी, वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाड़ा तहसील के गुंडली गांव में तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना पर वन विभाग की रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंची और तेंदुए का सुरक्षित रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद तेंदुए को राजकीय पशु चिकित्सालय, भीलवाड़ा ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। इसके पश्चात उसे वन विभाग के रेंज कार्यालय परिसर में लाकर निगरानी एवं उपचार की व्यवस्था की गई।

तेंदुए की चिकित्सकीय स्थिति को देखते हुए कोटा जू की विशेषज्ञ पशु चिकित्सकीय टीम से परामर्श लिया गया। आवश्यक उपचार एवं दवाएं दिए जाने के बाद तेंदुए के वाइटल पैरामीटर्स में सुधार हुआ है और वर्तमान में उसकी स्थिति स्थिर है। आगामी दिन भी विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की निगरानी में उसका चिकित्सकीय परीक्षण एवं उपचार जारी रहेगा।

जिला उपवन संरक्षक मारिया शाइन ने आमजन एवं ग्रामीणों से अपील की है कि वन्यजीव दिखाई देने पर उसके पास जाने, घेरने, पीछा करने, उकसाने अथवा स्वयं पकड़ने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि प्रशिक्षित वनकर्मियों द्वारा वन्यजीव एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वन्यजीव से संबंधित वायरल वीडियो को साझा अथवा प्रसारित नहीं करने की भी अपील की गई है।

## राशिफल रविवार 20 सितम्बर, 2026



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत-2083, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 4:35 तक, सौभाग्य योग दिन 3:23 तक, कौलव करण सायं 5:52 तक, चन्द्रमा आज धनु राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कन्या, चन्द्रमा-धनु, मंगल-कर्क, बुध-कन्या, गुरू-कर्क, शुक्र-तुला, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह

आज रवियोग सम्पूर्ण दिन-रात है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 4:35 से सूर्योदय तक है। आज श्री हरि जयन्ती, चन्द्र नवमी, अदुःख नवमी, तल नवमी है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया–** चर 7:48 से 9:19 तक, लाभ-अमृत 9:19 से 12:21 तक, शुभ 1:31 से 3:22 तक

**राहुकाल–** 4:30 से 6:00 तक, सूर्योदय 6:18, सूर्यास्त 6:23




**मेष**

परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**वृष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज मित्रों/रिश्तेदारों से संबंध खराब हो सकते हैं।




**मिथुन**

परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**कर्क**

स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।




**सिंह**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




**कन्या**

आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन प्राप्ति में विलम्ब हो सकता है। व्यावसायिक परेशानियां अभी बनी रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।




**तुला**

तुलाः परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**वृश्चिक**

स्वास्थ्य संबंधित परेशानी से राहत मिलेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**मकर**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कुंभ**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**मीन**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



**The Sixty-Year-Old Jet That Slipped ...** The irony became impossible to ignore. The "museum jet" survived long enough to strike its target. America's advanced fighters did not

**International Day of University Sport**

**The Education of the Children of Clovis**

# कांग्रेस के जैन ज़ी अभियान को लगा करारा झटका

## दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एनएसयूआई का सूपड़ा साफ। छात्र संघ अध्यक्ष सहित तीन पदों पर एबीवीपी और एक पद पर निर्दलीय प्रत्याशी ने जीत दर्ज की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 सितंबर। कांग्रेस को एक बड़ा झटका देते हुए, आरएसएस के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2026 में चार में से तीन पदों पर जीत हासिल कर ली, जबकि एक निर्दलीय उम्मीदवार ने उपाध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। एनएसयूआई सभी पदों पर हार गई।

- **अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के यश डबास ने 24,576 वोट लिए और एनएसयूआई के विजय शंकर मीणा (22,523 वोट) को हराया। सचिव तथा संयुक्त सचिव पद भी एबीवीपी के खाते में गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय दीपांशु शोकीन ने एबीवीपी और एनएसयूआई को हराया है।**
- **यश डबास ने अपनी जीत का श्रेय संघ की सामूहिक ताकत को दिया और कहा कि यह सद्भाव तथा देश प्रेम की जीत है।**

कड़े मुकाबले वाले चुनाव में एबीवीपी के यश डबास 24,576 वोट हासिल कर अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने एनएसयूआई उम्मीदवार विजय शंकर मीणा को हराया, जिन्हें 22,523 वोट मिले।

एबीवीपी की रिया चावड़ी ने एनएसयूआई की अपनी प्रतिद्वंदी नम्रता चौधरी को हराकर सचिव पद हासिल किया।

संयुक्त सचिव पद के लिए, एबीवीपी, एनएसयूआई और एससीबी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिला। एबीवीपी के लक्ष्यराज सिंह विजयी रहे।

निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शोकीन ने एबीवीपी के अपने प्रतिद्वंदी इशु मौर्य को हराकर उपाध्यक्ष पद जीत लिया। एनएसयूआई उम्मीदवार वीर चतरथ काफी अंतर से पिछड़ कर तीसरे स्थान पर रहे।

अध्यक्ष पद जीतने वाले यश डबास ने कहा कि यह सद्भाव, देशभक्ति और संघ की सामूहिक ताकत की जीत है।

उन्होंने कहा, "पीयू से लेकर डीयू तक के संस्थानों के छात्रों ने हमारी जीत सुनिश्चित करने के लिए काम किया है। कैंपस से एनएसयूआई का पूरी तरह सफाया हो गया है, वह 4-0 से हार गई।"

डबास ने कहा कि हाल में सत्य निकेतन पीजी के ढहने की घटना के मद्देनज़र उनका पैनल हर पीजी और हॉस्टल का सुरक्षा ऑडिट सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा, "हमारी प्राथमिक चिंता यह सुनिश्चित करना होगी कि हर पीजी और हॉस्टल का सुरक्षा ऑडिट किया जाए। हम सभी ने सत्य निकेतन में हुई दुर्घटना देखी है, हम नहीं चाहते कि भविष्य में ऐसी घटना किसी के साथ हो और यही हमारी पहली प्राथमिकता होगी, हर कॉलेज, हॉस्टल और पीजी का सुरक्षा ऑडिट कराना।

# कर्नाटक में अमित शाह का स्वास्थ्य बिगड़ा

हुब्बली, 19 सितंबर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की शनिवार को कर्नाटक के हुबली स्थित एक निजी होटल में तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उनके साथ आई डॉक्टरों की टीम होटल में ही उनका उपचार कर रही है। यह जानकारी पार्टी सूत्रों ने दी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, स्वास्थ्य में अचानक गिरावट, के बाद, डॉक्टरों ने अमित शाह को करीब दो घंटे आराम करने की सलाह दी है। इस बीच धारवाड़ के जिलाधिकारी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भुवनेश पाटील ने अमित शाह के ठहरने वाले निजी होटल का दौरा किया।

- **डॉक्टरों की सलाह पर कुछ घंटे आराम के बाद वे दिल्ली रवाना हो सकते हैं।**

डॉक्टरों की सलाह के अनुसार, आराम करने के बाद अमित शाह के सीधे दिल्ली रवाना होने की संभावना है। तबीयत खराब होने के कारण शनिवार को उनके निर्धारित कार्यक्रम भी रद्द कर दिए गए।

अमित शाह शुक्रवार देर रात विशेष विमान से दिल्ली से हुबली हवाई अड्डे पहुंचे थे। इसके बाद वे एक निजी होटल में ठहरे हुए थे। शनिवार को अमित शाह को केएलई संस्था के नवनिर्मित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कांग्रेस से अलग तीसरा मोर्चा बनाने की तैयारी में है डीएमके

## डीएमके नेता कनिमोई ने विभिन्न क्षेत्रीय दलों के नेताओं के साथ मीटिंग कीं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। कांग्रेस को बाहर रखते हुए, तीसरे मोर्चे की संभावनाएं तलाशने के प्रयासों को उस समय और बल मिला, जब द्रमुक नेता तथा लोकसभा सांसद कनिमोई करुणानिधि ने प्रमुख क्षेत्रीय नेताओं के साथ एक के बाद एक बैठकें कीं।

- **डीएमके सांसद कनिमोई, शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, एनसीपी नेता शरद पवार और सुप्रिया सुले तथा पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के साथ मीटिंग्स कर चुकी हैं।**
- **मई 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन देने के बाद से ही डीएमके और कांग्रेस के रिश्ते में खटास आ गई है।**

कनिमोई ने पिछले सप्ताह मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से उनके आवास "मातोश्री" पर मुलाकात की। बैठक में शिवसेना (यूबीटी) के सांसद भी मौजूद थे। बातचीत में परिसीमन विधेयक को हराने, "इंडिया" ब्लॉक के भविष्य और विपक्ष में क्षेत्रीय दलों की भूमिका पर चर्चा हुई। इसके बाद उन्होंने दिल्ली में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार और उनकी बेटी, लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले के साथ अलग-अलग बातचीत की। गुरुवार को कनिमोई ने कोलकाता में पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी से उनके कालीघाट स्थित आवास पर एक घंटे से अधिक समय तक मीटिंग की। हालांकि इन दलों का कहना है कि मुलाकातों में क्षेत्रीय आवाजों को मजबूत करने तथा परिसीमन और जातीय जनगणना जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई, लेकिन मुलाकातों के इस सिलसिले ने क्षेत्रीय ताकतों के एक व्यापक मंच की संभावना से संबंधित अटकलों को हवा दी है।

यह संपर्क डीएमके-कांग्रेस संबंधों में आई तेज गिरावट की पृष्ठभूमि में हो रहा है। मई 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस डीएमके के नेतृत्व वाले "सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस" से बाहर हो गई थी और टीवीके सरकार को समर्थन दे दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# निकाय चुनाव में भजनलाल की रणनीति पर खुलकर अमल हुआ

## मुख्यमंत्री ने चुनाव का मोर्चा खुद संभाला, बड़े नेताओं को संभागवार जिम्मेदारी देकर नियमित फीडबैक लिया

जयपुर, 19 सितंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मजबूत रणनीति और नेतृत्व से प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिससे नगर निगम, नगर परिषद और नगरपालिकाओं में कमल खिला। मुख्यमंत्री की अगुवाई और मार्गदर्शन में मिशन मोड पर यह चुनाव लड़ा गया। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष और विभिन्न मुख्यमंत्रियों ने राजस्थान में भाजपा के दमदार प्रदर्शन और जीत पर मुख्यमंत्री की रणनीति को सराहा और उनकी प्रशंसा की।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्वयं मैदान में उतर कर 10 नगर निगमों में रोड शो किए। परिणाम आने के बाद भाजपा पार्षदों को एकजुट रखा तथा निर्दलियों को साध कर पार्टी को शानदार जीत दिलाई।**

मुख्यमंत्री ने निकाय चुनाव में टिकट वितरण में पार्टी और संगठन को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने खुद चुनाव का मोर्चा संभाला तथा बड़े नेताओं को संभागवार जिम्मेदारी दी और प्रतिदिन फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने स्वयं चुनावी मैदान में उतरकर 10 नगर निगमों में रोड शो किए। निकाय चुनाव के परिणामों के बाद सभी पार्षदों को एकजुट रखा और निर्दलीयों को साधा।

मुख्यमंत्री की इस रणनीति से कांग्रेस की जीत के दावे और उनकी पिक्चर फ्लॉप शो साबित हुई। उनकी अगुवाई में भरतपुर और डीग जिले की 90 प्रतिशत नगरपालिकाओं में भाजपा ने अपना बोर्ड बनाने में सफलता हासिल की और भरतपुर नगर निगम में भी निर्विरोध कमल खिलाया। जयपुर में लगातार सातवीं बार नगर निगम में भाजपा का बोर्ड बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने एक बार फिर अपना निर्विवाद नेतृत्व साबित किया है।

राजस्थान में इस बार सभी 10 नगर निगम, 47 नगर परिषद सहित, 252 नगर पालिकाओं में चुनाव एक साथ हुए हैं। इन निकायों में दमदार जीत सरकार के ढाई साल के काम पर जनता की मोहर है। इससे पहले, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुए चुनाव में पिछले साल 7 में से 5 उपचुनाव में भाजपा जीती थी।

जयपुर के चारदीवारी क्षेत्र में मुख्यमंत्री के रोड शो ने राजधानी की जीत में अहम भूमिका निभाई। परकोटे से ही भाजपा के मेयर पद के प्रत्याशी सुनील कोठारी जीते हैं। मुख्यमंत्री ने रोड शो में परकोटे के लोगों को स्पष्ट संदेश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आरएसएस के खिलाफ बयान नहीं देने का आश्वासन नहीं दिया खड़गे ने

नई दिल्ली, 19 सितंबर। राउज एवेन्यू कोर्ट के सेशंस कोर्ट में शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरएसएस के खिलाफ कोई भी मानहानिकारक बयान नहीं देने का लिखित वचन देने से इनकार कर दिया। स्पेशल जज रुबी नीरज कुमार ने मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को करने का आदेश दिया।

- **शिकायतकर्ता ने अदालत से कहा था कि खड़गे लिखित आश्वासन दें तो वे याचिका वापस ले सकते हैं।**

सुनवाई के दौरान, शिकायतकर्ता रवीन्द्र कुमार गुप्ता की ओर से कहा गया कि वे याचिका वापस लेना चाहते हैं, बशर्ते मल्लिकार्जुन खड़गे इस आशय का लिखित वचन दें कि वे आरएसएस के बारे में अपमानजनक टिप्पणी नहीं करेंगे। तब मल्लिकार्जुन खरगे की ओर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# ट्रंप ने रूस से तेल लेने वाले देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने के कानून पर साइन किए

## इस कानून के दायरे में आने वाले देशों में भारत और चीन प्रमुख हैं

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 19 सितंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक पर हस्ताक्षर कर उसे कानून बना दिया है। इससे रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का रास्ता साफ हो गया है और भारत तथा चीन पर भी खतरा मंडराने लगा है।

- **अगर ट्रंप भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं तो भारत पर कुल अमेरिकन टैरिफ 110 प्रतिशत हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि अमेरिका "फोर्स्ड लेबर" से बने सामान के आयात को रोकने के लिए 10 प्रतिशत टैरिफ पहले ही लगा चुका है।**
- **नए कानून के तहत रूस के सामान पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है।**
- **इस कानून के तहत जिन देशों पर टैरिफ लगाया जा सकता है, उनमें भारत व चीन के अलावा संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किए, सिंगापुर, अज़रबैज़ान, हंगरी, किर्गिस्तान, स्लोवाकिया व कज़ाखिस्तान शामिल हैं।**

ट्रंप की इस मंजूरी के दो दिन पहले रिपब्लिकन पार्टी के नेतृत्व वाले हाउस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव्ज़ ने 262-159 वोटों से इस व्यापक प्रतिबंध विधेयक को पारित किया था।

इस कानून का उद्देश्य उन वित्तीय संसाधनों को कम करना है, जो यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को जारी रखने में मदद करते हैं। यह कानून रूसी अधिकारियों, बैंकों, ऊर्जा क्षेत्र और मॉस्को के सैन्य अभियानों का समर्थन करने वाली विदेशी संस्थाओं को निशाना बनाता है। यह कानून ट्रंप को रूस के साथ कारोबार करने वाले देशों पर टैरिफ लगाने का अधिकार देता है, ताकि उनकी रूसी तेल और गैस पर निर्भरता कम की जा सके।

हाउस ऑफ रिप्रैज़ैन्टेटिव्ज़ की वेज़ एंड मीन्स कमेटी के अनुसार, इस कानून में रूसी वस्तुओं पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है। इसमें उन देशों से आने वाली वस्तुओं पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का भी प्रावधान है, जो रूस से तेल और गैस खरीदने से जुड़े प्रावधानों के दायरे में आते हैं। इनमें रूस से बड़ी मात्रा में ऊर्जा आयात करने वाले प्रमुख देश और तेल पर लगे प्रतिबंधों से बचने में मदद करने वाले मुख्य देश शामिल हैं।

डेमोक्रेटिक सांसद स्टेनी होयर की ओर से पेश किए गए एक संशोधन में 10 देशों-चीन, भारत, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये, सिंगापुर, अजरबैजान, कजाखस्तान, हंगरी, किर्गिस्तान और स्लोवाकिया, के नाम स्पष्ट रूप से शामिल करने की मांग की गई थी, ताकि ये देश बिल के सैकेंडरी टैरिफ प्रावधानों के तहत 100 प्रतिशत तक टैरिफ के दायरे में आ सकें।

हालांकि, यह संशोधन अपने आप में भारत पर 100 प्रतिशत ड्यूटी नहीं लगाता है।

अगर ट्रंप अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने का फैसला करते हैं, तो भारत पर यह टैरिफ लगाया जा सकता है।

अगर ट्रंप भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाते हैं, तो यह उस 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त होगा, जो अमेरिका फिलहाल नई दिल्ली से होने वाले आयात पर लगाता है। यह टैरिफ जबरन मजदूरी (फोर्स्ड लेबर) से बने सामान के आयात को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाने पर जुर्माने के तौर पर लगाया गया है।

हालांकि, नए टैरिफ का भारतीय निर्यात पर वास्तविक असर तभी आंका जा सकेगा, जब अमेरिका टैरिफ की दरों की घोषणा करेगा।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंदिरा गांधी इन्टरनैशनल एयरपोर्ट पर तीसरा रनवे शुरू

दिल्ली, 19 सितंबर। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का तीसरा रनवे (11आर/29एल) रविवार से विमानों के परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक निरीक्षण, परीक्षण और नियामकीय मंजूरियां प्राप्त हो चुकी हैं।

- **इससे यात्रियों को उड़ानों में देरी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।**

इस रनवे के पुनर्वास का कार्य फरवरी 2026 में शुरू किया गया था। इस दौरान रनवे को अधिक मजबूत बनाने के साथ-साथ सुरक्षा, परिचालन क्षमता और भविष्य की सभी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण आधुनिकीकरण के कार्य किए गए हैं।

रनवे के दोबारा शुरू होने से एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही पहले से कहीं अधिक सुचारु होगी और परिचालन दक्षता में भी उल्लेखनीय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गहन मंथन के बाद भाजपा ने सुनील कोठारी का नाम तय किया

## औपचारिक घोषणा के बाद कोठारी ने पार्टी नेताओं की मौजूदगी में नामांकन भरा

जयपुर, 19 सितंबर। जयपुर नगर निगम के महापौर चुनाव को लेकर कई दिनों से चल रही सियासी हलचल शनिवार को नामांकन के आखिरी दिन एक नए मोड़ पर पहुंच गई। भाजपा ने तमाम मंथन और पार्षदों की रायशुमारी के बाद आखिरकार वार्ड 112 के पार्षद और पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष सुनील कोठारी को अपना प्रत्याशी बनाया। दूसरी ओर कांग्रेस ने आखिरी समय तक चले मंथन के बाद वार्ड 118 की पार्षद सुनीता महावर को मैदान में उतारा। दोनों पक्षों के नामांकन के साथ महापौर चुनाव की राजनीतिक तस्वीर सामने आ गई। हालांकि, कांग्रेस की ओर से सुनीता मेठी और दशरथ अटल के नाम से भी नामांकन दाखिल हुए हैं, जिनकी स्थिति नामांकन पत्रों की जांच के बाद साफ होगी।

150 सदस्यीय नगर निगम में भाजपा के 78, कांग्रेस के 57 और अन्य पार्षदों में निर्दलीय तथा एआईएमआईएम का एक पार्षद शामिल हैं। हालिया उपचुनाव के बाद कांग्रेस की संख्या 57 हुई है। भाजपा के पास बहुमत का आंकड़ा है, जबकि कांग्रेस ने बहुमत से कम संख्या के बावजूद प्रत्याशी उतारकर मुकाबले को चुनावी रूप दिया है।

भाजपा ने महापौर प्रत्याशी के चयन को लेकर अंतिम समय तक पत्ते नहीं खोले। शुक्रवार को पार्टी ने अपने पार्षदों से पसंद के तीन-तीन नाम लिए और इसके बाद पार्षदों को पुष्कर के होटल में रखा गया। पार्टी के भीतर सुनील कोठारी के अलावा पुनीत कर्णावट, विमल अग्रवाल, शैलेंद्र भार्गव और अन्य नामों को लेकर चर्चा चलती रही। शनिवार को नामांकन का समय नजदीक आने के साथ भाजपा में अंतिम दौर का मंथन शुरू हुआ और कोठारी के नाम पर सहमति बनी।



प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने करीब 1:44 बजे कोठारी के नाम की आधिकारिक घोषणा की। इसके बाद कोठारी को जयपुर लाया गया और पार्टी नेताओं की मौजूदगी में निगम मुख्यालय पर नामांकन दाखिल कराया गया। उनके साथ सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंद आचार्य, पूर्व महापौर अशोक लाहोटी, जयपुर शहर जिलाध्यक्ष अमित गोयल सहित कई नेता और पार्षद मौजूद थे।

- **जयपुर महापौर पद के एक अन्य दावेदार, पुनीत कर्णावट, सुनील कोठारी के नामांकन के दौरान साथ नज़र आए।**
- **भाजपा के मुकाबले कम पार्षद होने के बावजूद कांग्रेस ने सुनीता महावर का नामांकन महापौर के लिए भरवाया।**

भाजपा में महापौर पद के लिए कोठारी के साथ-साथ पूर्व उपमहापौर पुनीत कर्णावट सहित कई नामों पर चर्चा थी। कर्णावट भी प्रमुख दावेदारों में बताए जा रहे थे। कोठारी के नाम की घोषणा के बाद कर्णावट उनके साथ नामांकन के दौरान नज़र आए और उन्होंने कहा कि उन्हें किसी प्रकार का मलाल नहीं है तथा वे कोठारी के साथ हैं।

नामांकन दाखिल करने के बाद सुनील कोठारी मोती डूंगरी गणेश मंदिर गए और दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने निगम परिसर में स्थित गणेश प्रतिमा के सामने भी शीश नवाया। निगम परिसर के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भीड़ लगी रही। समर्थकों ने कोठारी के समर्थन में नारे लगाए।

कोठारी ने नामांकन के बाद पार्टी नेतृत्व और जयपुर की जनता का आभार जताते हुए कहा कि शहर की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर करने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

भाजपा के पास 78 पार्षद होने के बावजूद पार्टी नेताओं ने निर्दलीय पार्षदों के समर्थन का दावा करते हुए 100 से ज्यादा वोट मिलने की बात कही। विधायक कालीचरण सराफ ने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ लोग भाजपा के संपर्क में हैं और क्रॉस वोटिंग हो सकती है। वहीं कांग्रेस की ओर से भी भाजपा के कुछ पार्षदों के संपर्क में होने का दावा किया गया है। कांग्रेस विधायक रफीक खान ने कहा कि मेयर चुनाव में पार्टी को समर्थन मिलने की उम्मीद है। दोनों दलों के इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।यानी संख्या के स्तर पर दोनों दलों की स्थिति अलग है, लेकिन मतदान तक पार्षदों की वास्तविक रणनीति और मतदान का रुख सामने नहीं आएगा।

# चार हाईकोर्ट्स में 14 जजों की नियुक्ति

नई दिल्ली, 19 सितंबर। सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम की सिफारिश पर केन्द्र सरकार ने दिल्ली समेत चार हाई कोर्ट में शनिवार को 14 जजों को नियुक्त किया।

कानून मंत्रालय की अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, दिल्ली हाई कोर्ट में दो जज और पांच अतिरिक्त जज नियुक्त किए गए हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट में एक जज नियुक्त किया गया है।

- **दिल्ली हाईकोर्ट में सर्वाधिक दो जज व 5 अतिरिक्त जज नियुक्त किए गए हैं।**

झारखंड हाई कोर्ट में तीन जजों और कर्नाटक हाई कोर्ट में तीन अतिरिक्त जजों की नियुक्ति की गई है। न्यायिक अधिकारी और वरिष्ठ वकील5 को हाई कोर्ट में जज नियुक्त किया जाता है। अतिरिक्त जजों की नियुक्ति आमतौर पर दो वर्षों के लिए की जाती है, जिसके बाद अतिरिक्त जजों को स्थायी जज के रूप में पदोन्नत किया जाता है।

## संक्षिप्त

### पावटा में भव्य दुर्गा महोत्सव मनाएंगे

पावटा। दुर्गा वाहिनी, पावटा की ओर से भव्य दुर्गा महोत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमी लोगों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम का आयोजन 27 सितंबर, रविवार को शाम 7 बजे से आदर्श विद्या मंदिर, पावटा में किया जाएगा। आयोजन में मां दुर्गा की आराधना के साथ भक्ति, संस्कृति एवं धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। दुर्गा वाहिनी की ओर से क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर मां दुर्गा के आशीर्वाद एवं भक्ति-सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनने का आ ान किया गया है। आयोजकों ने बताया कि दुर्गा महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

### कानू खान का भव्य स्वागत

देवली (निस) वक्फ बोर्ड कमेटी के पूर्व चेयरमैन कानू खान का भव्य स्वागत किया । देवली में वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन कानू खान बुधवानी एवं सहायक असरार अहमद कुरैशी और हिंदुस्तान टाइम्स के एमडी सचिन का बूंदी से जयपुर जाते वक्त देवली स्थित होटल सूर्या महल में भव्य स्वागत किया गया है ।

### 'व्यक्तित्व विकास के लिए खेल जरूरी'

**मनोहरपुर**। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोड़ी मनोहरपुर (शाहपुरा) में 70 वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता सत्र 2026-27 का भव्य आयोजन होने जा रहा है।विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं प्रतियोगिता संयोजक मदन लाल रैगर ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 20 सितंबर 2026, रविवार को प्रात: 10 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।


**सूचना**

मैं राजूलाल स्वामी पुत्र श्री रामनारायण स्वामी निवासी भैराणा बिचून जिला जयपुर ट्रेक्टर संख्या RJ14RA4442 चैसिस नम्बर 59437 है को मेरे नाम करवाना चाहता हूं किसी को आपत्ति हो तो जिला परिवहन कार्यालय जयपुर में आपत्ति पेश करें।
राजूलाल स्वामी

**सूचना**

मैं मांगीलाल यादव पुत्र श्री छोटूलाल यादव निवासी निमेडा तह.फागी जिला जयपुर ट्रेक्टर संख्या RJ14RA6770 को मेरे नाम करवाना चाहता हूं किसी को आपत्ति हो तो जिला परिवहन कार्यालय जयपुर में आपत्ति पेश करें।
मांगीलाल यादव

**नाम परिवर्तन**

मैं. मोहम्मद बिलाल अंसारी निवासी 3 पठानों की बगीची, ब्रह्मपुरी, जयपुर घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट संख्या P0838971 मैं मेरा नाम बेलाल अहमद दर्ज है, जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद बिलाल अंसारी है। भविष्य में मुझे मोहम्मद बिलाल अंसारी के नाम से जाना जाना जाए।


मै नाथूलाल सेडूराम कुमावत (Nathulal Seduram Kumawat) उर्फ़ नाथूलाल कुम्हार (Nathu Lal Kumhar) पुत्र श्री सेडूराम कुमावत, निवासी ग्राम नांगल नाथूसर, जिला सीकर (राजस्थान), घोषित करता हूँ कि नाथूलाल सेडूराम कुमावत एवं नाथूलाल कुम्हार दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे नाथूलाल सेडूराम कुमावत के नाम से जाना-पहचाना जाए।

मैंने मेरा नाम खैरुनिशा (Khairunisha) (पुराना पत्ता- गांगियासर, झुन्झुन्) से बदलकर खैरुन्निसा बानो (Khairunnisa Bano) पत्नी श्री तहसीम खान (नया पत्ता- 132, साउथ वेस्ट पार्ट रघुनाथपुरी, झोटवाडा, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे खैरुन्निसा बानो नाम से जाना पहचाना जावे।

मैंने अपना नाम सुशांत मधोगरिया से बदलकर सुशांत अग्रवाल कर लिया है। भविष्य में मुझे सभी कार्यों एवं अभिलेखों में केवल सुशांत अग्रवाल पुत्र श्री निर्मल कुमार मधोगरिया, निवासी जाए 4-BHA-15, जवाहर नगर, जयपुर, के नाम से जाना जाए।

I have changed my name from brij Mohan gurjar to Brijmohan gurjar r/o 77/81 rhb pratap nagar sanganer Jaipur

**नम्बर मिलाइए 8890333139**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# भरतपुर : अभियान में साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताएं

भरतपुर (निसं)। महानिदेशक पुलिस साइबर क्राईम एवं तकनीकी सेवांए, राजस्थान जयपुर के द्वारा चलाये जा रहे अभियान "साइबर सुरक्षित राजस्थान" सितम्बर माह 2026 के तहत जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर राजेश कुमार मीणा एवं नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) भरतपुर के निर्देशन में

■ भरतपुर में साइबर सुरक्षित राजस्थान, अभियान का आयोजन किया गया

पीएनबी मण्डल कार्यालय भरतपुर में सहायक पुलिस अधीक्षक (शहर भरतपुर) आसिमा वासवानी की अध्यक्षता में मर्रिपाटी नागा भरत आईपीएस एवं पुरूषोत्तम महेरिया उप पुलिस अधीक्षक, प्रोग्रामर विजय सोनी, साइबर क्राइम भरतपुर, के द्वारा पीएनबी मण्डल कार्यालय भरतपुर में साईबर अपराध जागरूकता की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमोद कुमार मण्डल प्रमुख पीएनबी, मूलक सिंह डायरेक्टर पीएनबी आरसेटी की उपस्थिति में विभिन्न समूहो में टेनिंग ले रही महिलाओं को साइबर फ्रॉड तथा साइबर फ्रॉड होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया सहित विभिन्न साईबर पोर्टलों के बारे में विस्तार के साथ अवगत करवाया गया।




भरतपुर जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर राजेश कुमार मीणा की मौजूदगी में साइबर अपराध पर गोष्ठी का आयोजन किया।

### टीबी रोगी को पोषण किट बांटे

**देवली** (निस )। शहर में विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026 के तहत टीबी रोगी को पोषण किट वितरित किए गए हैं । यहां विकसित भारत जन सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत पंचायत समिति देवली,में टीबी रोगियों को पोषण सहयोग प्रदान करने की पहल के तहत पोषण किट वितरित किये गये । जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में ब्लॉक विकास अधिकारी देवली बलराम मीणा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। प्रमुख चिकित्सा प्रभारी डॉ. रविराज सिंह, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर रणजीत सिंह एवं ब्लॉक डॉट्स सुपरवाइजर खेमराज चौधरी ने शिविर के दौरान टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में आए लोगों को टीबी के प्रमुख लक्षण, जांच, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि लंबे समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना, रात में पसीना आना आदि लक्षण होने पर समय पर जांच करवाना आवश्यक है। उपस्थित लोगों से टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों को जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने तथा टीबी मुक्त भारत अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की गई।

## सार-समाचार

### पावटा में चिकित्सकों व रक्तदाताओं से 16 यूनिट रक्त एकत्रित



**पावटा।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार विकसित भारत जनसेवा अभियान के तहत उपजिला अस्पताल पावटा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों एवं अन्य रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 16 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में डॉ. रवि बंसल, डॉ. राजेश डोचानिया, डॉ. बृजेश शर्मा, डॉ. अशोक बाज्या, महेश यादव एवं बाबूलाल जाट सहित अन्य रक्तदाता शामिल रहे। सभी रक्तदाताओं ने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में सहभागिता निभाते हुए रक्तदान किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी निर्देशों के तहत आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करने तथा स्वैच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग से रक्त संठाहण को बढ़ावा देने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पावटा उपजिला अस्पताल में आयोजित शिविर में 16 यूनिट रक्त संठाहित किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। शिविर ने क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी संदेश दिया।

### मां शाकंभरी के वार्षिक मेले में हजारों में पाई पंगत प्रसादी



**सांभरझील,** (निसं)। यहां से करीब 25 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित चौहान शासको की कुलदेवी मां शाकंभरी का वार्षिक मेला धूमधाम से भरा। सांभर सहित आसपास के गांवों से हजारों लोगों ने मां शाकंभरी राजरानी के मंदिर में धोक लगाई। तथा इसके पास झील के मध्य में स्थित भैरुजी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना की। इस मौके पर मंदिर पुजारी ने मां की भव्य झांकी सजाई, मंदिर को रोशनी से सरोबार किया मंदिर के नजदीक दामोदर प्रसाद रोहिल्ला जयपुर प्रवासी परिवार की तरफ से हर वर्ष की भांति विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरी, लड्डू, भुजिया, दाल गरम-गरम परोसी गई। परिवार के सदस्यों ने बताया कि 2 दिन तक चले भंडारे में 5000 से अधिक लोगों ने पंगज प्रसादी ठाहण की। वार्षिक मेले के दौरान जगह-जगह लोगों ने दोना प्रसादी का भी वितरण किया।

### 7 अक्टूबर से शुरू होगी रेलवे रामलीला



**फुलेरा** । श्री रेलवे रामलीला एवं सांस्कृतिक समिति फुलेरा की बैठक शुक्रवार शाम रेलवे कॉलोनी स्थित रेलवे इंस्टीट्यूट परिसर में पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में रामलीला आयोजन 2026 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति की ओर से विभिन्न कार्यों के लिए टेंडर भी निर्धारित किए गए। समिति सचिव देवकीनंदन जांगिड़ ने बताया कि ब्रिटिश काल से चली आ रही फुलेरा की ऐतिहासिक रेलवे रामलीला का आयोजन इस वर्ष 7 अक्टूबर से शुरू होगा।रामलीला के दौरान विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही दर्शकों के लिए इनामी कूपन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि दशहरे के अवसर पर 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके अलावा उड़ान कलाकारों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न उड़ान दृश्यों का प्रदर्शन भी किया जाएगा, जो रामलीला के प्रमुख आकर्षणों में शामिल रहेगा।बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद वर्मा, कोषाध्यक्ष रामावतार स्वामी, सहसचिव आलोक तिवारी, शैलेंद्र शर्मा सहितप्रबंध समिति सदस्य दिनेश सुरोलिया व जसवंत यादव सहित श्यामलाल सैनी, राजकुमार सैनी, गिरधारी सिंह शेखावत, ओमप्रकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**टोंक।** निवाई की सिंधी कॉलोनी में एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को 15 मिनट में चोरी की घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पीडित दिलीप डासवानी ने बाद में निवाई पुलिस थाना मे प्रकरण दर्ज कराकर बताया कि ज वह मंदिर जाने के लिए अपनी बाइक गैरेज से निकालकर घर के बाहर खड़ी करके किसी काम से अंदर गए थे, तो करीब 15 मिनट बाद जब दिलीप वापस बाहर आए, तो उनकी बाइक वहां नहीं थी। बाइक गायब मिलने के बाद दिलीप ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की, फुटेज में दो युवक उनकी बाइक ले जाते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस को बाइक चोरी की लिखित शिकायत के साथ सीसीटीवी फुटेज भी सौंप दी है। थाना प्रभारी घासीराम ने बताया कि बाइक चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

# विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत जिले में ग्रामीण शिविर शुरू

■ 25 सितम्बर तक प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित होंगे शिविर, 22 विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिलेगा

**कोटपूतली।** पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार ठाामीण क्षेत्रों के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में 'विकसित भारत-जन सेवा अभियान-2026' के तहत ठाामीण शिविरों का आयोजन शनिवार से शुरू हो गया। 'सेवा सेतु अभियान' के रूप में आयोजित किए जा रहे ये शिविर 25 सितम्बर तक जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित होंगे। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने बताया कि शिविरों में पंचायती राज विभाग सहित राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा सहकारिता सहित 22 विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन को उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर प्रतिदिन प्रात: 9:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक आयोजित होंगे तथा संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारी को शिविर प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविरों में राजस्व एवं भूमि संबंधी कार्यों के तहत राजस्व रिकॉर्ड का शुद्धीकरण, आपसी सहमति से खातों का विभाजन, रास्ते के प्रकरणों का निस्तारण, नामांतरण तथा जाति, मूल निवास एवं हैसियत प्रमाण-पत्र जारी करने जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पंचायती राज एवं ठाामीण विकास विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वीकृतियां, प्रधानमंत्री आवास योजना-ठाामीण की बकाया किश्तें जारी करने तथा स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते एवं क्रेडिट लिंकेज से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इसी प्रकार स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सेवाओं में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जांच, टीबी एवं कैंसर स्क्रीनिंग, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्ड बनाना, सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स का सत्यापन तथा पालनहार योजना में नामांकन शामिल है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लंबित प्रकरणों का निस्तारण, ई-केवाईसी एवं आधार सीडिंग का कार्य किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराते हुए प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है । जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले जन सेवा शिविरों में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविरों के प्रभावी आयोजन एवं समन्वय के लिए एसीईओ जिला परिषद डॉ. गोपाल मीणा को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### हत्या का वांछित आरोपी पकड़ा

**लालसोट/मंडावरी।** अवैध हथियारों की रोकथाम और वांछित अपराधियों की धरपकड के अभियान के तहत मंडावरी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में वांछित आरोपी को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी शैलेन्द्र कुमार उर्फ कबीर मीणा (20) निवासी सायपुर, थाना बालाहेडी को बिनौरी रोड से पकड़ा। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बिनौरी मोड से आगे बिनौरी रोड स्थित तिबारे के पास एक युवक मौजूद है। सूचना पर युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। इस संबंध में मंडावरी थाने में प्रकरण संख्या 157/2026 के तहत धारा 9/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया । पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी करौली जिले के टोडाभीम थाना क्षेत्र के हत्या प्रकरण संख्या 327/2026 में वांछित है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सरसेना निवासी मोहन सिंह के अपहरण के बाद उसे साकरवाडा की पहाडियों में ले जाकर हत्या करने की वारदात में शामिल होना बताया है।

# खैरथल में सियासी जंग उफान पर, बाजार बंद

■ 8 सीट वाली भाजपा अब कांग्रेस के विक्की के सहारे 23 का जादुई आंकड़ा जुटाकर सत्ता पर काबिज होने की जुगत में हैं

**खैरथल** । नगर परिषद सभापति की एक कुर्सी, और पूरे खैरथल में सभापति की कुर्सी को लेकर ऐसा सियासी बवाल मचा है कि हर चौराहे, हर गली और हर घर में बस एक ही किस्सा है कुर्सी कौन हथियाएगा जनादेश जीतेगा या जुगाड? इस कुर्सी के संग्राम ने अब बाजार की रौनक भी छीन ली है बाजार बंद है सड़कों पर सन्नाटा पसरा है और मामला थाने तक पहुंच गया है।इस सियासी संग्राम में नया और बडा मोड तब आया जब कांग्रेस के सभापति प्रत्याशी ओम प्रकाश रोघा सहित व्यापारियों पर अपहरण और धमकाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस में मुकदमा दर्ज होने की खबर आग की तरह पूरे शहर में फैली और व्यापारियों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया। इसी आक्रोश के चलते व्यापारियों ने एकजुट होकर अनिश्चितकालीन बाजार बंद करने का निर्णय लिया। व्यापारियों का साफ कहना है कि लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार और झूठे हैं। यह खैरथल बर्दाश्त नहीं करेगा। व्यापारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखना हमारा हक है, उसे अपराध बताकर डराने की कोशिश की जा रही है।ओम प्रकाश रोघा खैरथल वार्ड 37 से पार्षद का चुनाव हार गए पर कांग्रेस ने उन्हें हाइब्रिड प्रत्याशी के रूप में सभापति चुनाव में मैदान में उतारा है। खैरथल की जनता ने अपना फैसला सुना दिया था। 45 वार्डों में से 20 वार्डों में कांग्रेस को जनादेश मिला, वह सबसे बडी पार्टी बनकर उभरी। जनता ने दूसरे नंबर पर 17 निर्दलीयों पर भरोसा जताया, जबकि भाजपा को केवल 8 वार्डों में ही जीत नसीब हुई है।लेकिन सभापति चुनाव में अब खेल पूरी तरह पलट दिया है। भाजपा ने सभापति की कुर्सी हथियाने के लिए मास्टर स्ट्रोक खेला है। भाजपा ने कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़कर पार्षद बने विक्रम चौधरी उर्फ विक्की को अपने खेमे में लाकर उस पर दांव खेल दिया है। 8 सीट वाली भाजपा अब विक्की के सहारे 23 का जादुई आंकड़ा जुटाकर सत्ता पर काबिज होने की जुगत में हैं। एक तरफ 20 सीटें जीतकर जनादेश हासिल करने वाली कांठोस है, तो दूसरी तरफ 8 सीटों वाली भाजपा है जो जोड-तोड से कुर्सी तक पहुंचना चाहती है।इस पूरे सियासी ड्रामे में अब सभापति प्रत्याशी सहित व्यापारियों पर मुकदमा और फिर बाजार का पूर्णत: बंद हो जाना सरकार और प्रशासन पर कई गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल खैरथल में हर चौराहे, हर गली और हर घर में बस एक ही चर्चा है और वह है कुर्सी कौन हथियाएगा? जनादेश जीतेगा या जुगाड? इसका फैसला तो 21 सितंबर को होगा । लेकिन अपहरण के मुकदमे और बाजार बंद ने यह साफ कर दिया है कि जनता इस पूरे सियासी खेल से खुश नहीं है।

### सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का प्रभावी माध्यम

**कोटपूतली** । राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा साईबर अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ आमजन को साईबर ठगी के नये तौर-तरीकों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में पुलिस की 4 साईबर क्राईम आउटरीच, अनुसंधान एवं नवाचार शाखा ने आमजन के दस्तावेजों और बायोमेट्रिक डेटा के दुरुपयोग से जारी होने वाले फर्जी सिम कार्ड के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। एडीजी साईबर क्राईम वी.के. सिंह ने आमजन से अपील की है कि वे समय-समय पर यह अवश्य जांचें कि उनके नाम पर कितने मोबाईल कनेक्शन जारी हैं। साईबर ठग चोरी किए गए पहचान दस्तावेजों, फोटो अथवा बायोमेट्रिक डेटा का दुरुपयोग कर कुछ अनाधिकृत अथवा भ्रष्ट सिम विक्रेताओं की मिलीभगत से व्यक्ति की जानकारी के बिना उसके नाम पर अतिरिक्त सिम कार्ड जारी करवा सकते हैं। बाद में इन सिम का इस्तेमाल साईबर अपराध, फर्जी बैंक खातों और ऑनलाइन ठगी में किया जा सकता है।

# सम्मेलन में शिक्षा जगत की ज्वलंत समस्याओं, शिक्षकों के अधिकारों पर विचार-विमर्श

**डूंगरपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ का दो दिवसीय 64वां जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आज राजकीय महारावल उच्च माध्यमिक विद्यालय, डूंगरपुर के प्रांगण में जिला अध्यक्ष मणीलाल मालीवाड़ की अध्यक्षता में गरिमामय वातावरण में प्रारंभ हुआ। सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खजूरी के प्रधानाचार्य जीवन प्रकाश दामा ने किया। सम्मेलन में शिक्षा जगत की

■ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शिक्षक अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करें : प्रो.रमेश बैरवा

ज्वलंत समस्याओं, विद्यालयों की स्थिति और शिक्षकों के अधिकारों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता एवं शिक्षा बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक प्रोफेसर रमेश बैरवा ने राजकीय शिक्षक संघ डूंगरपुर के 64 वें जिला सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर विचार रखते हुए कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बजट मुहैया करवाने की जिम्मेदारी सरकार की है। स्थिति यह है कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में शिक्षा के बजट पर भारी कटौती की है। पाठ्यक्रम संविधान सम्मत हो ताकि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक, तर्कशील नजरिया को बढ़ाया जा सके। सीटू नेता गौतम लाल डामोर ने बुनियादी शिक्षा के संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में शिक्षा के निजीकरण का विरोध करना अत्यंत आवश्यक है। यदि इसका प्रतिरोध नहीं किया गया तो आने वाले समय में सरकारी विद्यालय कम हो जाएंगे और निजी विद्यालयों का बोलबाला बढ़ेगा, जिससे शिक्षा महंगी होगी और गरीब तथा आदिवासी वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ कर्मचारी-मज़दूर नेता विमल भगोरा ने विद्यालयों के वर्तमान हालातों पर प्रकाश डाला।




राजस्थान शिक्षक संघ का दो दिवसीय 64वां जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन राजकीय महारावल उच्च माध्यमिक विद्यालय, डूंगरपुर के प्रांगण में जिला अध्यक्ष मणीलाल मालीवाड़ की अध्यक्षता में हुआ।

### ध्वज लहराते निकली मां शाकम्भरी की पदयात्रा

**फुलेरा।** मां शाकम्भरी के जयकारों से शुक्रवार को फुलेरा का माहौल भक्तिमय नजर आया। मां शाकम्भरी पदयात्रा ठ्ुप के तत्वावधान में सियाराम बाबा की बगीची से शाकम्भरी मंदिर तक पदयात्रा निकाली गई।

इससे पहले ध्वज पूजन एवं आरती की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि थानाधिकारी हीरालाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। पदयात्रा में श्रद्धालु हाथों में ध्वज-पताकाएं लेकर मां के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। घोडे पर सवार मां की शक्ति स्वरूपा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

झांकी के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु चलते नजर आए। यात्रा में आम श्रद्धालुओं के साथ गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया।

यात्रा संयोजक गीता देवी, प्रियांशु सैनी एवं माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। तेजकरण सैनी ने कहा कि मां शाकम्भरी के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था पदयात्रा में साफ दिखाई दी।

### चोरी प्रकरण में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये गये वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत वृत्ताधिकारी मृत्युजंय मिश्रा के सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी भँवर लाल वैष्णव द्वारा गठित विशेष थाना टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियो को गिरफ्तार व तीन बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है।

कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि गत 7 सितम्बर को जिला रसद कार्यालय के सहायक कर्मचारी ने जब कार्यालय खोला तो पाया कि कार्यालय के प्रथम हॉल के कमरे का बाथरूम का रोशनदान, बाथरूम का गेट टूटा हुआ था एवं रसोई के पास वाले दरवाजा खुला हुआ था। प्रथम हॉल में स्थित स्टोर रूम में से कांटे, कम्प्युटर, प्रिन्टर गायब थे एवं पुरा सामान बिखरा हुआ था।


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक :- 3795 दिनांक :- 14/09/2

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 76/59 (MIG-A), (एरिया 73.44 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री रसूल भाई मलेक पुत्र श्री खान साहब मलेक को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1253 दिनांक 07.05.2013 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 14502 दिनांक 04.02.2014 को जारी किया गया। श्रीमती हंसा शर्मा पत्नी श्री रमेश चन्द्र शर्मा के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 537/3113 दिनांक 18.09.2017 के द्वारा किया गया। श्रीमती हंसा शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 01.12.2017 को उप पंजीयक-सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती हंसा शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 21.12.2017 के द्वारा श्रीमती कोमल सिंघल पत्नी श्री राजकुमार सिंघल को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती कोमल सिंघल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 04.12.2024 के द्वारा श्रीमती राजकुमारी पारीक पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार पारीक को विक्रय कर उप पंजीयक-एकादश, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता / क्रेती श्रीमती राजकुमारी पारीक पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार पारीक द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास के रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमती राजकुमारी पारीक पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार पारीक का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक : F-JDA/Zone 07/2026/D-458

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 172035 दिनांक 28/03/2024 को निम्नांकित भूखण्ड का NAME TRANSFER जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं:-

| आवेदक का नाम | मूल आवंटी/ लीजधारक का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड क्षेत्रफल | गृ.नि.स.स./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| SUNITA DIVI SHARMA W/o Rajkumar Mehta | श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व. श्री मांगीलाल | 1/A | 155.55 SQ. YARD | Coope-rative |

योजना का नाम : SUNDER VIHAR

सेवा जिसके लिए आवेदन किया गया : NAME TRANSFER

कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज : लीज होल्ड पट्टा, पंजीकृत उपहार पत्र, पंजीकृत विक्रय पत्र, वाद विवाद शपथ पत्र

उक्त भूखण्ड का आवेदक के पक्ष में Name Transfer जारी करने पर किसी व्यक्ति, वारिस एवं संस्था को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के इस सूचना की प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के भीतर jda.rajasthan.gov.in पर जाकर Objection Module के माध्यम से आपत्ति Online सबमिट करें, अन्यथा आपत्ति प्रस्तुत नहीं करने की दशा में उक्त भूखण्ड की नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

उपायुक्त, जोन 07

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**

जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर -0141-4901853

क्रमांक-3227 **आम जाहिर सूचना** दिनांक-18/09/26

राजस्थान आवासन मण्डल जयपुर द्वारा आवास संख्या-5/194 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 67.50 वर्ग मीटर का आवंटन श्रीमती नर्बदा देवी अग्रवाल पत्नी श्री बी0 एल0 अग्रवाल को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1366 दिनांक 20/11/1987 जारी किया गया था। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रो का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक जयपुर प्रथम में दिनांक 30/09/2000 को करवाया गया। श्रीमती नर्बदा देवी अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 14/03/2025 को हो जाने के कारण श्रीमती मीनू गुप्ता पत्नी श्री मुरेलेश गुप्ता के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा प्रशासनिक शुल्क की छाया प्रति, शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं वारिसों के सत्यापन हेतु तहसीलदार सांगानेर, द्वारा जारी शपथ पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / बैंक / संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्रीमती मीनू गुप्ता पत्नी श्री मुरेलेश गुप्ता के पक्ष में आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

## जिला शैक्षिक अधिवेशन संपन्न

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) जिला शाखा जयपुर का द्विदिवसीय जिला शैक्षिक अधिवेशन 18 एवं 19 सितंबर को मानसरोवर स्थित होटल क्लासिक में आयोजित किया गया। अधिवेशन का आयोजन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष के मार्गदर्शन में किया गया।

अधिवेशन के दौरानशिक्षकों एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा एवं मंथनकिया गया। शिक्षकों की गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने, शिक्षकों की लंबित पदोन्नतियां शीघ्र करने, परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने तथा नवक्रमोन्नत विद्यालयों में व्याख्याता पदों की वित्तीय स्वीकृति सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही उप प्रधानाचार्य डीपीसी में पदोन्नित प्राप्त कर चुके व्याख्याताओं की पदोन्नित रद्द करने तथा उनसे जुड़ी पदोन्नित संबंधी विसंगतियोंके समाधान की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

अधिवेशन के दूसरे दिन जिला कार्यकारिणी एवं प्रखण्ड अध्यक्षों के गठन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसमेंशिवसिंह धाकड़ को जिला अध्यक्ष,बृजमोहन चौधरी को सभा अध्यक्ष,महेंद्र प्रजापति को जिला उपाध्यक्षतथाधर्मवीर सांडिल्य एवं कुंजदीप नन्दलाल यादव को समन्वयकबनाया गया।

# जाली दस्तावेज से प्लॉट बेचने वाला शातिर ठग गिरफ्तार

## फर्जी पट्टा व रसीदें तैयार कर बेच दिया था भूखंड

**जयपुर।** जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने जाली और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दूसरों के भूखंड बेचने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने और मोबाइल नंबर बदल रहा था। तकनीकी विश्लेषण और आसूचना संकलन के आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि फर्जी दस्तावेज के जरिए भूखंड बेचने और धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। थानाधिकारी महेश चंद्र के अनुसार परिवादी धर्मपाल जाट ने वर्ष 2020 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने जवाहरलाल नेहरू मार्ग स्थित सिद्धार्थ नगर में भूखंड संख्या डी-295 (नया नंबर डी-149) एग्रीमेंट के जरिए खरीदा था। आरोप है कि श्रवण गुप्ता और उसके साथियों ने न्यू पिंक गृह निर्माण सहकारी समिति का फर्जी पट्टा, साइट प्लान और रसीदें तैयार कर उक्त भूखंड को बेचान कर दिया। इस मामले में जवाहर सर्किल थाने में मामला दर्ज किया गया था।

इसके बाद से ही आरोपी श्रवण गुप्ता (50) पुलिस से बचने के लिए लगातार मोबाइल नंबर और ठिकाने बदलता रहा। फरारी के दौरान किशनगढ़ (अजमेर) में किराए पर रहकर ड्राइविंग का काम किया। इसके बाद ब्रह्मपुरी, आमेर और सांगानेर में भी रहा। पिछले करीब एक साल से वह कालवाड़ रोड स्थित अंशुल सुशांत सिटी में किराए का मकान लेकर रह रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी फरारी के दौरान अपने और परिजनों के नाम पर जारी अलग-अलग सिम कार्ड का इस्तेमाल कर रहा था। जवाहर सर्किल थाने के कांस्टेबल आशीष कटारा ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए आरोपी की गतिविधियों का पता लगाया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसके ठिकाने पर पहुंचकर हिरासत में लिया। पूछताछ में वारदात में संलिप्तता सामने आने पर आरोपी श्रवण गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। आरोपित मूल रूप से आमेर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ आमेर, करणी विहार और जवाहर सर्किल थानों में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में पहले से मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से जाली दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह और उसके अन्य सहयोगियों के संबंध में पूछताछ कर रही है।



**पुलिस ने भूखंड बेचने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।**

- **ठिकाने और मोबाइल नंबर बदलकर काट रहा था फरारी**

## जयपुर में श्रीमद्भागवत महाकुंभ 30 सितंबर तक

**जयपुर।** छोटी काशी जयपुर की पावन धरा पर 24 से 30 सितंबर तक श्रीमद्भागवत महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। सात दिवसीय आयोजन सत्संग भवन श्री गोविन्द देव जी मंदिर में प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक होगा। आयोजन के मुख्य मार्गदर्शक आचार्य चन्द्र शेखर महाराज हैं।

इस महाकुंभ में श्रीमद्भागवत कथा के साथ भक्ति, सेवा, संस्कृति और सनातन परम्परा के विभिन्न आयाम देखने को मिलेंगे। आयोजन में देशभर से संत-महात्मा, धर्माचार्य, कथावाचक, विशिष्ट अतिथि, भजन एवं संगीत कलाकार, सिने जगत की हस्तियां, उद्योग जगत के प्रतिष्ठित लोग, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। महाकुंभ के शुभारंभ से एक दिन पहले 23 सितंबर को चारदीवारी क्षेत्र में विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 2 हजार 100 महिलाएं कलश धारण कर शामिल होंगी। कलश यात्रा के माध्यम से अधिक से अधिक शहरवासियों को महाकुंभ से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सेवा सहयोगी भक्ति यात्रा जन कल्याण सेवा समिति और एकेपी एडवरटाइजिंग एंड प्रोडक्शंस की ओर से आयोजन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए सेवा-दायित्व निर्धारित किए जा रहे हैं।

## सार-समाचार

### सेंट जेवियर्स कॉलेज में नशा मुक्त युवा संकल्प समारोह आयोजित



**जयपुर।** सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा शुक्रवार को "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत - राष्ट्रीय संकल्प समारोह" का आयोजन किया गया, जिसके साथ 100 दिवसीय संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम देशभर के 260 संस्थानों में एक साथ आयोजित हुआ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर द्वारा इस अभियान के लिए राजस्थान से चयनित 20 संस्थानों में सेंट जेवियर्स कॉलेज जयपुर भी शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर की युवा अधिकारी करिश्मा टाक ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। युवा संवाद के तहत विद्यार्थियों ने नशामुक्त युवा विषय पर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए। इसके बाद सभी ने नशामुक्ति की शपथ ली और हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए नशा मुक्ति हस्ताक्षर पट्ट पर हस्ताक्षर किए। स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों तथा कॉलेज द्वारा गोद लिए गए गाँवों के युवाओं सहित कुल 163 युवाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस समन्वयक डॉ. रितु मेहरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनएसएस टीम के सदस्य अनीशा जैन, विजय कुमार त्रिपाठी, मुद्रिका मूण्ड, हिमांशु कौशिक, डॉ. अर्पित शर्मा एवं भावेश वर्मा उपस्थित रहे। अंत में डॉ. रितु मेहरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### दो दिवसीय 'जश्न वेडिंग एंड लाइफस्टाइल एग्जीबिशन' आरम्भ



**जयपुर।** सोने-चांदी से सजी पौशाके और साड़ियां, चांदी के महिम काम से सजे लकड़ी की कारीगरी, जोधपुर की प्रसिद्ध मोजड़ियां व असली कुंदन मीना चांदी सोने जड़ाउ सजे आभूषण देखने जयपुर के शॉपिंग लवर्स का तांता लगा रहा। मौका था 'जश्न वेडिंग और लाइफस्टाइल एग्जीबिशन' के शनिवार को वैशाली नगर स्थित केसरी बाग में आरंभ का। 19 और 20 सितंबर को हो रही दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन मुख्य अतिथि सांसद मंजू शर्मा ने उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम की आयोजक जश्न की हर्षिका राणावत और चिरिया की कल्पना राणावत भी मौजूद रही। कार्यक्रम में सबसे खास रहा राजस्थानी संस्कृति और विरासत के प्रति समर्पण। जहां राजस्थान के विभिन्न रंगों को एक ही छत के नीचे डिस्प्ले किया गया। जिसमें राजपूती शान चांदी की मयानों में सजी कटारे और तलवारे, राजस्थान के सुप्रसिद्ध हैंडलूम, राजपूती चूड़े, बन्ना की शादी कि मेवाड़ी पाग और सोने के काम से बनी तुराकी लंगी जैसे नायाब हस्तनिर्मित कलाकृति देखने को मिली। आयोजकों के अनुसार, 'जश्न' के माध्यम से राजस्थान की मेवाड़ी खूबसूरती और राजपूती संस्कृति की एक खूबसूरत झलक देखने को मिलेगी। साथ राजस्थान के विभिन्न हिस्सों से कारीगर, डिजाइनर और आर्टिस्ट्स एक ही छत के नीचे संस्कृति, शिल्प और वैवाहिक परंपराओं का एक विशेष संगम प्रस्तुत करेगा।

### माधव विलास में श्री संकटनाशन गणेश पाठ आज

**जयपुर।** बनीपार्क के माधव सिंह सर्किल स्थित माधव विलास में मनाए जा रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव में रविवार को अपराह्न सवा तीन बजे से विशेष धार्मिक आयोजन होगा। प्रारंभ में श्री संकटनाशन गणेश स्तोत्र पाठ एवं राधा नाम संकीर्तन होगा। शुक्ल यजुर्वेद आचार्य पं. महेश अवस्थी के सान्निध्य में यह आयोजन संध्या आरती तक चलेगा।सके साथ ही शाम 4:15 बजे से संध्या आरती तक राधा नाम ताली कीर्तन होगा। नीरज वरजानी के निर्देशन में श्रद्धालु राधा नाम संकीर्तन में शामिल होंगे। शनिवार शाम को भक्तिभाव से आरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती उतारी। उल्लेखनीय है कि माधव विलास चा राजा गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन 14 से 25 सितंबर तक किया जा रहा है। महोत्सव के तहत श्रद्धा, सेवा और समरसता का संदेश दिया जा रहा है।

### महल रोड पर एट-ग्रेड यू-टर्न से सुधरेगा यातायात प्रवाह

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से महल रोड पर यातायात व्यवस्था को सुगम और व्यवस्थित करने के लिएएट-ग्रेड यू-टर्नविकसित किए जा रहे हैं। इन यू-टर्न के जरिए वाहन चालकों को निर्धारित स्थानों पर दिशा बदलने की सुविधा मिलेगी, जिससे मुख्य मार्ग पर अनावश्यक रुकावट और जाम की स्थिति कम करने में मदद मिलेगी। जगतपुरा आरओबी से द्रव्यवती नदी तक करीब 7 किलोमीटर लंबे मार्ग पर 7 एट-ग्रेड यू-टर्न प्रस्तावित हैं। इनमें से 4 यू-टर्न का काम पूरा हो चुका है।इसके साथ ट्रैफिक चैनलाइजेशन, रोड मार्किंग और आवश्यक संकेतक भी विकसित किए गए हैं। जेडीए विकास आयुक्तसिद्धार्थ महाजनने बताया कि यू-टर्न व्यवस्था का उद्देश्य वाहनों की आवाजाही को निर्धारित लेन और दिशा में व्यवस्थित करना है। इससे अलग-अलग दिशाओं में जाने वाले वाहनों का संचालन बेहतर होने की उम्मीद है। जेडीए द्वारा यू-टर्न के संचालन के दौरान यातायात व्यवस्था की निगरानी की जाएगी और आवश्यकता के अनुसार सुधार किए जाएंगे। आमजन से निर्धारित यू-टर्न का ही उपयोग करने तथालेन अनुशासन और यातायात नियमों का पालन करनेकी अपील की गई है।

### परकोटे के आग मामले में दो अग्निशमन अधिकारी सस्पेंड

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के सबसे व्यस्त व्यापारिक केंद्र पुरोहितजी का कटला स्थित सेठी कॉम्प्लेक्स में 17 सितंबर को लगी भीषण आग के मामले में राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। आपदा प्रबंधन, फायर एनओसी नियमों और राहत कार्य में बरती गई घोर लापरवाही पर स्वायत्त शासन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जयपुर नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी देवेन्द्र मीणा और सहायक अग्निशमन अधिकारी कुलदीप माणतवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। परकोटे की संकरी गलियों और घनी आबादी वाले इस कपड़ा बाजार में हुए अग्निकांड ने व्यावसायिक कॉम्प्लेक्सों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी और आपातकालीन समन्वय की कमी को उजागर कर दिया था। उठते सवालों के बीच प्रशासनिक स्तर पर यह बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। मामले की तह तक जाने के लिए, स्वायत्त शासन विभाग स्तर पर तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष अतिरिक्त निदेशक (निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग), सदस्य मुख्य अभियंता (निदेशालय), तकनीकी विशेषज्ञ सदस्य ,मुख्य अग्निशमन अधिकारी (उदयपुर नगर निगम) को शामिल किया गया है।

### युवक ने ट्रेन के आगे लेटकर दी जान

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में शुक्रवार देर शाम एक युवक ने ट्रेन की चपेट में आकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवक ने परिचितों को करीब 30 लाख रुपए उधार दे रखे थे। रकम वापस नहीं मिलने के कारण वह परेशान था। पुलिस को मिले सुसाइड नोट में उसने तीन परिचितों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सियाराम शर्मा (28) अपने माता-पिता और दो बड़े भाइयों के साथ रहता था। लोको पायलट ने ट्रेन से ही घायल युवक को शिवदासपुरा रेलवे स्टेशन पहुंचाया। यहां से एंबुलेंस की मदद से उसे आरयूएचएस अस्पताल ले जाया गया। बाद में परिजन उसे महात्मा गांधी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां शनिवार सुबह करीब 5 बजे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## 97 लाख रुपए के व्यापारिक लेन-देन विवाद में एफआईआर रद्द

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 97 लाख रुपए के व्यापारिक लेन-देन हिसाब से जुड़े मामले में माणक चौक पुलिस थाने में साल 2024 में दर्ज एफआईआर व उससे जुड़ी आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया है। अदालत ने माना की मामला व्यापारिक लेन-देन व सिविल विवाद का है, इसलिए आपराधिक कार्रवाई जारी रखने का कोई आधार नहीं है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश दीप्ति जैन की आपराधिक याचिका मंजूर करते हुए दिया। अदालत ने कहा कि प्रार्थिया के रुपए का भुगतान नहीं करने की स्थिति में शिकायतकर्ता के पास रुपयों की वसूली के लिए सिविल केस या अन्य कानूनी प्रक्रिया का रास्ता था, लेकिन उसने विवाद को आपराधिक रंग देकर कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मामला मूलतः व्यापारिक हिसाब-किताब से जुड़ा है। लेन-देन की शुरुआत से ही उसकी नीयत छल या धोखा देने की नहीं थी। शिकायतकर्ता ने नाजायज राशि वसूलने की नीयत से गलत हिसाब पेश किया। इसलिए, याचिकाकर्ता के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द की जाए। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता नीरज जैन के परिवाद पर कोर्ट के आदेश से 15 जुलाई 2024 को याचिकाकर्ता के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य अपराध में एफआईआर दर्ज हुई थी। मामले में आरोप था कि साल 2022 से 2024 के दौरान दीप्ति जैन को आभूषणों की आपूर्ति की गई, जिसके गलत हिसाब में करीब 97 लाख रुपए बकाया बताए। याचिकाकर्ता ने कहा कि शिकायतकर्ता की नीयत में धोखा था और उसने गलत हिसाब पेश किया।

- **अदालत ने माना की मामला व्यापारिक लेन-देन व सिविल विवाद का है, इसलिए आपराधिक कार्रवाई जारी रखने का कोई आधार नहीं है**

## साइबर ठगी के रुपये खातों में लेने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर।** साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान 'म्यूल हंटर' के तहत मुहाना थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर धोखाधड़ी की रकम अपने बैंक खातों में प्राप्त कर उसे कमीशन के बदले साइबर ठगों को नकद उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज आईपीएस ने बताया कि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा संदिग्ध बैंक खातों (म्यूल अकाउंट) और साइबर अपराध के हॉटस्पॉट पर कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त दक्षिण ललित कुमार शर्मा के निर्देशन और सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर हेमेन्द्र शर्मा के निकट सुपरविजन में मुहाना थानाधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।

गठित टीम ने तकनीकी संसाधनों और आसूचनाओं के आधार पर संदिग्ध खाताधारकों की जानकारी जुटाई।

# राजस्थान फैटी लिवर की स्क्रीनिंग में देश में प्रथम स्थान पर

**जयपुर।** प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने बताया कि राजस्थान में फैटी लिवर की स्क्रीनिंग को व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। प्रदेश में एनसीडी व्यवस्था के तहत फैटी लिवर की व्यवस्थित स्क्रीनिंग को शामिल किया गया है। मिशन लिवर स्माइल के तहत बीमारी की समय पर पहचान, आवश्यक जांच और उपचार के लिए रेफरल व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है।

राठौड़ ने बताया कि शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली के निदेशक डॉ. शिव सरीन की अध्यक्षता में मिशन फैटी लिवर से संबंधित बैठक स्वास्थ्य भवन में आयोजित की गई। बैठक में फैटी लिवर की स्क्रीनिंग, उपचार, प्रशिक्षण और आगे की कार्ययोजना को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी स्कूलों में 'डब्ल्यू जोन' बनाए जाएंगे। इनमें विद्यार्थियों के वजन, ऊंचाई और कमर की नाप की जाएगी। इस गतिविधि को आरबीएसके एवं आरकेएसके कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। इससे बच्चों में मोटापे और मेटाबॉलिक जोखिम की समय पर पहचान की जा सकेगी।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन डैशबोर्ड के माध्यम से लीवर डिजीज रजिस्ट्री तैयार की जाएगी। इससे मरीजों की जानकारी और उपचार की स्थिति को बेहतर तरीके से ट्रैक किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में बायो बैंक की संभावना पर भी विचार किया जाएगा।

राठौड़ ने बताया कि मोटापे को कम करने के लिए ईट राइट कैंपेन के तहत 'मिशन ओवी लॉस' चलाया जाएगा। इसके माध्यम से स्वस्थ खान-पान और बेहतर जीवनशैली को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि प्रदेश के सभी 63 जिला अस्पतालों में लिवर स्माइल क्लीनिक संचालित किए जा रहे हैं। इन क्लीनिकों में फैटी लिवर की जांच, आवश्यक सलाह और जरूरत के अनुसार आगे के उपचार के लिए रेफरल की व्यवस्था है। क्लीनिक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मिशन के तहत 150 नोडल अधिकारियों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा करीब 10 हजार मेडिकल ऑफिसर एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगे भी अधिकारियों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को फैटी लिवर की स्क्रीनिंग के लिए विशेष ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 2.61 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें 31.02 लाख लोग संदिग्ध पाए गए।

- **प्रदेश के सभी 63 जिला अस्पतालों में मिशन लिवर स्माइल के तहत क्लीनिक संचालित**

# राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने रोजगार मेले में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

**जयपुर।** शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान, जयपुर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में चयनित नवनियुक्त अभ्यर्थियों को इस अवसर पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के लगभग 51 हजार अभ्यर्थियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज आप सभी एक ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़ रहे हैं, जब देश एक बहुत बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, और ये लक्ष्य है- 2047 तक विकसित भारत बनाने का। इसमें आप जैसे युवाओं की बहुत बड़ी भूमिका है। सरकार में रहते हुए आपको हर वो निर्णय लेना है, जो विकसित भारत के अभियान को, आत्मनिर्भर भारत के अभियान को निरंतर सशक्त करे। युवा होने के नाते विशेषतौर पर अन्य युवाओं के प्रति आपकी विशेष जिम्मेदारी है।

इस दौरान जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चौधरी ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए तथा उन्हें बधाई देते हुए राष्ट्र सेवा में समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।



**प्रधानमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रोजगार मेला कार्यक्रम को किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने संबोधित किया।**

## भन्दे बालाजी धाम की पदयात्रा रवाना

**जयपुर।** भन्दे बालाजी धाम की 41वीं पैदल यात्रा शनिवार सुबह सोडाला के बैंकुण्ठधाम मंदिर से जयकारों के साथ रवाना शुरू हुई। हनुमान चालीसा प्रचार समिति के संस्थापक संत अमरनाथ महाराज के सान्निध्य में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने लाल रंग का ध्वज दिखाकर यात्रा को रवाना किया। वे स्वयं भी श्रीराम ध्वज लेकर यात्रा के साथ चले। जयराम और भन्दे बालाजी महाराज के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण यात्रा में शामिल हुए। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिली मंदिर परिसर से बाहर निकलते ही पदयात्रा का विराट स्वरूप नजर आया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीराम नाम अंकित ध्वज लिए पदयात्रा में शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर पानी, शर्बत, फल, चाय-बिस्कुट की व्यवस्था की गई।

## कांग्रेस ने सुनीता महावर को महापौर प्रत्याशी बनाया

**जयपुर।** कांग्रेस में शनिवार सुबह से महापौर प्रत्याशी को लेकर तस्वीर स्पष्ट नहीं थी। धर्म सिंह सिंघानिया के समर्थक नामांकन पत्र लेने पहुंचे। इसके बाद भरत मेघवाल के नाम से भी पर्चा लिया गया। वार्ड 110 की पार्षद सुनीता मेठी के नाम से भी नामांकन पत्र लिया गया और दशरथ अटल का नाम भी सामने आया।

दोपहर बाद कांग्रेस विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा सहित स्थानीय नेताओं के बीच चर्चा हुई। इसके बाद वार्ड 118 की पार्षदसुनीता महावरको पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया। महावर ने कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। सुनीता मेठी और दशरथ अटल के नामांकन भी दाखिल हुए हैं, इसलिए अब 21 सितंबर को जांच के बाद तस्वीर और स्पष्ट होगी।

नामांकन के बाद कांग्रेस प्रत्याशी सुनीता महावर ने भाजपा बोर्ड के कार्यकाल को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वे आंकड़ों के खेल में नहीं पड़ना चाहतीं और पार्षद अपने विवेक से मतदान करेंगे। कांग्रेस की ओर से बहुमत के आंकड़े से पीछे होने के बावजूद चुनाव लड़ने का फैसला राजनीतिक रूप से मुकाबले को बनाए रखने के रूप में देखा जा रहा है।

महावर वार्ड 118 से पार्षद चुनी गई हैं। रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने अपने वार्ड में भाजपा प्रत्याशी को 676 मतों से हराया थामहापौर चुनाव के साथ कांग्रेस के सामने नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष तय करने का सवाल भी खड़ा है। महापौर पद के लिए जिन नामों की चर्चा चली, उनमें से कुछ नेताओं को अब नेता प्रतिपक्ष की भूमिका के लिए भी देखा जा रहा है। धर्म सिंह सिंघानिया और भरत मेघवाल के नाम इस संदर्भ में चर्चा में हैं।

# राधाष्टमी पर बही भक्ति की रसधारा : मंदिरों में राधारानी के जयकारे गूंजे

**जयपुर।** छोटी काशी जयपुर में शनिवार को वृषभान दुलारी श्री राधारानी का प्राकट्य दिवस राधाष्टमी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के कृष्ण मंदिरों में सुबह से ही भक्तिमय माहौल रहा। मंदिरों में पंचामृत अभिषेक, विशेष श्रृंगार, पालना और चरण दर्शन के साथ बधाई गान हुए। श्रद्धालु राधारानी के जयकारे लगाते हुए मंदिरों में पहुंचे। कई मंदिरों में वर्ष में एक बार होने वाले राधारानी के चरण दर्शन भी श्रद्धालुओं को हुए।

जयपुर के आराध्य ठाकुर श्री गोविंददेवजी मंदिर में राधाष्टमी का मुख्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। तड़के 4 बजे मंगला झांकी के साथ विशेष दर्शन शुरू हुए। सुबह 4:45 बजे ठकुरानी श्री राधारानी का पंचामृत अभिषेक हुआ। इसमें 111 किलो दूध, 51 किलो दही, 31 किलो बूरा, 6 किलो घी और 6 किलो शहद का उपयोग किया गया। पांच वेदपाठी ब्राह्मणों ने वेदपाठ के बीच अभिषेक कराया। इससे पहले महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने तिथि पूजन किया, जिसके बाद महाआरती के दर्शन हुए।राधारानी को पंजीरी, लड्डू और मावे की बर्फी का भोग लगाया गया। राजभोग झांकी से पहले सादा चावल, मीठा चावल, नमकीन चावल, खिचड़ी, दाल, गट्टे की सब्जी, आलू-खसखस, आलू-परवल, सूखी अरबी, खीर, पनीर की सब्जी, पकौड़ी की सब्जी, आलू-मंगोड़ी की सब्जी, बैंगन-आलू-कोला और मिर्च-बैंगन सहित विभिन्न व्यंजनों का कच्चा भोग अर्पित किया गया। इसके बाद छप्पन भोग झांकी के दर्शन हुए।

राधाष्टमी पर ठाकुर श्री गोविंददेवजी का भी विशेष श्रृंगार किया गया। उन्हें पीली-गुलाबी लप्पा जामा पोशाक, विशेष अलंकार, आभूषण और सिरपेच धारण कराया गया। सुबह 7:45 बजे धूप झांकी और इसके बाद श्रृंगार झांकी के दर्शन हुए। मंदिर परिसर में कोलकाता से मंगाए गए विशेष फूलों से 'बरसाना महल फूल बंगला' झांकी सजाई गई। शाम 7 से रात 8:30 बजे तक विशेष उत्सव दर्शन हुए, इसके बाद शयन झांकी के दर्शन हुए।गोविंददेवजी मंदिर में राधाष्टमी उत्सव की पांच दिवसीय श्रृंखला 14 सितंबर से चल रही थी।



**गोविंददेवजी मंदिर में वृषभान दुलारी श्री राधारानी का प्राकट्य दिवस उल्लास के साथ मनाया।**

- **राधाष्टमी पर गोविंददेवजी मंदिर में 205 किलो पंचामृत से अभिषेक**
- **गुप्त वृन्दावन धाम में 12 घंटे अखंड हरिनाम संकीर्तन**

## बाड़ेबंदी में व्यस्त सरकार, भगवान भरोसे प्रसूताओं की जान : जूली

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार की घोर संवेदनहीनता और बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अपनी राजनीतिक बाड़ेबंदी और पुलिस-प्रशासन के खुले दुरुपयोग में दिन-रात व्यस्त रहने वाली भाजपा सरकार के पास प्रदेश की आम जनता का दुःख-दर्द सुनने का ज़रा भी वक्त नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार निकाय चुनाव में अपनी विफलता छुपाने के लिए भय का माहौल बनाने में लगी है, वहीं दूसरी तरफ पूरे राजस्थान में सरकारी अस्पतालों की कुव्यवस्था के कारण हमारी प्रसूताओं की असमय मौत का भयानक सिलसिला लगातार जारी है। नेता प्रतिपक्ष जूली ने हालिया दुखद घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी दो दिन पूर्व ही बूंदी के जनाना अस्पताल में सीज़ेरियन प्रसव के बाद गंभीर हालत में रेफर की गई दो प्रसूताओं ने कोटा के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।



## International Day of University Sport

International Day of University Sport is celebrated every year on 20 September to recognise the importance of sports in university life. It encourages students to take part in physical activities and develop healthy habits. Sports help students stay fit, active, and mentally strong. The day also promotes teamwork, discipline, friendship, and fair play among young people. Universities organise various games, competitions, and fitness activities to celebrate the occasion. It reminds students that education is not only about books but also about maintaining a healthy body and mind. International Day of University Sport encourages students to enjoy sports and lead a balanced, healthy, and active life.



A later assessment attributed to a major American defense think tank reportedly concluded that Iranian strikes hit more than 100 targets across 11 U.S. military bases in seven countries. Infrastructure was destroyed. Radar systems were damaged. Communication networks collapsed temporarily. Aircraft were lost or disabled. Repair costs alone reportedly exceeded billions of dollars. The Pentagon later acknowledged soaring operational expenses, with total war costs reaching staggering levels within months. Among the most shocking claims in this account was the destruction of a U.S. Air Force E-3 Sentry AWACS aircraft in Saudi Arabia, one of the most valuable airborne surveillance assets in existence.

# The Sixty-Year-Old Jet That Slipped America's Billion-Dollar Shield

● **Bulbul Joshi**

In the late 1950s, American engineers designed a small, cheap fighter aircraft that the United States itself never truly wanted for frontline dominance. It was simple, lightweight, inexpensive, and intentionally built for export to allied nations that could not afford America's most advanced jets.

That aircraft was the Northrop F-5 Tiger II.

First conceived in 1959 and introduced during the early 1960s, the F-5 carried none of the characteristics associated with modern air warfare. It had no stealth capability, no GPS-guided strike systems, no sophisticated electronic warfare package, and no beyond-visual-range missile doctrine. Its pilot had to physically see an enemy aircraft before engaging. Its bombs were largely unguided. Its radar was limited. Analysts for decades dismissed it as obsolete and nearly suicidal in any modern battlefield environment.

The United States sold the fighter widely across the developing world, Vietnam, Thailand, Morocco, Iran, and others. It was viewed as a practical Cold War tool for friendly states, not as a centerpiece of American military power.

Yet in 2026, the very aircraft considered a museum relic would expose weaknesses inside the most expensive defense architecture ever constructed.

### Iran's Forgotten Fleet

Iran acquired its F-5 fleet during the 1970s under the Shah, before the Islamic Revolution transformed relations with Washington. After sanctions isolated Tehran for decades, most military observers assumed that the aircraft would eventually become unusable.

But sanctions forced Iran towards self-reliance.

Iranian engineers rebuilt aging systems domestically, improvised spare parts, modernized selected avionics where possible, and preserved operational capability far longer than Western analysts expected. While the United States invested in stealth fighters, satellites, AI-assisted targeting systems, and trillion-dollar defense ecosystems, Iran focused on adaptation under constraint.

The result was not technological superiority. It was strategic unpredictability.


### "Epic Fury" Begins

According to the scenario, February 2026 marked the launch of "Epic Fury," a coordinated Israeli-American military operation against Iran. Washington believed that Iranian military infrastructure had already been severely weakened. Public confidence in American defensive systems remained absolute.

Across the Gulf region stood layers of integrated protection:

- Patriot missile batteries guarding major bases
- THAAD systems designed for ballistic missile interception
- Advanced radar arrays
- Drones and aerial surveillance
- Intelligence-sharing networks
- Satellite monitoring systems

American officials projected certainty. Any retaliation, they claimed, would be intercepted. But every defense system is designed around assumptions. And one assumption proved catastrophic. The systems were optimized to detect threats coming from above.



## #THE NORTHROP F-5 TIGER II



### The Weakness in the Radar Horizon

Patriot missile systems are among the most advanced air defense technologies ever built. They are designed to detect and intercept aircraft, cruise missiles, and ballistic threats at significant ranges.

But radar obeys the laws of physics.

At extremely low altitude, terrain and the curvature of the Earth create blind zones. Radar line-of-sight becomes limited. Objects flying close to the ground can disappear beneath detection coverage until dangerously late.

Iranian planners understood this.

Aging F-5 Tiger IIs flew barely 50 meters above the terrain, hugging the ground at high speed while coordinated waves of ballistic missiles and Shahed drones attacked across the wider region, Qatar, Bahrain, Saudi Arabia, Iraq, and Jordan. The objective was not precision elegance. It was saturation. Too many targets. Too many trajectories. Too many simultaneous decisions.

Modern air defense systems can destroy extraordinary threats, but they still possess finite interceptor inventories, finite radar processing capability, and finite human reaction time. Iranian tactics reportedly exploited all three.

> Three American F-15 Strike Eagles were allegedly shot down over Kuwaiti territory by allied defensive systems. Six American pilots ejected over friendly territory after being mistakenly identified as hostile aircraft. The irony became impossible to ignore. The "museum jet" survived long enough to strike its target. America's advanced fighters did not.

### The Strike on Camp Buehring

Then came the moment that transformed the war.

According to the scenario, approximately 122 seconds after crossing into Kuwaiti airspace, an Iranian F-5 reached Camp Buehring, one of America's key logistics hubs supporting CENTCOM operations in the region. The aircraft carried no advanced precision-guided arsenal. It carried unguided "dumb bombs." Yet, the strike landed successfully.

Fuel infrastructure, ammunition storage areas, logistics facilities, and communication systems were reportedly hit. The symbolism was devastating: a sixty-year-old export fighter had penetrated one of the most heavily defended military environments on Earth. The aircraft, many analysts considered obsolete, had bypassed systems worth hundreds of billions of dollars.

### Chaos in the Sky

As the attacks intensified, confusion spread across coalition airspace.

Missile launches, drone swarms, electronic interference, and low-altitude penetrations created an environment of overwhelming complexity. Defensive systems struggled to distinguish threats from friendly aircraft in real time. According to narrative, American forces then suffered one of the war's most humiliating moments: friendly fire.

Three American F-15 Strike Eagles were allegedly shot down over Kuwaiti territory by allied defensive systems. Six American pilots ejected over friendly territory after being mistakenly identified as hostile aircraft. The irony became impossible to ignore. The "museum jet" survived long enough to strike its target. America's advanced fighters did not.

### The Damage Assessment

A later assessment attributed to a major American defense think tank reportedly concluded that Iranian strikes hit more than 100 targets across 11 U.S. military bases in seven countries. Infrastructure was destroyed. Radar systems were damaged. Communication networks collapsed temporarily. Aircraft were lost or disabled. Repair costs alone reportedly exceeded billions of dollars. The Pentagon later acknowledged soaring operational expenses, with total war costs reaching staggering levels within months. Among the most shocking claims in this account was the destruction of a U.S. Air Force E-3 Sentry AWACS aircraft in Saudi Arabia, one of the most valuable airborne surveillance assets in existence.

Military analysts struggled to explain how aging Cold War-era aircraft and relatively inexpensive drones had disrupted the most sophisticated military ecosystem in modern history.

### The Satellite Blackout

Then another controversy emerged. According to the narrative, the White House contacted Planet Labs, a private American satellite imaging company, requesting suspension of public imagery publication covering affected military zones. Customers reportedly received notices restricting updated imagery access. Soon afterwards, publicly available satellite photos of damaged American facilities became difficult to obtain. Critics argued that the blackout was not meant to hide information from Iran. Iran already knew what it had struck. The blackout, they claimed, was intended to shield the scale of the damage from the American public itself. The New York Times reportedly published comparison imagery before access tightened, showing visible destruction across several installations. For many observers, the symbolism became profound: the United States had effectively blacked out the sky over its own bases.

### Beyond Technology

The larger lesson of this scenario is not that old aircraft are superior to modern military systems. They are not. The F-5 Tiger II remains technologically primitive compared to fifth-generation fighters and modern integrated warfare networks.

But warfare has never been determined by technology alone. Again and again throughout history, militaries built around overwhelming technological confidence have discovered that strategy, timing, adaptability, and asymmetry can expose vulnerabilities that no amount of money can fully eliminate. Physics still governs radar. Human beings still make mistakes. And expensive systems can still become victims of their own assumptions.

### The Final Image

America entered this conflict with unmatched military spending, advanced stealth technology, layered missile defense systems, satellite surveillance, and global logistical reach.


Iran entered under sanctions, economic isolation, and technological limitations accumulated over forty years.

Yet, the defining image of the war became impossible to erase.

A sixty-year-old export fighter, dismissed for decades as obsolete, penetrated America's billion-dollar shield using little more than low-altitude flight, timing, and coordination. And in the confusion that followed, America's own defenses turned against its own aircraft. Not because the old jet was invincible. But because war has never belonged exclusively to the side with the most expensive machines.

rajeshsharma1049@gmail.com





# The Education of the Children of Clovis

The marble courtyard looks civilized. It is a training ground. Alma-Tadema makes everything look ordered. But the lessons inside it are brutal. Every adult in this painting is passing something forward. Not only a crown, not only a name. An unfinished war. The children didn't start it. They were just next in line to carry it. How much of what you carry did you actually choose?



Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

## #ALMA-TADEMA

This doesn't look like a lesson in harm. But that axe is not a toy. Alma-Tadema painted something most people miss. A child is being shaped before he can choose. That small body carries all the force it has. The francisca was the battle of axe of the Franks. This is not pretend training. Now, look at who is watching. Warriors on one side and clergy on the other. The boy stands in the middle of both powers. That is not a coincidence. That is an inheritance. The warriors don't cheer. They judge. And the clergy don't object. They watch. Book in hand and say nothing. At the centre of it all sits Queen Clotilde. Widow of Clovis I. Mother of heirs. Keeper of grief. According to the story, she wanted her sons to avenge the murder of her parents. The axe in that child's hand carries her wound. One brother waits his turn already holding his own. The youngest stays near her. Still inside safely. Not for long.

Today, they are brothers. History knows the rest. The weapons children learn to use for the family can one day be turned against it. The marble courtyard looks civilized. It is a training ground. Alma-Tadema makes everything look ordered. But the lessons inside it are brutal. Every adult in this painting is passing something forward. Not only a crown, not only a name. An unfinished war. The children didn't start it. They were just next in line to carry it. How much of what you carry did you actually choose?

Sir Lawrence Alma-Tadema (born Lourens Alma Tadema, 8 January 1836 - 25 June 1912) was a Dutch painter who later settled in the United Kingdom, becoming the last officially recognised denizen in 1873. Born in Dronryp, the Netherlands, and trained at the Royal Academy of Antwerp, Belgium, he settled in London, England in 1870 and spent the rest of his life there.

A painter of mostly classical subjects, he became famous for his depictions of the luxury and decadence of the Roman Empire, with languorous figures set in fabulous marbled interiors or







against a backdrop of dazzling blue Mediterranean sea and sky. One of the most popular Victorian painters, Alma-Tadema, was admired during his lifetime for his draftsmanship and accurate depictions of classical antiquity, but his work fell out of fashion after his death, and only since the 1960s has it been appreciated for its importance within Victorian painting.


### Move to Belgium

In 1852, he entered the Royal Academy of Antwerp in Belgium where he studied early Dutch and Flemish art, under Gustaf Wappers. During Alma-Tadema's four years as a registered student at the academy, he won several awards. Before leaving the academy, towards the end of 1855, he became assistant to the painter and professor Louis (Lodewijk) Jan de Taeye, whose courses in history and historical costume he had greatly enjoyed at the academy. Although de Taeye was not an outstanding painter, Alma-Tadema respected him and became his studio assistant, working with him for three years. De Taeye introduced him to books that influenced his desire to portray Merovingian subjects early in his career. He was encouraged to depict historical accuracy in his paintings, a trait for which the artist became known. Alma-Tadema left Taeye's studio in November 1858 returning to Leeuwarden before settling in Antwerp, where he began working with the painter Baron Jan August Hendrik Leys, whose studio was one of the most highly regarded in Belgium. Under his guidance, Alma-Tadema painted his first major work: *The Education of the Children of Clovis* (1861). This painting created a sensation among critics and artists when it was exhibited that year at the Artistic Congress in Antwerp. It is said to have laid the foundation of his fame and reputation.

Alma-Tadema related that although Leys thought the completed painting better than he had expected, he was critical of the treatment of marble, which he compared to cheese. He collaborated with Hendrik Leys on the series of wall paintings in the Leys Hall on the second floor of Antwerp City Hall, which depict significant moments in the history of The Netherlands.

Alma-Tadema took this criticism very seriously, and it led him to improve his technique and to become the world's foremost painter of marble and variegated granite. Despite any reproaches from his master, The Education of the Children of Clovis was well received by critics and artists alike and was eventually purchased and subsequently given to King Leopold of Belgium. In 1860, he befriended the Anglo-Dutch Dommersen family of artists in Utrecht.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कोटा में महिला की उपचार के दौरान मौत, परिजनों ने हंगामा किया

## परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की

**कोटा, (निसं)।** न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती एक महिला की उपचार के दौरान मौत होने के बाद अस्पताल में हंगामा होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया, वहीं सूचना पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम भी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंची और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर मृतका के परिजनों के साथ अस्पताल के गेट के बाहर धरना देकर बैठ गई। अस्पताल में हंगामे की सूचना पाकर महावीर नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची।



न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने हंगामा किया।

- अस्पताल प्रशासन के साथ सकारात्मक वार्ता एवं मांगों पर सहमति बनने के बाद धरना समाप्त किया

जानकारी के अनुसार संतोषी नगर इलाके की निवासी महिला रेखा (32) को सांस में तकलीफ व बुखार की शिकायत पर परिजनों ने उपचार के लिये न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनो ने हंगामा कर दिया। सूचना पर महिला जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम मौके पर पहुंची और धरने पर बैठ गई बाद में अस्पताल प्रशासन के साथ सकारात्मक वार्ता एवं मांगों पर सहमति बनने के बाद धरने को समाप्त किया गया। धरने के दौरान मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. आशुतोष शर्मा के साथ शालिनी गौतम एवं मृतका के परिजनों की वार्ता हुई। वार्ता में मृतका के परिजनों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए अस्पताल प्रशासन की ओर से निष्पक्ष एवं न्यायोचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

मृतका के पति सुरेन्द्र यादव ने बताया कि आईसीयू में भर्ती रेखा यादव की जीवनरक्षक दवाईयां खत्म होने के बाद वहां स्टॉफ समय पर नहीं पहुंचा जिसके कारण उसकी मौत हो गई। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शालिनी गौतम ने बताया कि वार्ता में सहमति बनी कि मामले में मौजूद संबंधित ड्यूटी डॉक्टर, ड्यूटी नर्सिंग ऑफिसर एवं वार्ड बॉय के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी तथा इसके साथ ही मृतका के बच्चों के भरण-पोषण एवं भविष्य को ध्यान में रखते हुए अस्पताल प्रशासन के माध्यम से जिला कलेक्टर को आवश्यक पत्र लिखा जाए, ताकि बच्चों के लिए शासन स्तर से उचित सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई हो सके।

इस मौके पर पार्षद प्रत्याशी लक्ष्मी शर्मा, कच्ची बस्ती जिलाध्यक्ष नरोत्तम शर्मा, जिला सचिव रमेश यादव, वार्ड अध्यक्ष आशीष गुर्जर, दीपक योगी, हेमलता यादव, दीपक जायसवाल, सुमित शर्मा, जुल्फिकार अली, कृष्णा मेहरा, एन.एस.यू.आई. विधानसभा उपाध्यक्ष सक्षम गौतम, प्रदीप गंगवानी, अटल खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे। महावीर नगर थानाधिकारी हरेन्द्र सिंह ने बताया कि न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे महिला की मौत के बाद हंगामे की सूचना मिली, सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुची और समझाइश के बाद मामला को शांत कराया गया।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर दो हादसों में दो जनों की मौत

**अलवर, (निसं)।** अलवर-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार रात और शनिवार सुबह दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। इनमें में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। दोनों हादसे रैणी थाना क्षेत्र में हुए। पहला हादसा शुक्रवार देर रात 11 बजे पिनान के पास हुआ।

- चार लोग घायल हुए, दोनों हादसे रैणी थाना क्षेत्र में हुए

रैणी थाना एसएचओ बने सिंह ने बताया कि तीन स्लीपर बसें दिल्ली से उदयपुर स्थित श्रीनाथजी जा रही थीं। एक बस की लाइट का फ्यूज खराब होने के कारण उसे एक्सप्रेस-वे पर रोक दिया गया था। इसे देखकर पीछे चल रही दूसरी बस भी रुक गई। दूसरी बस का कंडक्टर भारत (18) पुत्र सुरेश कुमार निवासी सरस्वती विहार, गाजियाबाद, बस के ड्राइवर साइड खड़ा होकर फ्यूज ठीक कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में भारत की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर ने दूसरी बस को भी टक्कर मार दी, जिससे बस ड्राइवर फरमान पुत्र शाहिद घायल हो गया। उसे पहले पिनान सीएचसी ले जाया गया, जहां से अलवर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

यात्रियों को तीसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। हादसा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के चैनल नंबर 137 के पास हुआ। पुलिस ने शव को रैणी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

दूसरा हादसा शनिवार सुबह चैनल नंबर 136 के पास हुआ। यहां एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रेलर में पीछे से एक कार जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार सवार भीलवाड़ा के प्रतापगढ़ निवासी कमलेश पुत्र जगदीश की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार विक्रम, राजू और मस्ती घायल हो गए। तीनों को रैणी अस्पताल ले जाया गया, जहां से अलवर हायर सेंटर रेफर किया गया। सूचना पर रैणी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने क्षतग्रिस्त वाहनों को हटवाकर एक्सप्रेस-वे पर यातायात सुचारू कराया।

# अनूपगढ़ में हार्ट अटैक से किसान की मौत

**अनूपगढ़, (निसं)।** यहां किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। किसान रात में खेत पर गया था, सुबह तक वापस नहीं लौटा तो बेटा और भाई उनकी तलाश में गए। इस दौरान खेत पर बने कमरे की दीवार के पास किसान का शव पड़ा हुआ मिला। किसान के बेटे ने बताया कि कर्ज ना चुका पाने की वजह से उसके पिता पिछले एक महीने से तनाव में थे। घटना अनूपगढ़ के गांव नाहरावाली में शुक्रवार सवेरे की है। किसान की पहचान भादर सिंह (60) के रूप में हुई है।

- किसान के बेटे ने बताया कि कर्ज ना चुका पाने की वजह से उसके पिता पिछले एक महीने से तनाव में थे
- इस बार सिंचाई पानी नहीं मिलने और बारिश नहीं होने से 80 फीसदी फसल खराब हो गई बताई

एएसआई यशपाल सिंह ने बताया कि किसान भादर सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। बेटे बलजिंदर सिंह ने थाने में मर्ग दर्ज कराया है। बलजिंदर ने बताया कि उनके पास 8 बीघा कृषि भूमि है। इस जमीन पर उन्होंने मूंग की फसल बोई थी। इस बार सिंचाई पानी नहीं मिलने और बारिश नहीं होने से 80 फीसदी फसल खराब हो गई। फसल के लिए उसके पिता भादर सिंह ने बैंक से 3 लाख रुपए की केसीसी ली हुई थी। फसल खराब होने के चलते भादर सिंह केसीसी नहीं चुका पा रहे थे। इसे लेकर वो पिछले एक महीने से तनाव में थे। गुरुवार शाम करीब 5 बजे भादर सिंह फसल कटाई के लिए अपने खेत पर गए थे। रात होने पर भी वो वापस नहीं आए। रात में तलाश किया लेकिन वो कहीं मिले नहीं। इसके बाद शुक्रवार सवेरे भाई प्रेम सिंह और बेटे बलजिंदर सिंह ने फिर से तलाश की गई तो भादर सिंह खेत में बने कमरे की दीवार के पास अचेत अवस्था में पड़े हुए मिले। परिजनों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अनूपगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल में पहुंचाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

बलजिंदर सिंह ने बताया कि वो अपने पिता भादर सिंह (60) के साथ खेती करता है और उनके पास 8 बीघा कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उसके पिता कैलाश मीणा की कृषि भूमि पर पांचवे हिस्से पर काश्त करते थे। भादर सिंह ग्रामीणों से भी कहा करते थे कि फसल खराब होने के कारण वो कर्ज भी नहीं चुका पाएंगे।

# उदयपुर की पिछोला झील का जलस्तर 7 फीट 2 इंच पहुंचा

**उदयपुर, (कासं)।** मेवाड़ क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ और डूंगरपुर जिलों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई। बांसवाड़ा जिले के घाटोल में प्रदेश में सर्वाधिक 207 मिलीमीटर (सवा आठ इंच) बारिश हुई। वहीं प्रतापगढ़ के पीपलखूंट में 190 मिलीमीटर (पौने आठ इंच) बारिश दर्ज की गई। वहीं उदयपुर में अपेक्षित बारिश नही होने से सभी के माथे पर चिंता की लकीरे हैं।

- पिछले 24 घंटों में बांसवाड़ा जिले के घाटोल में सवा आठ इंच, पीपलखूंट में भी पौने आठ इंच बारिश दर्ज की गई

इधर झीलों की नगरी में अलसीगढ़ बांध,मादड़ी और आकोदड़ा बांध से पिछोला में हुई आवक के चलते पिछले 24 घंटे में पिछोला झील का जलस्तर 6 फीट 10 इंच से बढ़कर 7 फीट 2 इंच हो गया है। पिछोला में पानी डायवर्ट किए जाने के कारण मादड़ी बांध दो दिन में ही खाली हो गया। फिलहाल मादड़ी और आकोदड़ा बांध से पिछोला में पानी की आवक जारी है। हालांकि आकोदड़ा बांध में पानी बहुत कम बचा है, इसलिए यहां से होने वहीं सीसारमा नदी का बहाव भी घटा है। नदी में बहाव पहले करीब साढ़े तीन फीट था जो अब घटकर करीब ढाई फीट रह गया है। इसलिए यहां से होने वाली आवक कभी भी थम सकती है। मानसून की मौजूदा स्थिति को देखते हुए फतहसागर में कहीं से भी पानी की आवक होने की संभावना नजर नहीं आ रही है। उदयपुर शहर और झीलों के कैचमेंट क्षेत्रों में बादलों की मौजूदगी के बावजूद अपेक्षित बारिश नहीं हुई। वल्लभनगर में 17 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके बावजूद आसपास के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई बारिश से पिछोला झील में पानी की आवक बनी हुई है। पिछले 24 घंटों में बांसवाड़ा जिले में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश हुई। घाटोल में 207 मिमी,भंगड़ा में 173 मिमी,लोहारिया में 148 मिमी और गढ़ी में 124 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा जगपुरा में 91, बांसवाड़ा में 60,कागदी में 57 और माही बांध क्षेत्र में 58 मिमी बारिश हुई। प्रतापगढ़ जिले में भी बारिश का दौर तेज रहा। पीपलखूंट में 190 मिमी बारिश हुई जबकि प्रतापगढ़ में 103, गादोला में 101 और सुहागपुरा में 99 मिमी बारिश दर्ज की गई।डूंगरपुर जिले के गलियाकोट में 100 मिमी बारिश हुई। सागवाड़ा और साबला में 50.50 मिमी तथा आसपुर में 41 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# सीकर जिले से 10 तोला जेवर के साथ विवाहिता लापता

**सीकर, (निसं)।** सीकर जिले में 10 तोला जेवर के साथ विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। वहीं जिले में दो युवतियां भी लापता हो गई। अब पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है।

- जिले में दो युवतियां भी लापता हो गई, पुलिस तीनों मामलों की जांच कर रही है

21 साल की विवाहिता के लापता होने के केस में उसके पति ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि 18 सितंबर की सुबह वह उठा तो पत्नी घर में नहीं मिली। रिश्तेदारी और आस-पड़ोस में तलाश करने पर भी कुछ पता नहीं चला। घर पर 10 तोला सोना भी गायब मिला। अंदेशा है कि महिला एक युवक के संपर्क में थी। वह लड़का भी 17 सितंबर की रात से लापता है।

वहीं 23 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके चाचा ने पुलिस में शिकायत दी है। चाचा ने पुलिस को बताया कि युवती के माता-पिता दोनों काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। 23 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके चाचा ने पुलिस में शिकायत दी है। चाचा ने पुलिस को बताया कि युवती के माता-पिता दोनों काम के सिलसिले में बाहर रहते हैं। 19 साल की युवती के लापता होने के केस में उसके परिवार ने पुलिस में शिकायत दी है।

शिकायत में बताया कि 17 सितंबर की सुबह 8:30 बजे के करीब लड़की घर से कॉलेज जाने के लिए निकली थी। शाम तक वह वापस नहीं लौटी। परिवार को एक युवक पर अंदेशा है क्योंकि उसने युवती के परिवार के नंबरों पर कई बार कॉल किया था। कॉलेज के आस-पास के लोगों ने भी बताया की युवती को उस लड़के के साथ देखा गया था।

# आश्वासन के बाद विधायक ने धरना उठाया

**पाली, (नि.सं.)।** पाली में विधायक भीमराज भाटी के भाई लक्ष्मी नारायण पर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर शुक्रवार को विधायक ने कलैक्ट्रेट के सामने धरना दिया था।

रात्रि में भी विधायक धरने पर बैठे रहे। शनिवार सुबह सिटी सीओ मंगलेश चूंडावत और कोतवाल रविंद्र सिंह धरना स्थल पर आए। उन्होंने विधायक भाटी से बातचीत कर आश्वासन दिया, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी होगी और जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया। भाटी ने कहा कि अब कांग्रेस का मेयर बनाना है।

# आंगनबाड़ी केंद्र को शिफ्ट करने की मांग

**नोखा, (निसं)।** उपखंड की ग्राम पंचायत कक्कू के बारूपालों की ढाणी के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र कक्कू-4 को बारूपालों की ढाणी में शिफ्ट करने की मांग की है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-4 अभी सिद्धों की ढाणी में चल रहा है। जबकि इस केंद्र से फायदा उठाने वाले बच्चों और महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा बारूपालों की ढाणी से आता है। इस वजह से ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचने में परेशानी होती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सिद्धों की ढाणी में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र कक्कू-4 को बारूपालों की ढाणी, कक्कू में शिफ्ट किया जाए। इससे क्षेत्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को आंगनबाड़ी सेवाओं का स्थानीय स्तर पर आसानी से फायदा मिल सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि बारूपालों की ढाणी में केंद्र चलने से फायदा उठाने वालों को सुविधा मिलेगी।ज्ञापन सौंपने के दौरान पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि हिम्मताराम राहड़, एडवोकेट लेखराम चौहान, पूर्व उपसरपंच कक्कू रूपाराम, दुर्गाराम, श्रवणराम, मानाराम, दौलाराम, नारूराम, चेतनराम, गणेशाराम राहड़ सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# बूंदी में प्रसूताओं की मौत के प्रकरण में चार सदस्यीय जांच समिति गठित

**बूंदी, (निसं)।** बूंदी में सिजेरियन प्रसव के बाद दो प्रसूताओं की मौत के प्रकरणों को राज्य सरकार ने गंभीरता से लेते हुए दोनों मामलों की विस्तृत जांच के लिए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कोटा के स्तर पर चार सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है। समिति को दोनों प्रकरणों की जांच कर दो दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

पीएमओ लक्ष्मीनारायण मीना ने बताया कि उपलब्ध चिकित्सकीय रिकॉर्ड के अनुसार, एक प्रकरण में प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्त्राव की स्थिति सामने आई। रक्तस्त्राव को नियंत्रित करने के लिए बैलून टैम्पोनाड, दवाइयों एवं रक्त आधान सहित आवश्यक उपचार किया गया। स्थिति नियंत्रित नहीं होने तथा उच्च स्तरीय उपचार की आवश्यकता को देखते हुए प्रसूता को उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया।

उन्होंने बताया कि दूसरे प्रकरण में सिजेरियन प्रसव के बाद प्रसूता को सांस लेने में तकलीफ की स्थिति सामने आई। चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया। रेफरल के बाद 17 सितम्बर 2026 को कोटा में प्रसूता की मृत्यु होने का उल्लेख रिकॉर्ड में है। दोनों मामलों में मृत्यु के अंतिम चिकित्सकीय कारणों का निर्धारण जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर किया जाएगा।

पीएमओ मीना ने बताया कि सिलोर, बूंदी निवासी वर्षा सेन की गर्भावस्था के दौरान उपस्वास्थ्य केन्द्र सिलोर पर नियमित एएनसी जांचें की गई थीं। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार उनकी चार एएनसी जांचें 19 फरवरी, 16 अप्रैल, 25 जून एवं 20 अगस्त 2026 को हुई थीं। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार 15 सितम्बर 2026 को सामान्य चिकित्सालय, बूंदी में प्रसूता को भर्ती किया गया। चिकित्सकीय रिपोर्ट के अनुसार उनकी गर्भावस्था करीब 8 माह की थी तथा बच्चे की स्थिति ट्रांसवर्स होने के कारण सिजेरियन प्रसव का निर्णय लिया गया। सिजेरियन के बाद प्रसूता ने करीब 2.800 किलोग्राम वजन की बच्ची को जन्म दिया तथा उन्हें पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में शिफ्ट किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार ऑपरेशन के बाद प्रसूता की स्थिति की निगरानी की गई। बाद में उनकी स्थिति में जटिलता उत्पन्न होने पर ऑन-ड्यूटी चिकित्सक द्वारा परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया गया। स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर किया गया। रेफरल के बाद 17 सितम्बर 2026 को कोटा में प्रसूता की मृत्यु होने का उल्लेख रिकॉर्ड में है।

पीएमओ ने बताया कि दूसरे प्रकरण में प्रसूता को 16 सितम्बर 2026 को सामान्य चिकित्सालय बूंदी में भर्ती किया गया था। प्रसव के बाद उन्होंने 2.280 किलोग्राम वजन के बच्चे को जन्म दिया। बाद में करीब 3:40 बजे प्रसूता में वेजाइनल ब्लीडिंग की स्थिति सामने आई। ऑन-ड्यूटी चिकित्सक द्वारा तत्काल उपचार शुरू किया गया तथा पीपीएच के प्रबंधन के लिए बैलून टैम्पोनाड, दवाइयां एवं रक्त आधान किया गया। रक्तस्त्राव नियंत्रित नहीं होने तथा एचडीयू/आईसीयू की उपलब्धता नहीं होने के कारण प्रसूता को बेहतर उपचार के लिए उच्च चिकित्सा संस्थान रेफर किया गया।

# टीटीई ने सोने की चेन यात्री को लौटाई

**कोटा, (निसं)।** ट्रेन में यात्रा के दौरान महिला यात्री की करीब 2 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन छूट गई, लेकिन टिकट चैकिंग स्टॉफ की सजगता और रेलवे सुरक्षा बल की त्वरित कार्रवाई से वह सुरक्षित वापस मिल गई। मामला के अनुसार गाड़ी संख्या 12955 में ड्यूटी कर रहे टीटीई गणेश सिंह को बी-4 कोच की बर्थ संख्या 17-18 के पास एक सोने की चेन मिली, उन्होंने बिना विलंब किए चेन को सुरक्षित रखते हुए रेलवे सुरक्षा बल, कोटा को सौंप दिया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि टीटीई द्वारा पीएनआर विवरण के आधार पर यात्री मेघा प्रवीण जैन से संपर्क किया गया, वह मुंबई सेंट्रल से विक्रमगढ़ आलोट तक यात्रा कर रही थीं और विक्रमगढ़ आलोट स्टेशन पर उतर चुकी थीं। संपर्क करने पर उन्होंने चेन अपनी होने की पुष्टि की। इसके बाद टीटीई गणेश सिंह ने चैन लिखित विवरण सहित रेलवे सुरक्षा बल कोटा पोस्ट के सहायक उप निरीक्षक हरिओम सिंह को सुपुर्द कर दी।

# भरतपुर में शादी की सालगिरह से एक दिन पहले व्यक्ति ने सुसाइड किया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी शादी की सालगिरह से एक दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पत्नी का उसके पड़ौसी से अफेयर चल रहा था। जिसको लेकर अमित काफी परेशान था। अमित के भाई ने अपनी भाभी पर साजिश के तहत प्रेमी से मिलकर अमित की हत्या का आरोप लगाया है।

- मृतक की पत्नी का पड़ौसी से अफेयर चल रहा था जिसको लेकर काफी परेशान था
- मृतक के भाई ने अपनी भाभी पर साजिश के तहत प्रेमी से मिलकर अमित की हत्या का आरोप लगाया

सुमित निवासी रसाला मोहल्ला ने बताया कि मेरे बड़े भाई अमित (32) की शादी 19 सितंबर 2018 को नेहा से हुई थी। शादी के करीब 1 साल बाद ही नेहा का हमारे पड़ौसी राज दिवाकर से अफेयर शुरू हो गया। कुछ दिनों बाद अमित को नेहा और राज दिवाकर के अफेयर के बारे में पता लग गया। अमित ने इसके बारे में परिजनों को भी बताया। नेहा को कई बार समझाया गया लेकिन वह नहीं मानी। नेहा और अमित के पास एक 7 साल बेटा अर्पित भी है। अमित ने नेहा के परिजनों को भी इसके बारे में बताया। नेहा के परिजनों ने उसे कभी नहीं समझाया। राज दिवाकर और नेहा मिलकर अमित को प्रताड़ित कर रहे थे। अमित को पता लगने के बाद भी नेहा और राज दिवाकर दोनों का अफेयर बंद नहीं हुआ। आज अमित की शादी की सालगिरह थी। एक साजिश के तहत नेहा और राज दिवाकर ने अमित को मार दिया। अमित का शव कमरे में पंखे के कुंडे से लटका हुआ मिला। जिसके बाद अमित के परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। घर से नेहा अर्पित को लेकर फरार हो गई थी। पुलिस ने अमित के शव का पोस्टमार्टम करवाया और, शव परिजनों को सौंप दिया। मथुरा गेट थाने के एएसआई शिव लाल ने बताया कि सुमित ने अपने भाई के शव के पोस्टमार्टम के लिए मर्ग दर्ज करवाई है। जिसमें अमित और नेहा का झगड़ा बताया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

# उदयपुर में मूर्ति तोड़ने पर लोगों में आक्रोश, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र इन्द्रानगर में मंदिर की मूर्ति खंडित करने के मामले में आक्रोशित लोगों ने शनिवार को देहलीगेट पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रशासन से अपनी मांगों को लेकर आक्रोशित लोगों ने बापूबाजार व देहलीगेट के बाजार भी बंद करवाए। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि पुलिस द्वारा आरोपी के घर बुलडोजर की कार्रवाई की जाये। हालांकि पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई व आश्वासन के बाद उदयपुर बंद का आव्हान वापस ले लिया गया। इधर, मामले में पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

- आक्रोशित लोगों ने सुबह बापूबाजार व देहलीगेट पर दुकानें बंद करवाई
- प्रशासन की कार्रवाई व आश्वासन के बाद बंद का आव्हान वापस लिया

प्रकरण के अनुसार गुरूवार सांय सूरजपोल थाना क्षेत्र इन्द्रनगर बीडा क्षेत्र स्थित पपिलेश्वर महादेव मंदिर में शिव एवं शीतला माता की प्रतिमा खंडित करने के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी व आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की मांग को लेकर दिनभर विरोध प्रदर्शन होता रहा। शनिवार को इन्द्रानगर विकास समिति एवं हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने देहलीगेट चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लेने की सूचना के बाद उन्होंने अपनी चार सूत्री मांग प्रशासन के समक्ष रखी जिनमें आरोपी के घर बुलडोजर चलाने की मांग भी थी। प्रशासन द्वारा पता लगाने पर आरोपी किराये के मकान में रहता था इसकी जानकारी प्रदर्शनकारियों को देने व मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई के आश्वासन के चलते दोपहर बाद मामला शांत हुआ। वहीं प्रशासन की ओर से किराये के मकान के बाहर भी नोटिस चस्पा कर दिया गया। इसके बाद हिन्दू संगठन के प्रतिनिधी रविकांत त्रिपाठी, समाजसेवी महंत काली कल्याणधाम के महंत डॉ. मनोज जोशी, समाज सेवी पूर्व पार्षद गोरव प्रतापसिंह, सन्नी पोखरना सहित प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्ट्री पहुंच जिला कलक्टर गौरव अठावाल को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान हुई बातचीत में जिला कलैक्टर ने प्रतिनिधी मंडल को उनकी मांगों पर कानून सम्मत विचार कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि गुरूवार रात मंदिर की मूर्ति खंडित होने का पता चलने पर समिति एवं हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधियों ने चौबीस घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करने एवं ऐसा नहीं करने पर उदयपुर बंद की चेतावनी दी थी। इसी के तहत आज सुबह बापूबाजार व देहलीगेट में दुकानें भी बंद करवाई गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर इन्द्रानगर विकास समिति की ओर से रवि राठौड़ पुत्र सुन्दरजी की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस टीम ने मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर गायत्री नगर मावली हॉल गोसिया कॉलोनी पटेल सर्कल निवासी फिरोज उर्फ भूरिया पुत्र बशीर मो. को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी गोसिया कॉलोनी निवासी अपनी मां के पास आता जाता रहता था।

इधर, अंजुमन तालिमुल इस्लाम उदयपुर कहा कि हमारे शहर की अमन शांत, साम्प्रदायिक सद्भाव, सामाजिक सौहार्द और इंसानियत को ठेस पहुंचाने की हरकत की हम पुरजोर तरीके से निंदा करते हैं और कहा कि किसी भी गैर कानूनी या नफरत फैलाने वाली गतिविधि को किसी मजहब, समुदाय या इसांनियत का प्रतिनिधित्व नहीं माना जा सकता। उन्होंने सभी से शांति की अपील की।

# राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने फ्रॉड राशि लौटाने का आदेश दिया

## एसबीआई कार्ड एण्ड पेमेंट सर्विसेज पर जुर्माना लगाया

**जोधपुर, (कासं) ।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने साइबर फ्रॉड मामले में महत्वपूर्ण व्यवस्था देते हुए कहा कि परिवादी के अभिलेख और साक्ष्य से यह साबित हो जाने के बावजूद भी कि ओटीपी नंबर नहीं दिए जाने पर भी क्रेडिट कार्ड से राशि निकली है, जिला उपभोक्ता आयोग द्वितीय जोधपुर द्वारा हाईकोर्ट के निर्णय को नजर अंदाज कर नहीं मानकर परिवाद खारिज किया जाना विधि सम्मत नहीं है। परिवादी की अपील मंजूर करते हुए आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कच्छवाहा और सदस्य लियाकत अली ने एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज पर 15 हजार रुपए हर्जाना लगाते हुए 45 दिन में 1 लाख 12 हजार 917 रुपए मय 12 जुलाई 2025 से ब्याज और पांच हजार रुपए वाद व्यय अदा करने का आदेश दिया।

अपीलार्थी नरेन्द सिंह राठौड़ की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि परिवादी के क्रेडिट कार्ड से 12 जुलाई 2025 को कुछ ही समय में तीन लेनदेन बताकर कुल राशि 1 लाख 12 हजार 917 रुपए निकाल ली गई। इस पर नरेन्द सिंह राठौड़ की ओर से बिना देरी के हाथोंहाथ साइबर और पुलिस थाने में रपट दर्ज करा दी गई कि थी कि बिना ओटीपी साझा किए ही उसके खाते से राशि निकल गई। अधिवक्ता भंडारी ने बहस करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ के निर्णय में कहा है कि तीन दिन में पीड़ित पक्षकार साइबर फ्रॉड बाबत संबंधित बैंक या वित्तीय संस्था को सूचित कर देता है तो बैंक क्षतिपूर्ति के लिए जिम्मेदार है।

पीड़ित ने पहले जिला आयोग में परिवाद दायर किया था। जिसे जिला आयोग द्वारा खारिज कर दिया गया। जिला आयोग का परिवाद खारिज किया जाना विधि सम्मत नहीं होने से रद्द किया जाए। दूसरी तरफ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में एसबीआई कार्ड की ओर से जिला आयोग का निर्णय यथावत रखने का अनुरोध किया गया।

राज्य उपभोक्ता आयोग ने पीड़ित की अपील मंजूर करते हुए कहा कि राजस्थान उच्च न्यायालय के निर्णय को नजर अंदाज किया जाना विधि सम्मत नहीं है और परिवादी ने अपने अखंडनीय साक्ष्य से साबित किया कि बिना ओटीपी साझा किए ही क्रेडिट कार्ड से राशि निकली है सो जिला आयोग का निर्णय रद्द किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि एसबीआई कार्ड एंड पेमेंट सर्विसेज अपीलार्थी को 45 दिन में 1 लाख 12 हजार 917 रुपए मय ब्याज,15 हजार रुपए हरजाना और पांच हजार रुपए वाद व्यय अदा करें अन्यथा 9 फीसदी ब्याज निर्णय तिथि से देना होगा।

# खैरथल नगर परिषद बोर्ड गठन से पहले व्यापारी लामबंद, विरोध में बाजार बंद रहे

## चुनाव परिणाम आने के बाद शुरू हुआ राजनीतिक घटनाक्रम अब कथित पार्षद अपहरण, पुलिस कार्रवाई और बाजार बंद तक पहुंच गया

**अलवर,** (निसं)। खैरथल नगर परिषद सभापति की कुर्सी और उसे पाने के लिए सियासी खेल चल रहा है। 45 वार्डों वाली खैरथल नगर परिषद में चुनाव परिणाम आने के बाद शुरू हुआ राजनीतिक घमासान अब कथित पार्षद अपहरण, पुलिस कार्रवाई और बाजार बंद तक पहुंच गया है। शनिवार को शहर के प्रमुख बाजार बंद रहे। व्यापारियों की नाराजगी के बीच पुलिस कार्रवाई और राजनीतिक खेमेबंदी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब सबकी निगाहें21 सितंबर को होने वाले सभापति चुनाव पर टिकी हैं। वहीं कृषि उपज मंडी के व्यापारियों ने भी बैठक करके 19 से 21 सितंबर तक मंडी पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया है। बाजार और मंडी बंद होने से शहर में व्यापारिक गतिविधियों पर बड़ा असर पड़ा है।



खैरथल के शहर के प्रमुख बाजार शनिवार को बंद रहे।

- निर्वाचित कांग्रेस पार्षद रामधन के मामले में परिजनों की ओर से कांग्रेस सभापति प्रत्याशी ओमप्रकाश रोघा सहित अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने की बात सामने आई

14 सितंबर को घोषित चुनाव परिणाम में कांग्रेस ने 20, भाजपा ने 8 और निर्दलीयों ने 17 सीटों पर जीत दर्ज की। बहुमत के लिए 23 पार्षदों का समर्थन जरूरी है। ऐसे में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अहम हो गई। चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे विक्रम सिंह चौधरी के भाजपा में शामिल होने और उनके साथ पार्षदों के पाला बदलने से सभापति चुनाव के समीकरण बदल गए। विक्रम चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में सभापति पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। वहीं कांग्रेस ने अपने हारे उम्मीदवार ओमप्रकाश रोघा को हाइब्रिड फार्मूले के तहत अपना प्रत्याशी बनाया है। दोनों प्रमुख दलों के बीच मुकाबले के चलते चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक हलचल तेज है।

सभापति चुनाव की तैयारियों के बीच निर्वाचित पार्षदों के कथित अपहरण को लेकर शिकायतों और एफआईआर की जानकारी सामने आने से विवाद गहरा गया है। वार्ड नंबर 3 से निर्वाचित कांग्रेस पार्षद रामधन के मामले में परिजनों की ओर से कांग्रेस सभापति प्रत्याशी ओमप्रकाश रोघा सहित अन्य लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराए जाने की बात सामने आई है। मामले में लगाए गए आरोपों की पुलिस स्तर पर जांच की जा रही है। एक अन्य मामले वार्ड 20 में भी पार्षद को जबरन वाहन में ले जाने के आरोप लगाए गए हैं। इन घटनाओं के बाद दोनों राजनीतिक खेमों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

पार्षदों से जुड़े मामलों में पुलिस कार्रवाई और व्यापारियों के नाम सामने आने के विरोध में व्यापारिक संगठनों में नाराजगी देखी गई। शनिवार को व्यापारियों के आव्हान पर खैरथल के कई प्रमुख बाजार बंद रहे। अनाज मंडी, सब्जी मंडी, किराना यूनियन, कन्फेक्शनरी, रेडीमेड गारमेंट्स, बर्तन यूनियन, चूड़ी मार्केट, तिरंगा मार्केट और 40 फुटा रोड समेत कई क्षेत्रों में व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। व्यापारियों का कहना है कि चुनावी विवाद के बीच व्यापारियों पर दबाव या अनावश्यक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उनका आरोप है कि राजनीतिक खींचतान में व्यापारियों को भी कार्रवाई के दायरे में लाया जा रहा है।

शुक्रवार को खैरथल अनाज मंडी परिसर में हुई मॉक ड्रिल भी चर्चा का विषय बनी। व्यापारियों और किसानों के बीच इस बात को लेकर सवाल उठे कि सभापति चुनाव से ठीक पहले मंडी में मॉक ड्रिल आयोजित करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? कुछ व्यापारियों का कहना था कि इससे मंडी में आने वाले लोगों के बीच अनावश्यक आशंका का माहौल बना। शनिवार को बाजार बंद के दौरान अनाज मंडी परिसर में, रेलवे फाटक के समीप पुलिस वाहनों की गश्त भी नजर आई।

जानकारी के अनुसार खैरथल नगर परिषद में सभापति का चुनाव 21 सितंबर को होना है। 45 सदस्यीय परिषद में बहुमत के लिए 23 पार्षदों का समर्थन आवश्यक है। चुनाव परिणाम में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन इसके बाद हुए राजनीतिक घटनाक्रम से समीकरण बदल गए। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने की कोशिश में हैं।

# अफीम तस्करी से अर्जित दो करोड़ की संपत्ति फ्रीज़

**जोधपुर,** (कासं)। मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जोधपुर पूर्व पुलिस ने अफीम तस्करी से अर्जित संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी रतनसिंह पुत्र हनुमानराम निवासी रतकुड़िया, हाल एकता नगर, रमजानजी का हथ्था के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए करीब दो करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज करने के आदेश जारी किए हैं।

- आठ किलो अफीम और करीब एक करोड़ नगद बरामदगी के बाद पुलिस की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार 17 जुलाई को आरोपी रतनसिंह के कब्जे से क्रेटा कार में 8.264 किलो अफीम और 1 करोड़ 6 लाख 50 हजार रुपए नकद बरामद किए गए थे। इस मामले में थाना बनाड़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री से अर्जित राशि से संपत्ति बनाई है। जांच के बाद आरोपी की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति का पता लगाया गया। कार्रवाई में 1 करोड़ 6 लाख 50 हजार रुपए नगद तथा ग्राम नांदड़ी में खसरा नंबर 81/1 के भूखंड संख्या 36 से 39 पर बने आरोपी के आवासीय मकान को शामिल किया गया है। मकान का वर्तमान मूल्य 93 लाख 39 हजार 28 रुपए बताया गया है। दोनों की कुल कीमत करीब 2 करोड़ रुपए है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत संपत्ति फ्रीज करने का प्रस्ताव सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली को भेजा था। जांच के बाद सक्षम प्राधिकारी ने संपत्ति को फ्रीज करने का आदेश स्वीकृत किया। अब सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना इस संपत्ति को किसी भी प्रकार से हस्तांतरित नहीं किया जा सकेगा। पुलिस के अनुसार रतनसिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल दो प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित आय से जमीन, भूखंड आदि में निवेश किए जाने की भी जानकारी जुटाई जा रही है। ऐसी संपत्तियों के संबंध में आगे प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## मकान व दुकान में आग लगी

**कोटा,** (निसं)। शहर में शनिवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में आगजनी का मामला सामने आया। जानकारी के अनुसरा महावीर नगर प्रथम इलाके में शनिवार तड़के एक मकान में आग लग गई, वहीं गुमानपुरा थाना क्षेत्र के शॉपिंग सेंटर स्थित फर्नीचर शौरूम में आग की घटना सामने आई। अगिनश्मन विभाग के अमजद खान ने बताया कि शनिवार तड़के महावीर नगर प्रथम के एक मकान में आग लगने की सूचना मिली, इस पर टीम को रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर एक दमकल की मदद से आग पर काबू पाया घर में अन्य परिजन और बच्चे भी फंसे थे, जिन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार अग्निशमन वाहन के चालक राजकुमार शर्मा, फॉयरमैन रोहित मीणा, हरिओम और महेश ने लोगों को बचाया और आग पर काबू पाया गया।

# डोडा-पोस्त चूरा सहित तस्कर गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे 52 लसेड़ी टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 किलो 725 ठाम डोडा पोस्त चूरा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि पुलिस टीम टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी कर रही थी। सुबह करीब 6:10 बजे एक व्यक्ति हाथ में प्लास्टिक का कट्टा लेकर टोल क्रॉस कर साइड सड़क से पैदल आता दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगा। शक होने पर रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजकुमार पुत्र बलदेव, बाजीगर निवासी बाजीगर बस्ती नाभा, थाना कोतवाली नाभा, जिला पटियाला (पंजाब) होना बताया। तलाशी में उसके कट्टे से डोडा पोस्त चूरा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर कुल वजन कट्टे सहित 6.725 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह डोडा-पोस्त खाने का आदी है और मल्हारगढ़ (मध्यप्रदेश) में एक व्यक्ति से लेकर बस व प्राइवेट वाहनों से पंजाब अपने घर जा रहा था। रात को टोल पर प्राइवेट गाड़ी से उतरा था। आरोपी को सुबह दस बजे गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस मामले को लेकर गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# कार को पीछे से ट्रक ने टक्कर मारी, दो की मौत

## हादसे में कार के परखच्चे उड़े, अंदर फंसे लोगों को गेट तोड़कर बाहर निकाला

**सूरजगढ़/ झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र में रघुनाथपुरा टोल प्लाजा के पास गुरूवार देर रात कार और ट्रक की भीषण भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और बचाव दल की मदद से कार का गेट तोड़कर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद सभी घायलों को एंबुलेंस से सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

- दिल्ली के आश्रम से धार्मिक यात्रा पूरी कर लौट रहे थे, सूरजगढ़ थाना क्षेत्र में रघुनाथपुरा टोल प्लाजा के पास हुआ हादसा



हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और सवार लोग अंदर फंस गए।

सूरजगढ़ थाने के एसआई कानाराम ने बताया कि कार में सवार सभी लोग दिल्ली स्थित एक आश्रम से धार्मिक यात्रा पूरी करने के बाद घर लौट रहे थे। देर रात कार रघुनाथपुरा टोल प्लाजा के पास पहुंची। सड़क पर बने ब्रेकर पर चालक ने कार की रफ्तार कम की। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक के चालक ने कार को बचाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रक कार से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला और पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोग अंदर फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व बचाव दल की मदद से राहत कार्य शुरू किया।

हादसे में घायल लोगों को तत्काल सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने चूरू हाल सीकर निवासी शर्मीला और गुढ़ा निवासी महेंद्र को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं सीथल निवासी ओमप्रकाश की हालत गंभीर बताई गई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में घायल हरिराम, शीशराम और आलोक, सभी निवासी सीथल, का सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद कार की हालत इतनी खराब हो गई थी कि उसमें सवार लोग बाहर नहीं निकल पा रहे थे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने बचाव दल के साथ मिलकर कार का गेट तोड़ा और अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। एसआई कानाराम के अनुसार पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक ब्रेकर पर कार की गति कम होने के दौरान पीछे से आ रहे ट्रक की टक्कर से दुर्घटना हुई।

## निर्दलीय पार्षद के दो समर्थकों को पीटा

**अलवर,** (निसं)। अलवर नगर निगम के वार्ड 40 से निर्दलीय चुनाव जीतीं पार्षद अनीता देवी बीजेपी की बाड़ेबंदी में चली गई। इसको लेकर अनीता देवी के दो समर्थकों के साथ मारपीट की घटना हो गई। दोनों समर्थकों को दूसरे प्रत्याशी के समर्थकों पर पीटने का आरोप है। अनीता देवी के दोनों समर्थकों को चोटें आई हैं, उन्हें जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

- गांव में शांति बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ाई, पुलिस ने निष्पक्ष जांच की बात कही

अस्पताल में भर्ती बेलाका निवासी घायल याकूब ने बताया कि वार्ड 40 से चुनाव जीतने के बाद प्रत्याशी अनीता ने भाजपा बोर्ड बनाने के लिए अपना समर्थन दे दिया था। इसी बात से नाराज होकर गांव के ही अब्दुल रज्जाक सहित कई लोगों ने चुनावी रंजिश के चलते गाली-गलौज शुरू कर दी।

गाली-गलौज का विरोध करने पर हमलावरों ने उन्हें लाठी-डंडों और लोहे के सरियों से पीटा गया। इस हमले में अब्बास के सिर पर गंभीर चोट आई हैं, वहीं याकूब भी घायल हुआ है। दोनों अस्पताल में भर्ती हैं। उधर, घटना के बाद गांव में दोनों गुटों के बीच भारी तनाव का माहौल बना हुआ है। दूसरे पक्ष का कहना है कि यह विवाद केवल राजनीतिक समर्थन तक सीमित नहीं है, बल्कि चुनावी नतीजों के बाद से ही गांव में गुटबाजी और आपसी कहासुनी चल रही थी, जिसने अचानक हिंसक रूप ले लिया। इस मामले में वैशाली नगर पुलिस जांच करेगी। गांव में शांति बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है और पुलिस ने निष्पक्ष जांच की बात कही है।

# वकील के सूने मकान में हुई 25 लाख की चोरी का खुलासा

**अजमेर,** (निसं)। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र के केसरगंज में एडवोकेट के सूने मकान से करीब 25 लाख रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रानीगंज निवासी जुबेर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार जुबेर रानीगंज का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ चोरी, नकबजनी, डकैती की साजिश, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट सहित 14 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की रकम में से 7 लाख 69 हजार 870 रुपए बरामद किए हैं।

- हिस्ट्रीशीटर जुबेर गिरफ्तार, दीवार तोड़कर घर में घुसा था आरोपी
- पुलिस ने 7.69 लाख रुपए बरामद किये, बाकी रकम और सामान की तलाश जारी

एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि चोरी की रकम काफी अधिक होने के कारण मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। सीओ साउथ मनीष बड़गुर्जर के नेतृत्व में क्लॉक टावर थाना प्रभारी भीखाराम काला और पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके बाद उसकी पहचान सुनिश्चित कर पुलिस टीम ने दरगाह क्षेत्र में दबिश देकर जुबेर को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 7,69,870 रुपए नगद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार ब्यावर रोड स्थित नर्सिंग होम के पास रहने वाले एडवोकेट विक्रम मल्होत्रा ने 9 सितंबर को क्लॉक टावर थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के मुताबिक 8 सितंबर की सुबह करीब 8:55 बजे वह अपने घर से निकलकर सेशन कोर्ट गए थे। इसी दौरान आरोपी ने मकान को सूना देखकर पीछे की ओर से दीवार तोड़ी और घर के अंदर प्रवेश कर गया। आरोपी ने कमरे में रखी नकदी के अलावा एक सैमसंग मोबाइल फोन और करीब सात-आठ घड़ियां चोरी कर लीं। इसके साथ ही एक स्मार्टफोन तथा दो की-पैड मोबाइल भी अपने साथ ले गया। घर लौटने पर चोरी का पता चला तो पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी।

जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी जुबेर मूल रूप से पश्चिम बंगाल के रानीगंज का रहने वाला है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वह वहां का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ अलग-अलग गंभीर धाराओं में14 प्रकरण दर्ज बताए गए हैं। इनमें चोरी, नकबजनी, डकैती की साजिश, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उसने अजमेर में इससे पहले भी किसी वारदात को अंजाम दिया है या नहीं।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात अकेले करना बताया है। हालांकि पुलिस को आशंका है कि वारदात के बाद उसने अजमेर में अन्य लोगों से संपर्क किया हो सकता है। इसी को देखते हुए पुलिस उसके संपर्क में रहने वाले लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस अब बरामदगी से शेष चोरी की रकम, मोबाइल फोन, घड़ियों और अन्य सामान की तलाश कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि चोरी की रकम को आरोपी ने कहां और किसके पास रखा था। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे और बरामदगी होने की संभावना है।

# एसआई-प्लाटून कमांडर पुनः परीक्षा आज

**अजमेर,** (निसं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की ओर से उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर संयुक्त प्रतियोगी पुनः परीक्षा-2021 का आयोजन 20 सितंबर को किया जाएगा। परीक्षा प्रदेश के 11 जिलों में बनाए गए 666 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इसमें कुल 2,18,131 अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयोग ने 17 सितंबर को प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं।

परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अजमेर में भी प्रशासन ने तैयारियां की हैं। इसी क्रम मेंजीसीए प्राचार्य मनोज कुमार बैरवाल ने स्कूल एवं कॉलेज के शिक्षकों के साथ बैठक लेकर परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं और नियमों की जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए कार्मिकों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

# दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित सहारा मिला

**जोधपुर,** (कासं)। उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में कार्यरत टीटीई ने टिकट जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित संरक्षण दिलाकर सामाजिक सरोकार का उदाहरण पेश किया। दोनों बच्चे घर से बिना बताए निकले हुए थे।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि टीटीई अमित कुमार ट्रेन संख्या 22491 जोधपुर-दिल्ली मंडोर सुपरफास्ट में टिकट जांच कर रहे थे। इस दौरान डेगाना से मकराना के बीच एस-3 कोच में दो नाबालिग बच्चे मिले। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे घर से बिना बताए निकलकर ट्रेन में सवार हुए हैं और उनके पास कुछ भी नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीटीई ने तत्काल जोधपुर कमर्शियल कंट्रोल और चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना दी। साथ ही बच्चों से उनके परिजनों के संपर्क नंबर लेकर उन्हें भी घटना की जानकारी दी गई। दोनों बच्चे अलवर के रहने वाले थे। सूचना मिलने पर उनके पिता संबंधित प्रक्रिया के तहत पहुंचे और दोनों बच्चों को सुरक्षित प्राप्त किया।

## अवैध शराब जब्त

**टोंक,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में पुरानी टोंक थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में गठित टीम ने नसिया के पास से अवैध देशी शराब परिवहन करते हुए आरोपी राजेश कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार हरिजन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्लास्टिक के कट्टे में रखी देशी शराब जप्त की है। इसी प्रकार इस अभियान में दत्तवास पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी धोलुराम पुत्र नाथु लाल मीणा को गिरफ्तार कर अवैध देशी शराब जप्त की। इसी क्रम में थाना घाड पुलिस टीम ने अभियान में कार्यवाही करते हुए क्षैत्र के चारनेट रोड क्रेशर के पास घाड से आरोपी श्रवण पुत्र पुरुषोतम कुम्हार को देशी शराब परिवहन करते हुए जाये जाने पर मौके से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब जब्त की। इसी प्रकार लाम्बाहरिसिंह थानाधिकारी घासीलाल के नेतृत्व में गठित टीम पाण्डरवाडा जाने वाले कच्चे रास्ते पर अवैध देशी शराब परिवहन करते हुए 54 पव्वे जप्त किये गये हैं। कार्यवाही के दौरान आरोपी अन्धेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गये।

# पत्नी के चुनाव प्रचार के कारण पति को ड्यूटी से गैर हाजिर रहने पर निलंबित किया

अलवर, (निसं)। अलवर जिले की कठूमर नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव की सरगर्मियों के बीच एक खबर सामने आई है। कठूमर नगर पालिका से कांग्रेस की चेयरमैन प्रत्याशी सोरनदेई के पति और ग्राम पंचायत टोडा में कार्यरत कनिष्ठ सहायक राजीव कुमार को तुरंत प्रभाव से सरकारी सेवा से निलंबित कर दिया गया है।

- निलंबन काल के दौरान कनिष्ठ सहायक राजीव कुमार का नया मुख्यालय जिला परिषद कार्यालय, अलवर निर्धारित किया गया
- आदेश के अनुसार कनिष्ठ सहायक राजीव कुमार बीते 8 सितंबर से बिना किसी पूर्व सूचना या प्रशासनिक अनुमति के अपनी सरकारी ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित पाए गए थे

विकास अधिकारी पंचायत समिति कठूमर की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार राजीव कुमार बीते 8 सितंबर से बिना किसी पूर्व सूचना या प्रशासनिक अनुमति के अपनी सरकारी ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित पाए गए थे। चुनाव के ऐन मौके पर एक पंचायत कर्मचारी और कांग्रेस प्रत्याशी के पति पर हुई इस कड़ी कार्रवाई के बाद स्थानीय राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

गौरतलब है कि कठूमर नगरपालिका में पहली बार चेयरमैन पद का चुनाव हो रहा है। इस पद के लिए कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला होगा। कांग्रेस की तरफ से वार्ड 16 की पार्षद सोरन देई हैं, तो उनके मुकाबले में भाजपा ने वार्ड 7 से निर्दलीय जीतीं मणि देवी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कठूमर नगरपालिका का चेयरमैन पद अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित है। इस पद के लिए 21 सितंबर को मतदान होगा।

कठूमर पंचायत समिति के विकास अधिकारी द्वारा जारी निलंबन आदेश में स्पष्ट किया गया है कि ग्राम पंचायत टोडा में कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात राजीव कुमार 8 सितंबर से अपने कार्यस्थल से नदारद थे। उन्होंने न तो कोई अवकाश का आवेदन दिया था और न ही अपने उच्च अधिकारियों को अनुपस्थित रहने की कोई पूर्व सूचना दी थी। इसे सरकारी कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही और प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन मानते हुए राज्य सेवा नियमों के तहत तुरंत प्रभाव से सस्पेंड किया गया है।

**जिला परिषद अलवर तय किया गया हेडक्वार्टर :-**निलंबन काल के दौरान राजीव कुमार का नया मुख्यालय जिला परिषद कार्यालय, अलवर निर्धारित किया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि नियमानुसार निलंबन अवधि के दौरान उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता ही दिया जाएगा। बिना अनुमति अनुपस्थित रहने को लेकर स्थानीय स्तर पर जांच भी शुरू कर दी गई है।

इस निलंबन की कार्रवाई को महज एक प्रशासनिक कदम नहीं माना जा रहा है, क्योंकि राजीव कुमार का सीधा संबंध कठूमर नगर पालिका के मौजूदा अध्यक्ष चुनाव से है। उनकी पत्नी सोरनदेई हाल ही में संपन्न हुए निकाय चुनावों में वार्ड 16 से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीतकर पार्षद बनी हैं। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी ने उन्हें नगर पालिका अध्यक्ष पद का आधिकारिक उम्मीदवार बनाया है।

स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि 8 सितंबर से राजीव कुमार का ड्यूटी से गायब होना नगर पालिका चुनाव की राजनीतिक घेराबंदी और प्रत्याशियों की बाड़ाबंदी से जुड़ा हो सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी के पति पर हुए इस निलंबन के बाद कठूमर नगर पालिका चुनाव का सियासी पारा चढ़ गया है। एक तरफ जहां प्रशासनिक अधिकारी इसे नियमों के तहत की गई सामान्य विभागीय कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं कांग्रेस खेमे और स्थानीय समर्थकों के बीच इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं जारी हैं। अब देखना यह होगा कि इस प्रशासनिक कार्रवाई का असर अध्यक्ष पद के अंतिम चुनावी नतीजों पर किस तरह पड़ता है।

## श्रीगंगानगर से बिहार के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। आगामी त्योहारों के सीजन को देखते हुए रेलवे के जरिए यात्रियों की सुविधा के लिए श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 7-7 चक्कर लगाएगी।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार, गाड़ी संख्या 04731 श्रीगंगानगर-समस्तीपुर साप्ताहिक स्पेशल का संचालन 18 अक्टूबर से 29 नवंबर 2026 तक किया जाएगा। यह ट्रेन श्रीगंगानगर से हर रविवार दोपहर 1:25 बजे रवाना होगी और अगले दिन रात 11:15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04732 समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 20 अक्टूबर से 1 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा।


**न्यायालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश करौली**

**पार्वती व अन्य बनाम सब पोस्टमास्टर शाखा राजस्थान यूनिवर्सिटी व अन्य**

प्रार्थना पत्र धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
मुकदमा नं. 05/2026
में

**नोटिस हर खास आम**

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण 1- पार्वती मीणा बेवा हरिसिंह मीणा निवासी ग्राम शेखपुरा तहसील टोडाभीम जिला करौली हाल आबाद C/o रवि कुमार मीना बी-1404 फेलिसिटी ऐवेन्च्यूरा, सी.बी.आई. फाटक के पास अपोजिट जगतपुरा शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर (राज0) 2- अक्षय कुमार मीना पुत्र हरिसिंह मीना निवासी ग्राम शेखपुरा तहसील टोडाभीम जिला करौली हाल आबाद सी-2, 402, क्लेओ काउंटी सेक्टर 121, नोएडा जिला गौतम बुद्ध नगर (उ0प्र0) 3- आशुतोष मीणा पुत्र हरिसिंह मीणा निवासी ग्राम शेखपुरा तहसील टोडाभीम जिला करौली हाल आबाद C 1876, IVth Floor, सी ब्लॉक सेक्टर-23 पालम विहार, गुडगांव, हरियाणा 4-एकता मीणा पुत्री हरिसिंह मीणा पत्नि रवि कुमार मीना निवासी बी-1404 फेलिसिटी ऐवेन्च्यूरा, सी.बी.आई. फाटक के पास अपोजिट जगतपुरा शूटिंग रेंज, जगतपुरा, जयपुर (राज0) ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश कर मृतक हरी सिंह मीणा पुत्र जौहरीलाल जाति मीना निवासी गुलाब बाग ग्राम शेखपुरा तहसील टोडाभीम जिला करौली की मृत्यु दिनांक 10.07.2024 को हो चुकी है। प्रार्थीगण द्वारा मृतक हरिसिंह के सब पोस्टऑफिस शाखा राजस्थान यूनिवर्सिटी जयपुर के पी.पी.एफ खाता में दिनांक 31.03.2026 तक जमा कुल राशि 20,19,530 / रू0 प्राप्त करने हेतु आवेदन उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत न्यायालय में पेश किया है जिस किसी को भी इस संदर्भ में आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने प्लीडर द्वारा नियत दिनांक 27.10.2026 को समय करीब 10:30 ए.एम. पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे।

257 / 16/09/26

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय, करौली

# दुर्गापुरा के निजी अस्पताल में दो डेड बॉडी की अदला-बदली से हड़कंप मचा

## एफआईआर के बाद शांत हुआ हंगामा

- अस्पताल की लापरवाही से एक परिवार दूसरे मृतक की बॉडी लेकर करीब 20 किलोमीटर दूर रवाना हो गया। बाद में अस्पताल स्टाफ को गलती का पता चला तो नावां (डीडवाना-कुचामन) जा रहे परिवार को फोन कर वापस बुलाया गया
- परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**जयपुर।** दुर्गापुरा स्थित आंच हॉस्पिटल में शनिवार सुबह दो मृतकों की डेड बॉडी बदलने का मामला सामने आया। अस्पताल की लापरवाही से एक परिवार दूसरे मृतक की बॉडी लेकर करीब 20 किलोमीटर दूर रवाना हो गया। बाद में अस्पताल स्टाफ को गलती का पता चला तो नावां (डीडवाना-कुचामन) जा रहे परिवार को फोन कर वापस बुलाया गया। बॉडी वापस अस्पताल पहुंचने के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर करीब दो घंटे तक हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**17 सितंबर को भर्ती हुए थे दोनों मरीज:-**

एसीपी शिवदयाल बाजिया के अनुसार 17 सितंबर को नावां निवासी 53 वर्षीय गिरधारी लाल और बानसूर (कोटपूतली-बहरोड़) निवासी घेसालाल को दुर्गापुरा स्थित आंच हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार रात दोनों की मौत हो गई। शनिवार सुबह अस्पताल स्टाफ ने गिरधारी लाल की बॉडी घेसालाल के परिजनों को सौंप दी। परिवार बॉडी लेकर घर के लिए रवाना हो गया। करीब 20 किलोमीटर दूर पहुंचने के बाद अस्पताल स्टाफ ने फोन कर बॉडी बदलने की जानकारी दी और परिवार को वापस अस्पताल बुलाया।

**सुबह 8.30 बजे धरने पर बैठे परिजन:-**

गलती की जानकारी मिलने के बाद गिरधारी लाल के परिजन भी अस्पताल पहुंचे। नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सुबह करीब 8.30 बजे अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया। करीब दो घंटे तक प्रदर्शन चला। मौके पर पहुंची जवाहर सर्किल थाना पुलिस ने परिजनों से समझाइश का प्रयास किया। परिजनों का आरोप था कि इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी अस्पताल प्रशासन का रवैया उचित नहीं था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने शुरुआत में उनकी शिकायत दर्ज करने से इनकार किया। बाद में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल के हस्तक्षेप के बाद करीब 10 बजे एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद परिजनों का हंगामा शांत हुआ।

**रिश्तेदार ने इलाज में भी लापरवाही का लगाया आरोप:-**

गिरधारी लाल के रिश्तेदार रमेश चौधरी ने अस्पताल प्रशासन पर उपचार में भी गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि गिरधारी लाल 17 सितंबर से वेंटिलेटर पर थे और उनके फेफड़ों में संक्रमण था। परिजनों को मरीज से मिलने नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि गिरधारी लाल की मौत दो दिन पहले ही हो गई थी, लेकिन अस्पताल की ओर से इलाज जारी होने की बात कही जाती रही। शनिवार सुबह उन्हें मौत की जानकारी दी गई।

**चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की गलती से बदली बॉडी:-**

हॉस्पिटल नर्सिंग सोसायटी के प्रवक्ता राजवीर सिंह ने बताया कि डेड बॉडी शिफ्ट करने की निर्धारित प्रक्रिया होती है। अस्पताल के गेट पर खड़ी एंबुलेंस में नावां-कुचामन क्षेत्र के मरीज की बॉडी ले जानी थी, लेकिन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की गलती तथा एंबुलेंस चालक या परिजनों की गफलत के कारण दूसरी बॉडी उसमें रखकर रवाना हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# बारह साल पुराने आदेश की पालना 14 दिन में करो : हाईकोर्ट

- अदालत ने कहा आदेश की पालना नहीं होती है तो पंचायती राज सचिव हाजिर होकर इस संबंध में जवाब दें

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने 12 साल पहले दिए आदेश की पालना नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने दो सप्ताह में राज्य सरकार को पालना रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

अदालत ने कहा है कि यदि इस दौरान आदेश की पालना नहीं होती है तो पंचायती राज सचिव हाजिर होकर इस संबंध में जवाब दें। जस्टिस अनुरूप सिंघी की एकलपीठ ने यह आदेश भगवान की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अवमानना याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने बताया कि प्रार्थी पूर्व में ग्राम सेवक पद पर कार्यरत था। उसकी प्रथम नियुक्ति एवं ज्वाइनिंग तिथि 9 जनवरी 1997 थी, लेकिन विभाग ने वरिष्ठता सूची में उसकी ज्वाइनिंग एक सितंबर 1997 कर दी। इसके चलते प्रार्थी से जूनियर ग्राम सेवक सीनियर हो गए और उन्हें उसी आधार पर पदोन्नित दी गई।

इसे याचिकाकर्ता ने साल 2013 में सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में चुनौती दी। अधिकरण ने उसकी अपील मंजूर कर 8 मार्च 2014 को आदेश जारी कर विभाग को याचिकाकर्ता की वरिष्ठता को संशोधित करते हुए पदोन्नित आदेश जारी करने को कहा। इस आदेश की पालना नहीं होने पर अधिकरण ने इसे अवमानना मानते हुए साल 2023 में मामला हाईकोर्ट को रेफर कर दिया। इस दौरान राज्य सरकार ने उसकी सीनियरिटी तो निर्धारित कर दी, लेकिन पदोन्नित नहीं दी।

याचिकाकर्ता ने ने कहा कि उससे जूनियर कई कर्मचारी पदोन्नत होकर विकास अधिकारी बन गए हैं, लेकिन 12 साल से आदेश की पालना नहीं होने पर उसे पदोन्नित नहीं मिल पाई है। इसलिए आदेश का पालन कराया जाए।

जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने दो सप्ताह में आदेश की पालना नहीं होने पर पंचायती राज सचिव को हाजिर होने को कहा है।

# महिला के गले से चेन तोड़ भागे बदमाश

**जयपुर।** बजाज नगर थाना इलाके के दुर्गापुरा मार्केट में शुक्रवार शाम बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी पर बैठी महिला के गले से सोने की चेन तोड़ ली और फरार हो गए। वारदात के दौरान महिला स्कूटी से नीचे गिरते-गिरते बची। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे बाइक पर सवार होकर भाग निकले। वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। पुलिस फुटेज के आधार पर लुटेरों की तलाश कर रही है। रवि जैन अपनी पत्नी मोना जैन के साथ दुर्गापुरा मार्केट में खरीदारी के लिए आए थे। रवि मेडिकल शॉप पर दवाई लेने चले गए, जबकि उनकी पत्नी मोना स्कूटी पर बैठकर पति का इंतजार कर रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार दो बदमाश कुछ दूरी पर आकर रुके। बदमाश उनके गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ ली।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** महाराजा महाविद्यालय, जयपुर में मुस्कान फाउंडेशन की ओर सेबीआरएसीई (रोड सेफ्टी कॉलेज एजुकेशन प्रोग्राम) के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जयपुर आरटीओ-2 एवं परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरटीओ इंस्पेक्टर दिनेश सिंह, जो महाराजा महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी हैं, ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की।

मुस्कान फाउंडेशन केमहेश कुमार शर्मा एवं समीर नैनावत ने विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, सुरक्षित ड्राइविंग और सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार को लेकर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कियातायात नियमों का पालन करे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110 वीं जयंती पर कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश चंद अग्रवाल, प्रो. मोहनलाल छीपा ने पोस्टर विमोचन किया।

**जयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति द्वारा शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में दीनदयाल उपाध्याय जी की 110 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश चंद अग्रवाल, प्रो. मोहनलाल छीपा, अध्यक्ष, समारोह समिति एवं सचिव प्रतापभानू सिंह शेखावत द्वारा किया गया।समिति के अध्यक्ष प्रो. मोहनलाल छीपा ने बताया कि समिति द्वारा 25 सितंबर को धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की 110 वीं जयंती पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय : एकात्म मानवदर्शन एवं भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर स्मृति व्याख्यान का आयोजन 25 सितंबर को अपराह्न 3:30 बजे किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ओ. पी. अग्रवाल जे.ई.सी.आर.सी. विश्वविद्यालय के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी मनीष गुप्ता इनसोलेशन एनर्जी लि. के अध्यक्ष करेंगे। इस कार्यक्रम में "हमने दीनदयाल उपाध्याय को देखा है" एवं गत वर्ष हीरक जयंती के अवसर पर प्रस्तुत शोध पत्रों से संबंधित पुस्तक का विमोचन होगा। इस कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल जी पर शोध करने वाले शोधार्थियों तथा इस वर्ष 2026 में राजस्थान से पद्मश्री के लिए चयनित बंधुओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

समिति के सचिव प्रतापभानू सिंह शेखावत ने बताया कि जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 20 सितंबर से 25 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिनमें 20 सितंबर को समिति के महिला प्रकोष्ठ द्वारा एकात्म मानव दर्शन एवं स्त्री विमर्श विषयक व्याख्यान होगा ।इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी होगी तथा मुख्य वक्ता स्मृति ईरानी, राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय जनता पार्टी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका पांडे समाजसेविका एवं उद्योगपति करेंगी तथा विशिष्ट अतिथि संगीता जांगिड़ होगी।समिति के सचिव प्रतापभानू सिंह शेखावत ने बताया 20 सितंबर को ही " दीनदयाल को जानो प्रतियोगिता" का ऑनलाइन आयोजन होगा । 21-22 सितंबर को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्मक दर्शन और भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे . नंद कुमार होंगे। यह संगोष्ठी ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से आयोजित की जाएगी।

# जलझूलनी एकादशी कल

**जयपुर।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष एकादशी 22 सितंबर को जल झूलनी एकादशी के रूप में मनाई जाएगी। छोटीकाशी के सभी मंदिरों में उत्सव होंगे। बारिश के बार लबालब जलाशय में ठाकुरजी नौका में विराजमान कर नौका विहार कराया जाएगा। इस भाव से मंदिरों में आयोजन होंगे।

मुख्य आयोजन श्री गोविन्द धाम, ठिकाना मंदिर श्री गोविन्द देवजी में होगा। हालांकि यहां नौका विहार नहीं होगा। ठाकुर श्रीजी को नटवर वेश एवं विशेष श्रृंगार धारण कराया जाएगा। उत्सव के तहत ग्वाल झांकी के बाद शाम 4.45 से 5.15 बजे तक जलझूलनी एकादशी पूजन होगा। इस अवधि में दर्शन पट मंगल रहेंगे। महंत अंजन कुमार गोस्वामी पूजन करेंगे।

# फायरमैन की पदोन्नित से हाईकोर्ट की रोक हटी

- अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में अपील दायर करने की छूट दी

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने नगर निगम में फायरमैन की पदोन्नित की डीपीसी को चुनौती देने वाले मामले की सुनवाई का क्षेत्राधिकार हाईकोर्ट को नहीं माना है। इसके साथ ही अदालत ने याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ताओं को इस संबंध में सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण में अपील दायर करने की छूट दी है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश सांवारमल डोडवादिया व अन्य की ओर से दायर याचिका पर दिए। याचिका निस्तारित होने के साथ ही फायरमैन की डीपीसी पर 28 जनवरी 2021 के आदेश से लगाई गई हाईकोर्ट की रोक भी हट गई है।

याचिका से जुडे अधिवक्ता एसजे मूथा ने अदालत को बताया कि वरिष्ठता सूची में आए अभ्यर्थी कपिल शर्मा व अन्य ने पदोन्नित के लिए होने वाली डीपीसी पर लगी रोक हटाने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया था। वहीं राज्य सरकार ने कहा कि यह याचिका हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए मेंटेनेबल ही नहीं है और हाईकोर्ट को इसे सुनने का क्षेत्राधिकार नहीं है। अदालत ने राज्य सरकार की आपत्ति के बाद याचिका को निस्तारित कर दिया। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने पूर्व में 25 जून 2019 की वरिष्ठता सूची के आधार पर फायरमैन की पदोन्नित के लिए होने वाली डीपीसी पर जनवरी 2021 में रोक लगा दी थी। इस मामले में प्रार्थियों की ओर से वरिष्ठता सूची को चुनौती दी थी।





आइची-नागोया में एशियन गेम्स की शुरुआत के साथ ही, भारतीय दल को मेरी शुभकामनाएं। हर खिलाड़ी ने बहुत मेहनत की है और ज़बरदस्त लगन और संकल्प दिखाया है। भारत को उन पर गर्व है।

- नरेंद्र मोदी

भारत के प्रधानमंत्री, 2026 में 503 भारतीय एथलीट्स को बधाई देते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## नीरज चोपड़ा

**ओलंपिक** चैंपियन नीरज चोपड़ा ने 2026 एशियाई खेलों में हिस्सा लेने की तैयारी कर रही भारतीय टीम को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर चोपड़ा ने लिखा कि 2026 एशियाई खेलों में टीम इंडिया को मेरी ढेर सारी शुभकामनाएं! मुझे यकीन है कि वे सभी हमें गौरवान्वित करेंगे। एशियाई खेल जापान के नागोया और आइची में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले हैं। भारत कई खेलों में हिस्सा लेने की योजना बना रहा है और खिलाड़ी इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पिछले संस्करणों में देश के प्रदर्शन को और बेहतर बनाने का लक्ष्य रखेंगे।

**क्या आप जानते है :** दिग्गज भारतीय धावक मिल्खा सिंह, बिना किसी शक के भारतीय एथलेटिक्स का सबसे बड़ा नाम हैं, जिन्होंने 1958 के एशियाई खेल में 200 मीटर और 400 मीटर की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

# अजीत अगरकर और बीसीसीआई के रिश्ते में आई दरार, रोहित और लक्ष्मण बने मुख्य कारण

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चल रहा विवाद और 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ बढ़ते मतभेद एकदिवसीय विश्व कप 2027 से पहले सीनियर चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच रिश्ते टूटने की प्रमुख वजह बने। अगरकर के जाने की पटकथा उस समय लगभग लिखी जा चुकी थी, जब इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा के लिए मुंबई में बुलाई गई अहम बैठक से उन्होंने दूरी बना ली। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भले ही उनका बचाव किया, लेकिन बोर्ड के भीतर एक वर्ग का मानना था कि इतनी महत्वपूर्ण बैठक में चयन समिति के अध्यक्ष की मौजूदगी जरूरी थी।अगरकर विश्व कप तक पद पर बने रहने के इच्छुक थे, लेकिन पिछले एक महीने में बीसीसीआई की ओर से लगातार ऐसे संकेत मिल रहे थे कि बोर्ड अब चयन समिति में नए चेहरे की तलाश कर रहा है। आम तौर पर बोर्ड ऐसे चयनकर्ता को इतनी आसानी से नहीं हटाता, जिसकी अगुआई वाली समिति ने पिछले तीन वर्षों में सीमित ओवरों की चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली टीमें चुनी हों और उनमें से तीन में खिताब भी जीते हों। भारत ने इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की।

अगरकर और बीसीसीआई के बीच रिश्तों में असली दरार रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर पैदा हुई। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे शृंखला से ठीक पहले तत्कालीन चयन समिति ने टीम प्रबंधन और बीसीसीआई के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ मिलकर लॉर्ड्स वनडे के बाद रोहित को वनडे टीम से आगे बढ़ने का संकेत देने का फैसला किया था। यह फैसला सामूहिक था और रोहित तक बात पहुंचाने की जिम्मेदारी दक्षिण क्षेत्र के चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा को दी गई, जो रोहित के करीबी मित्रों में माने जाते हैं।




रोहित 2027 वनडे विश्व कप खेलना चाहते हैं और उन्हें यह संदेश पसंद नहीं आया। उन्होंने एक प्रभावशाली बोर्ड पदाधिकारी से बात कर चयन समिति के अध्यक्ष के रवैये पर अपनी नाराजगी जाहिर की। मामला तब और पेचीदा हो गया, जब बीसीसीआई ने लॉर्ड्स वनडे के बाद रोहित के संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए सार्वजनिक बयान जारी कर दिया।

अगरकर के करीबी लोगों के मुताबिक, वह इस घटनाक्रम से आहत और नाराज थे। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि अगरकर को इस बयान की पहले से जानकारी तक नहीं थी। बोर्ड चाहता था कि रोहित के भविष्य पर फैसला लेने में जल्दबाजी नहीं की जाए।

दूसरी ओर, अगरकर का मानना था कि अगर 2027 विश्व कप में यशस्वी जायसवाल को आजमाना है तो उन्हें पर्याप्त वनडे खेलने का मौका देना होगा। रोहित के पक्ष में तर्क यह था कि वह लगभग हर तीसरे वनडे में रन बना रहे थे, जबकि अगरकर के नजरिए से दक्षिण अफ्रीका की परिस्थितियों में उम्रदराज रोहित की निरंतर प्रभावशाली बल्लेबाजी की कोई गारंटी नहीं थी। इस मामले में एक बड़ा सवाल यह भी थाा कि भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार खिलाड़ियों के संन्यास या भविष्य पर अंतिम फैसला वास्तव में किसका होना चाहिए?

अगरकर के लिए यह चयन समिति के अधिकार क्षेत्र का हिस्सा था, जबकि भारतीय क्रिकेट की परंपरा में बड़े सितारों से जुड़े ऐसे फैसलों में बोर्ड प्रशासन की भूमिका हमेशा प्रभावी रही है। अगरकर और लक्ष्मण लंबे समय तक भारतीय टीम में साथ खेल चुके थे, लेकिन बाद में नीतिगत मामलों पर दोनों के बीच मतभेद गहराते गए। खासकर चोटिल खिलाड़ियों के प्रबंधन और भारत ए टीम के कार्यक्रम को लेकर दोनों की राय अलग-अलग थी।

सीओई से जुड़े राज्य टीम के एक पूर्व कोच के अनुसार, ''लक्ष्मण हमेशा सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध टीम को मैदान पर उतारने के पक्षधर रहे हैं। अगरकर को हालांकि यह समझना मुश्किल लगा कि एशियाई खेलों जैसे आयोजन में भारत को अपनी पहली पसंद के खिलाड़ियों के साथ खेलने की जरूरत क्यों है।'' हांग्झोउ एशियाई खेलों के दौरान भारत की कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ ने की थी, क्योंकि मुख्य टीम वनडे विश्व कप में व्यस्त थी। लेकिन इस बार भारत की वनडे टीम में श्रेयस अय्यर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, ईशान किशन और वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी को लेकर भी सवाल उठे।

इनमें से कई खिलाड़ी पहली पसंद की टीम का हिस्सा रहे हैं। भारत ए के कार्यक्रम ने भी दोनों के बीच मतभेद बढ़ाए। पुडुचेरी में 22 सितंबर से दो अक्टूबर तक होने वाले दो भारत ए टेस्ट का कार्यक्रम श्रीनगर में होने वाले ईरानी कप से टकरा रहा था।

इसके अलावा 24 अक्टूबर से 10 नवंबर के बीच न्यूजीलैंड ए के खिलाफ भारत ए के तीन मैचों का कार्यक्रम भारत की टी20 और वनडे शृंखला से भी टकरा रहा था। भारत ए के कार्यक्रम की जिम्मेदारी सीओई के प्रमुख और क्रिकेट संचालन टीम के पास होती है। पहले राहुल द्रविड़ भी इस जिम्मेदारी को संभाल चुके हैं।

चोटिल केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की वापसी को लेकर स्पष्ट समयसीमा नहीं होना भी दोनों पक्षों के बीच चर्चा और असहमति का कारण बना। दूसरी ओर, लक्ष्मण इस बात से भी नाराज बताए गए कि सीओई को उन मामलों के लिए आलोचना झेलनी पड़ रही थी जो पूरी तरह उसके नियंत्रण में नहीं थे। शीर्ष खिलाड़ियों की चोटों की विस्तृत सूची मीडिया में आने के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी भरोसा और कमजोर हुआ।

अगरकर ने ऐसे में जब महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में शामिल नहीं होने का फैसला किया, तब तक रिश्तों में आई दरार काफी गहरी हो चुकी थी। इसके बाद उनका बीसीसीआई से अलग होना महज औपचारिकता भर रह गया।

## एशियन गेम्स का नागोया में आगाज

# मनु भाकर और पवन सेहरावत ने संभाली भारतीय दल की कमान



नागोया (जापान), 19 सितंबर। जापान के आइची-नागोया में 20वें एशियन गेम्स का शनिवार को आधिकारिक रूप से आगाज हो गया। पालोमा मिजुहो स्टेडियम में आयोजित भव्य उद्घाटन समारोह में एशिया के विभिन्न देशों से पहुंचे खिलाड़ी और अधिकारी शामिल हुए। जापान के सम्राट नारुहितो ने खेलों के औपचारिक उद्घाटन की घोषणा की।

उद्घाटन समारोह में भारतीय दल ने पूरे जोश के साथ मार्च किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और स्टार कबड्डी खिलाड़ी पवन सेहरावत हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय दल की अगुआई करते नजर आए। उनके पीछे भारतीय खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ मार्च किया। पवन सेहरावत को अंतिम समय में शॉट पुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर की जगह ध्वजवाहक बनाया गया। तूर को आधिकारिक किट समय पर नहीं मिल पाने के कारण यह बदलाव किया गया।

एशियन गेम्स के कुछ मुकाबले पहले ही शुरू हो चुके हैं, लेकिन शनिवार को आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ खेलों की आधिकारिक शुरुआत हुई। समारोह में पारंपरिक जापानी संगीत और नृत्य के साथ आधुनिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलीं। इसके बाद विभिन्न देशों के दलों ने राष्ट्रों की परेड में हिस्सा लिया।

**तिरंगे के साथ भारतीय दल की खास मौजूदगी:** भारतीय दल की एंट्री उद्घाटन समारोह के प्रमुख आकर्षणों में रही। मनु भाकर और पवन सेहरावत तिरंगा लेकर सबसे आगे रहे। मनु भाकर पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीत चुकी हैं, जबकि पवन सेहरावत 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का हिस्सा रहे थे।

एशियन गेम्स 2026 में भारत के 503 खिलाड़ी 36 खेलों में हिस्सा ले रहे हैं। इनमें 269 पुरुष और 234 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। भारत ने पिछले एशियन गेम्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कुल 107 पदक जीते थे, जिसमें 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल थे। इस बार भी भारतीय दल इसी प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लक्ष्य के साथ प्रतियोगिता में उतरा है।

# महिला क्रिकेट टी20 और हॉकी में आज से उतरेगा भारत

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। 20वें एशियाई खेलों का शनिवार को यहां मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में 'हाई-टेक' उद्घाटन समारोह के साथ आधिकारिक आगाज हुआ जिससे अव्यवस्थित तैयारियों के बाद इस बड़ी खेल प्रतियोगिता की शुरुआत हो गई। दो घंटे तक चले उद्घाटन समारोह में जापान के सम्राट नारुहितो, महारानी मासाको, एशियाई खेलों के अध्यक्ष युवराज अकिशिनो और राजकुमारी किको के साथ एशियाई ओलंपिक परिषद के अध्यक्ष शेख जोआन बिन हमद अल थानी उपस्थित थे। पेरिस ओलंपिक 2024 की दो पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर और कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत खिलाड़ियों की परेड में 501 सदस्यीय भारतीय दल की अगुवाई की। भारत ने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। भारतीय दल ने 28 स्वर्ण सहित कुल 106 पदक जीते थे और पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा था।

**आज के मुकाबले:** 20वें एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में भारत का अभियान रविवार, 20 सितंबर को तेकबॉल, शूटिंग, क्रिकेट, हॉकी, बैडमिंटन और टेबल टेनिस जैसे कई खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के साथ ज़ोर पकड़ेगा। रविवार को भारत का ध्यान कई मेडल इवेंट्स पर होगा, जिसमें क्विंसी जोआकिम डिसूज़ा टेकबॉल में दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने की होड़ में होंगे। भारत महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में भी हिस्सा लेगा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम सुबह 10:30 बजे महिला टी-20 प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफ़ाइनल में बांग्लादेश का सामना करेगी। भारत फ़ाइनल में जगह बनाने और 2022 एशियाई खेलों में जीते गए गोल्ड मेडल को बचाने की अपनी कोशिश जारी रखने की कोशिश करेगा।

भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमें भी रविवार को एशियाई खेलों में अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। टेबल टेनिस में, भारत की महिला और पुरुष टीमें ग्रुप-स्टेज के मैचों में हिस्सा लेंगी। महिला टीम का मुकाबला इंडोनेशिया और सिंगापुर से होगा, जबकि पुरुष टीम इंडोनेशिया और ईरान के खिलाफ खेलेगी। वुशु में, अपर्णा महिलाओं के 52 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ़ 16 में हिस्सा लेंगी, जबकि विक्रांत बालियान पुरुषों के 75 किग्रा वर्ग के राउंड ऑफ़ 16 में मुकाबला करेंगे।

## एशियाई सीनियर वुशु चैंपियनशिप

# भारत करेगा 2028 में मेजबानी, 42 देशों के 500 खिलाड़ी होंगे शामिल



नई दिल्ली, 19 सितंबर। भारत 2028 में पहली बार एशियाई सीनियर वुशु चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा जिसमें पूरे महाद्वीप के 42 देशों के करीब 500 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। आइची-नागोया में आयोजित एशियाई वुशु महासंघ कांग्रेस में इस फैसले को आधिकारिक मंजूरी दी गई। बैठक में भारत की ओर से भारतीय वुशु संघ के प्रतिनिधि के तौर पर सुहेल अहमद ने हिस्सा लिया। एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम में भारतीय वुशु संघ के भूपेंद्र सिंह बाजवा को कांग्रेस के दौरान एशियाई वुशु महासंघ की कार्यकारी समिति का सदस्य नामित किया गया। चैंपियनशिप के 11वें चरण में खिलाड़ियों के अलावा विभिन्न देशों के कोच, निर्णायक, तकनीकी अधिकारी और खेल प्रशासकों के भी शामिल होने की उम्मीद है। बाजवा ने भारत को चैंपियनशिप की मेजबानी मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि यह भारतीय वुशु के लिए गर्व की बात है, लेकिन अब ध्यान एक उच्चस्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर होना चाहिए।

## नाहरगढ़ और आमेर के बीच आज होगा मुकाबला

जयपुर, 19 सितंबर। सितंबर जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आउट ऑफ हैट कैटेगरी में जयपुर जूनियर अंडर-21 टूर्नामेंट का मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला कल, रविवार को 61 कैवेलरी ग्राउंड नं. 2 पर सुबह 10.30 बजे टीम नाहरगढ़ और टीम आमेर के बीच खेला जाएगा।

टीम नाहरगढ़ से रुशिल नरूला, अमान सिंह वारिंग, शिवांश सिंह शक्तावत और यशोवर्धन सिंह मैदान में उतरेंगे। वहीं, टीम आमेर से अविष्का पालीवाल, अखिलीज़ नंदल, भानु सुधीर प्रताप सिंह और अयान अली खेलेंगे।

## एडम ज़म्पा बने 200 विकेट लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर

नई दिल्ली, 19 सितंबर । ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर एडम ज़म्पा 19 सितंबर को हरारे में ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे मैच के दौरान 200 वनडे इंटरनेशनल विकेट लेने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर बन गए। उन्होंने इस उपलब्धि में दिवंगत शेन वॉर्न की बराबरी की; उन्होंने नौ ओवर में 62 रन देकर 2 विकेट लिए और इनोसेंट काइया और क्रेग इरविन को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने 357 रनों के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए सीरीज़ जीत हासिल की। ज़म्पा कुल मिलाकर 200 वनडे विकेट लेने वाले सातवें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ हैं। ग्लेन मैक्ग्राा 249 मैचों में 380 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई वनडे विकेट-टेकरों की सूची में सबसे आगे हैं, जबकि शेन वॉर्न 193 वनडे मैचों में 291 विकेट के साथ सबसे सफल ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर हैं और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर हैं।

## शतरंज ओलंपियाडः डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी की जीत, भारत ने स्पेन को 3-1 से हराया

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। भारतीय पुरुष टीम ने शतरंज ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेन को 3-1 से हराया। विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने पूर्व विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर अलेक्सी शिरोव को मात देकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। गुकेश ने मुकाबले में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और 42 चालों में बाजी अपने नाम कर ली। भारत को शुरुआती बढ़त अर्जुन एरिगैसी ने दिलाई। दूसरे बोर्ड पर सफेद मोहरों से खेलते हुए अर्जुन ने आक्रामक अंदाज में शानदार जीत दर्ज की। वहीं आर. प्रज्ञानानंदा को डेविड एंटोन गुइजारो ने ड्रॉ पर रोक दिया, जबकि निहाल सरीन और जैमे सैंटोस लतासा के बीच मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

## सही साइज की जर्सी के लिए परेशान टीम इंडिया

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम एशियन गेम्स से पहले सही साइज की किट के लिए परेशान है। उसे रविवार तड़के नई दिल्ली से जापान के लिए रवाना होना है। कई खिलाड़ियों को उनकी फिटिंग की जर्सी नहीं मिली है। प्लेयर्स को 2 अलग-अलग जर्सी चाहिए। एक जापान से फ्रैंडली मैच के लिए और दूसरी दूसरी एशियन गेम्स के लिए। इसी कारण यह दिक्कत हुई है।' इस मामले पर आईओए के एक अधिकारी ने कहा- 'ज्यादातर दिक्कतें दूर कर दी गई हैं। कुछ किट बाकी हैं, जिन्हें जल्द टीम तक पहुंचा दिया जाएगा।'

भारत और जापान के रिश्तों के 75 साल पूरे होने पर 22 सितंबर को जापान के सानो शहर में टी-20 क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

## आरसीए अंडर 16 स्टेट चैंपियनशिप के नॉक-आउट मैचों का शेड्यूल

जयपुर, 19 सितम्बर। आरसीए द्वारा अंडर अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप के नॉक आउट मैंचों का आज शेड्यूल जारी किया गया है। जिसमें अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 1 । एक दिन का मैच । जयपुर बनाम बीकानेर । 23-09-2026 । उदयपुर, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 2 । एक दिन का मैच । भरतपुर बनाम श्रीगंगानगर । 23-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 7 । एक दिन का मैच । उदयपुर बनाम टोंक । 24-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 8 । एक दिन का मैच । कोटा बनाम नागौर । 24-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 3 । एक दिन का मैच । धौलपुर बनाम चूरू । 26-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 4 । एक दिन का मैच । भीलवाड़ा बनाम सीकर । 26-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 5 । एक दिन का मैच । जोधपुर बनाम करौली । 27-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - पीक्यू 6 । एक दिन का मैच । अलवर बनाम हनुमानगढ़ । 27-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - क्यूएफ क्यू एफ 1 । एक दिन का मैच । पीक्यू 1 का विजेता बनाम पीक्यू 2 का विजेता । 25-09-2026 उदयपुर। अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - क्यूएफ 4 । एक दिन का मैच । पीक्यू 7 का विजेता बनाम पीक्यू 8 का विजेता । 25-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - क्यूएफ 2 । एक दिन का मैच । पीक्यू 3 का विजेता बनाम पीक्यू 4 का विजेता । 28-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - क्यूएफ 3 । एक दिन का मैच । पीक्यू 5 का विजेता बनाम पीक्यू 6 का विजेता । 28-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - एसएफ1 । एक दिन का मैच । क्यूएफ 1 का विजेता बनाम क्यूएफ 4 । 30-09-2026 उदयपुर। अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - एसएफ2 । एक दिन का मैच । क्यूएफ 2 का विजेता बनाम क्यूएफ 3 30-09-2026, अंडर - 16 स्टेट चैंपियनशिप - केओ एक दिवसीय सेमीफ़ाइनल-1 के विजेता बनाम सेमीफ़ाइनल-2 के विजेता 01-10-2026 उदयपुर।

## एशियाई खेलः टेकबॉल फाइनल की दौड़ से बाहर क्विमसी डिसूजा, अब कांस्य पदक पर नजर

नई दिल्ली, 19 सितम्बर। भारत की क्विम्सी डिसूजा एशियाई खेलों की टेकबॉल महिला एकल सेमीफाइनल स्पर्धा में इंडोनेशिया की सुमाया के खिलाफ जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गई और अब कांस्य पदक के लिये खेलेंगी।

क्विम्सी ने शुरूआती बढत बनाई लेकिन लय कायम नहीं रख पाई और 12-7, 9-12, 7-12 से हार गई। इससे पहले प्रदेश स्तर पर फुटबॉल और 1500 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली मुंबई की इस खिलाड़ी ने ब्राजील के महान फुटबॉलर रोनाल्डिन्हो को इंस्टाग्राम पर अपना कौशल दिखाते हुए देखने के बाद टेकबॉल खेलना शुरू किया। क्विम्सी अब रविवार को कांस्य पदक का प्लेआफ खेलेगी। क्विम्सी ने अपनी लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए बार-बार सटीक स्मैश लगाए। घुमावदार टेबल से उनकी नीची और स्लाइडिंग सर्व ने सुमाया को दबाव में रखा। उन्होंने पहला गेम 12-7 से आसानी से जीत लिया लेकिन दूसरे गेम में कहानी एकदम से बदल गई। यह खेल सेपक टकरा (पांव से वॉलीबॉल खेलने जैसा) से मिलता है और सुमाया सेपक टकरा की खिलाड़ी रही है जिसका उन्हें फायदा मिला। सुमाया ने तेजी दिखाई और क्विम्सी को हर अंक के लिए कड़ी टक्कर दी। उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को रैलियों में उलझाया। एक समय स्कोर 9-9 से बराबरी पर था। इंडोनेशियाई खिलाड़ी के दो शानदार ड्रॉप शॉट्स ने क्विम्सी को दबाव में डाल दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने एक स्मैश शॉट बाहर मार दिया और सुमाया ने मैच को बराबरी पर ला दिया।

## राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन

# डॉ. राजपाल शर्मा अध्यक्ष, शौकत अली मंसूरी महासचिव एवं लक्ष्मीकांत शर्मा कोषाध्यक्ष पद पर पुनः निर्विरोध निर्वाचित

जयपुर, 19 सितम्बर 2026। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकाल 2026-2030 हेतु कार्यकारिणी समिति का निर्वाचन आज जयपुर में निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम एवं नियमों के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। होटल वेस्टा मौर्य पैलेस, अरविंद मार्ग, एम.आई. रोड, जयपुर में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में संघ की कार्यकारिणी समिति के कुल 15 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया संघ द्वारा विधिवत नियुक्त निर्वाचन अधिकारी हेमंत कुमार जाटव, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बल्लभगढ़, भरतपुर (राजस्थान) की देखरेख में संपन्न हुई। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान संबंधित खेल संस्थाओं के अधिकृत पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।

**अधिकृत पर्यवेक्षकों की उपस्थिति:** निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से वी हेमंता रमना, सचिव, हैदराबाद बॉल बैडमिंटन संघ तथा राजस्थान राज्य ओलंपिक संघ की ओर से सुरेंद्र सिंह गुर्जर, महासचिव, राजस्थान राज्य ओलम्पिक संघ अधिकृत पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे।




निर्धारित निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच तथा अन्य आवश्यक निर्वाचन औपचारिकताएं पूर्ण किए जाने के पश्चात् किसी भी पद के लिए एक से अधिक वैध प्रत्याशी नहीं होने के कारण मतदान की आवश्यकता नहीं हुई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा संघ की कार्यकारिणी समिति के सभी 15 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की विधिवत घोषणा की गई।

**नई कार्यकारिणी में 15 पदाधिकारी निर्वाचित:** निर्वाचन में डॉ. राजपाल शर्मा को राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष पद पर पुनः निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार शौकत अली मंसूरी को महासचिव तथा लक्ष्मीकांत शर्मा को कोषाध्यक्ष पद पर पुनः निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

**कार्यकाल 2026-2030 के लिए निर्वाचित नई कार्यकारिणी इस प्रकार है:** अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, झुंझुनू, उपाध्यक्ष संजय जैन, जयपुर, उपाध्यक्ष अमित बोहरा, बाड़मेर, उपाध्यक्ष मोहम्मद इशाक नकवी, टोंक, उपाध्यक्ष भंवरू खान, नागौर, महासचिव शौकत अली मंसूरी, जयपुर, संयुक्त सचिव देवेंद्र कुमार शर्मा, भरतपुर, संयुक्त सचिव देवकीनंदन जोशी, हनुमानगढ़, संयुक्त सचिव अब्दुल अब्बास, जयपुर, संयुक्त सचिव गोपाल सिंह रोत्रवाल, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा, जयपुर, कार्यकारिणी सदस्य विजिता राज, जयपुर, कार्यकारिणी सदस्य अलीशा बेगम, जोधपुर, कार्यकारिणी सदस्य खुशबू सिद्दीकी, जयपुर, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. नेहा धाभाई, जयपुर, निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति द्वारा सर्वसम्मति से डॉ. राजकुमार शर्मा, पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार को राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ का मुख्य संरक्षक तथा स्वामी बाल मुकुंद आचार्य , विधायक, हवामहल विधानसभा, जयपुर को संरक्षक मनोनीत किया गया।

## बांग्लादेश की टीम घोषित

नई दिल्ली, 19 सितंबर । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान नजमुल हुसैन शांतो संभालेंगे।

टीम में तंजिद हसन, शादमान इस्लाम और मोमिनुल हक को शीर्ष क्रम में जगह दी गई है, जबकि कप्तान शांतो के अलावा मुशफिकुर रहीम और लिटन दास मध्यक्रम की जिम्मेदारी संभालेंगे। सौम्य सरकार भी टीम में शामिल हैं। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद को इस टेस्ट मैच के लिए आराम दिया गया है। टीम में मेहदी हसन मिराज और तैजुल इस्लाम के रूप में दो प्रमुख स्पिन विकल्पों के अलावा हसन महमूद, खालिद अहमद, इबादोत हुसैन चौधरी और शोरिफुल इस्लाम को तेज गेंदबाजी विभाग में शामिल किया गया है।

**बांग्लादेश की टीमः** नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तंजिद हसन, शादमान इस्लाम, सौम्य सरकार, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास, तौहीद हृदय, जाकेर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, हसन महमूद, खालिद अहमद, इबादोत हुसैन चौधरी और शोरिफुल इस्लाम।

**रिजर्व खिलाड़ीः** नईम हसन, मुशफिक हसन और इकबाल हुसैन एमोन।

## न्यूजीलैंड ऑलराउंडर रचिन रवींद्र चोटिल

नई दिल्ली, 19 सितंबर । भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगी, जहां उसे पांच टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे की शुरुआत से पहले मेजबान न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र हाल ही में ऑकलैंड में एक प्रमोशनल शूट के दौरान डाइव लगाकर कैच लेने की कोशिश करते समय अपने दाहिने कंधे को चोटिल कर बैठे।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार 18 सितंबर को चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किए गए प्रारंभिक आकलन में गंभीर क्षित की आशंका नहीं जताई गई है, लेकिन रवींद्र की क्रिकेट में वापसी उनके पुनर्वास के पहले कुछ हफ्तों के दौरान उनकी प्रगति पर निर्भर करेगी।

## अनंत व्यास का आकस्मिक निधन

जयपुर, 19 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के पूर्व कार्यकारी सचिव अनंत व्यास, पूर्व अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ टोंक का आज आकस्मिक निधन हो गया।



अनंत व्यास अपने जमाने के एक अच्छे क्रिकेटर होने के साथ-साथ एक बेहद अच्छे इंसान भी थे। राजस्थान क्रिकेट से उनका जुड़ाव और योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उस दौर में किशोर रूंगटा और किशन रूंगटा के समय वे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों से जुड़े रहे। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष, आईपीएल के दौरान ललित मोदी के साथ मीडिया मैनेजर के रूप में भी उन्होंने सराहनीय कार्य किया। एक अच्छे क्रिकेटर, अच्छे एंकर और सबसे बढ़कर अच्छे इंसान का यूँ चले जाना क्रिकेट जगत के लिए बड़ी क्षति है। राजस्थान क्रिकेट से उनका जुड़ाव और योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# केजरीवाल के परिवार को दिल्ली में एस आई आर का नोटिस जारी

## चुनाव आयोग ने कहा कि पिछली एसआईआर में खुद को शामिल नहीं करा पाने के कारण नोटिस दिया गया

■ **आप पार्टी ने चुनाव आयोग से पूछा कि यह कैसे सम्भव है कि तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे अरविन्द केजरीवाल का नाम वोटर लिस्ट से गायब है।**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार के चार सदस्यों को दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्रवाई दिल्ली में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर 2026) अभियान के तहत की गई है। हालांकि, आयोग की ओर से भी इसका जवाब आ गया है।

जिन सदस्यों को नोटिस भेजे गए हैं, उनमें अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, बेटे पुलकित केजरीवाल और पिता गोबिंद राम केजरीवाल व माता गीता देवी शामिल हैं। केजरीवाल नई दिल्ली-40 विधानसभा क्षेत्र के पंजीकृत मतदाता हैं। चुनाव आयोग के दस्तावेजों के अनुसार, केजी मार्ग स्थित पार्ट-51 के 110 मतदाताओं की सूची में केजरीवाल परिवार के सदस्यों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें यह नोटिस जारी किया गया है।

बाद में चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि उन्हें नवंबर में आने वाली अंतिम सूची में शामिल किया जाएगा, क्योंकि नोटिस केवल इसलिए जारी किए गए हैं, क्योंकि वे पिछली एसआईआर सूची में खुद को शामिल नहीं कर पाए थे। अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार का नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाने की प्रक्रिया पर आम आदमी पार्टी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आप ने सोशल मीडिया के जरिए चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा, क्या इस देश में सब कुछ सिर्फ सुप्रीम लॉर्ड को खुश रखने के लिए हो रहा है? चुनाव आयोग, यह कैसे संभव है कि तीन बार दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल और उनके परिवार के सदस्यों के नाम दिल्ली की वोटर लिस्ट से गायब हैं?

निर्वाचन आयोग की इस एसआईआर प्रक्रिया के तहत केवल विपक्ष ही नहीं, बल्कि दिल्ली की मौजूदा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भी नोटिस जारी किया गया था। सीएम रेखा गुप्ता की शालीमार बाग वोटर लिस्ट एंट्री को लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (तार्किक विसंगति) के रूप में चिह्नित किया गया था। हालांकि, जांच और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उनका नाम वैध कर दिया गया है। मुख्यमंत्री का नाम 4 नवंबर 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल रहेगा। वहीं, केजरीवाल और उनके परिवार को नो-मैपिंग श्रेणी में फ्लैग किया गया है।

## रेजीनगर उपचुनाव में ममता के उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया

मुर्शिदाबाद, 19 सितंबर। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले की रेजीनगर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में शनिवार को एक बड़ा और अप्रत्याशित राजनीतिक घटनाक्रम

■ **रबीउल आलम चौधरी ने कहा कि वे पार्टी के नये चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में उतरेंगे।**

सामने आया। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के धड़े ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी ने उम्मीदवारी वापस लेने के अपने ही फैसले से कदम पीछे खींच लिए हैं। शनिवार दोपहर उन्होंने औपचारिक रूप से घोषणा की कि वे अपना नामांकन वापस नहीं ले रहे हैं और पार्टी के नए चुनाव चिह्न के साथ चुनावी समर में उतरेंगे।

# राहुल गांधी ने इंदौर में छात्रों के साथ खुलकर संवाद किया

## 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए करीब 30 हजार युवक आये

■ **राहुल गांधी ने कहा कि व्यवस्था को ऐसे छात्रों की आवश्यकता है जो जिज्ञासा रखें व सवाल पूछें, न कि सवालों से दूर रहने वाले युवाओं की।**

इंदौर, 19 सितंबर। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में छात्रों से शिक्षा, रोजगार, भर्ती परीक्षाओं, पेपर लीक, परीक्षा परिणामों में देरी और निजीकरण जैसे मुद्दों पर संवाद किया। कार्यक्रम का केन्द्रीय विषय 'सिस्टम बनाम स्टूडेंट्स' रहा।

राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मौजूदा व्यवस्था पर कई सवाल उठाए और कहा कि छात्रों में सवाल पूछने, जिज्ञासा रखने और अलग विचारों को समझने की क्षमता होती है। उनके मुताबिक, व्यवस्था को ऐसे ही छात्रों की जरूरत है, न कि सवालों से दूर रहने वाले युवाओं की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा पहुंचे। कांग्रेस की ओर से पहले करीब 1.5 लाख पंजीयन का दावा किया गया था, जबकि कार्यक्रम स्थल पर 20 से 30 हजार युवा पहुंचे।

कार्यक्रम में कई छात्रों ने मंच से अपनी समस्याएं रखीं। कुछ छात्रों ने मध्यप्रदेश में भर्ती परीक्षाओं के परिणामों में देरी, पदों के लंबित रहने और परीक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। एक छात्र ने कहा कि लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण कई युवा आयु सीमा पार कर चुके हैं। नर्सिंग की छात्रा ने पाठ्यक्रम पूरा होने में देरी और परीक्षा परिणामों से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया। वहीं, अन्य छात्रों ने सरकारी नौकरियों में रिक्त पद नहीं भरे जाने, संविदा नियुक्तियों और निजीकरण से जुड़ी चिंताएं राहुल के सामने रखीं।

राहुल गांधी ने कहा कि यदि परीक्षा व्यवस्था पर छात्रों का भरोसा कम होता है तो इसका सीधा असर उनके भविष्य पर पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा में अनियमितता के लिए केवल अभ्यर्थियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, बल्कि व्यवस्था की पारदर्शिता भी सुनिश्चित करनी होगी।

कार्यक्रम के दौरान, राहुल गांधी ने दिल्ली में 6 सितंबर को हुए हॉस्टल हादसे में जान गंवाने वाले देवास निवासी छात्र अर्पित जाज के परिजनों से भी बातचीत की। उन्होंने शिक्षा संस्थानों और हॉस्टल में बेहतर सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत पर जोर दिया। राहुल ने कहा कि छात्रों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षिणक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार तथा संस्थानों की जिम्मेदारी है।

## आरएसएस के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

से कहा गया कि वे ऐसा लिखित वचन देने को तैयार नहीं है। तब शिकायतकर्ता की ओर से कहा गया कि इस मामले पर दलीलें रखने के लिए वरिष्ठ वकील उपलब्ध नहीं हैं। उसके बाद कोर्ट ने 29 सितंबर को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।

## निकाय चुनाव में ...



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिया। उन्होंने लव जिहाद, धर्मांतरण कानून, डिस्टर्ब एरिया बिल, यूसीसी की चर्चा के साथ महत्वपूर्ण संदेश दिया, जिसका सीधा असर चुनाव परिणामों में देखने को मिला।

कांग्रेस ने जातिगत समीकरण और होटल पॉलिटिक्स की रणनीति अपनाई, लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सोशल इंजीनियरिंग और वन स्टेट-वन इलेक्शन की रणनीति के आगे विपक्ष की हर चाल फेल हो गई। कांग्रेस को पार्षदों को होटलों में बंद करना पड़ा, फिर भी पार्षद भागते रहे, जबकि भाजपा ने पहले ही 33 बोर्ड निर्विरोध बनाकर बढ़त ले ली।

## ट्रंप ने रूस से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पिछले साल भारत और अमेरिका के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था, जब ट्रंप ने भारतीय आयात पर रूस से खरीदे गए कच्चे तेल के कारण अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यह 25 प्रतिशत के पारस्परिक (रैसिप्रोकल) टैरिफ के अतिरिक्त था। हालांकि, फरवरी 2026 में अतिरिक्त टैरिफ हटा दिया गया था, जबकि अमेरिका-भारत ट्रेड फ्रेमवर्क के तहत पारस्परिक टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया था। मंत्रालय ने कहा कि हाल के महीनों में रूस के साथ भारत के तेल व्यापार के मुद्दे पर अमेरिका के अलग-अलग अधिकारियों के साथ उच्च स्तर पर चर्चा हुई है। मंत्रालय कहा,"भारतीय पक्ष ने साफ तौर पर बताया है कि इसका न केवल द्विपक्षीय संबंधों पर, बल्कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार पर भी असर पड़ सकता है।

## इंदिरा गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वृद्धि होगी। इससे यात्रियों को उड़ानों में देरी जैसी समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

## कांग्रेस से अलग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

था। इसके बाद डीएमके ने राज्य में कांग्रेस से और राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन से दूरी बना ली तथा पार्टी नेताओं ने संकेत दिया कि वे राष्ट्रीय पार्टी (कांग्रेस) के बिना विकल्प तलाश रहे हैं।

अन्य क्षेत्रीय नेताओं के साथ कांग्रेस के संबंध भी ढुलमुल से हैं। प.बंगाल में 6 अक्टूबर को होने वाले नंदीग्राम और रेजीनगर उपचुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर, ममता बनर्जी के साथ उसके संबंध तनावपूर्ण रहे हैं। हालांकि हाल के घटनाक्रम में चुनाव आयोग से जुड़े विवादों के बीच, उनके गुट ने नंदीग्राम में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन दे दिया है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अधिक एकजुटता वाला रुख बनाए रखा है। उन्होंने चुनावी झटकों के बाद सार्वजनिक रूप से ममता और डीएमके प्रमुख एम.के. स्टालिन का समर्थन किया तथा इस बात पर जोर दिया कि उनकी पार्टी मुश्किल समय में अपने सहयोगियों को नहीं छोड़ती। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठजोड़ में सक्रिय रूप से कांग्रेस के साथ भी बनी हुई है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके द्वारा तीसरे मोर्चे की तलाश के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस-केन्द्रित विपक्ष के बीच के द्विध्रुवीय मुकाबले से परे, एक विकल्प की गुंजाइश बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा सकता है। उन क्षेत्रीय दलों के बीच समन्वय की संभावनाओं को परखकर, जिनके अपने-अपने राज्यों में कांग्रेस के साथ मतभेद रहे हैं, यह पहल 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले राज्य आधारित ताकतों के स्वतंत्र राजनीतिक अस्तित्व एवं आवाज़ को स्थापित करने का प्रयास है, जबकि भाजपा का विरोध यथावत जारी रहेगा।

## कर्नाटक में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होना था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा शराब बंदी से आखिर क्या मिला

■ **सुप्रीम कोर्ट ने शराबबंदी की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए इसके नुकसान गिनाए।**

नई दिल्ली, 19 सितंबर। शराबबंदी की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इस पाबंदी से जुड़ी पांच बड़ी बुराइयों की ओर इशारा किया। इसके साथ ही, अदालत ने पिछले कुछ सालों में गुजरात और अन्य राज्यों में जहरीली शराब से हुई त्रासदियों का भी जिक्र किया।

इनमें राजस्व का नुकसान, शराबबंदी को लागू करने पर होने वाला भारी खर्च, पुलिस में बढ़ ता भ्रष्टाचार, अवैध शराब का धंधा और इसके कारण बढ़ ने वाला ड्रग्स का खतरा शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट ने शराबबंदी से जुड़े पांच नुकसान गिनाते हुए कहा कि, शराब की बिक्री पर रोक लगने से सरकार को मिलने वाले आबकारी शुल्क के रूप में एक बहुत बड़े राजस्व का नुकसान होता है।

पूरे राज्य में कानून को सख्ती से लागू करने, निगरानी रखने और शराब तस्करी को रोकने के लिए सरकारी खजाने पर बहुत बड़ा वित्तीय बोझ पड़ता है। शराबबंदी की आड़ में गैर-कानूनी गतिविधियों को बढ़ ावा मिलता है, जिससे पुलिस और प्रशासन में घूसखोरी व भ्रष्टाचार का दायरा तेजी से फैलता है।

वैध शराब न मिलने के कारण अपराधी और माफिया सक्रिय हो जाते हैं, जिससे नकली, जहरीली और गैर-कानूनी शराब बनाने और बेचने का काला बाजार फलने-फूलने लगता है।

शराब की अनुपलब्धता के कारण लोग नशे के अन्य खतरनाक विकल्पों की तरफ मुड़ जाते हैं, जिससे समाज में ड्रग्स के इस्तेमाल और उससे जुड़ी गंभीर समस्याएं तेजी से बढ़ ने लगती हैं।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908